हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

खेल
## आईपीएल 2024 : रसेल सबसे कम गेंदों पर 200 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने

देश
## भारतीय नवसेना ने मुंबई पुलिस को सौंपे 35 सेमालियाई समुद्री लुटेरे

मूल्य ₹ 2.00
शुक्ल पक्ष हस्त संवत 2080
• औरंगाबाद • सोमवार • 25 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 105 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 66, 820 | ₹77,500 |

## आज का इतिहास

- 1905 : प्रसिद्ध भारतीय राजनेता मिर्जा राशिद अली बेग का जन्म हुआ।
- 1999: भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों के आठ वर्गों को वीजा मामले में छूट देने की घोषणा।

## अवकाश

होली के अवसर पर सोन वर्षा वाणी प्रेस एवं कार्यालय 25 एवं 26 मार्च को बंद रहेगा। अतएव अगला अंक 28 मार्च को प्रकाशित होगा।

* प्रबंधक

## न्यूज बाइट्स

### 12वीं की पढ़ाई के लिए आज से करें रजिस्ट्रेशन

**पटना (नि.सं.)**। बिहार में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के 11 वीं के विद्यार्थी जिस डिग्री कालेज में पढ़ाई कर रहे वहीं से 12वीं की पढ़ाई जारी रखेंगे। परीक्षा समिति की ओर से 24 मार्च यानी आज से नामांकन की सुविधा पोर्टल पर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। पहले यह पोर्टल 21 मार्च से खुलना था। परीक्षा समिति ने कहा है कि अब राज्य के डिग्री कालेजों में 11 वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थी। जो 12 वीं कक्षा में नामांकन लेना चाहते हैं। वो ओएफएसएस के माध्यम से वेबसाइट www.ofssbihar.in पर मात्र अपने कालेज का ही विकल्प भरेंगे, उन्हें किसी अन्य महाविद्यालय में नामांकन की अनुमति नहीं होगी।

### बिहार में होली और गुड फ्राइडे के दिन शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विवाद

**पटना (नि.सं.)**। बिहार में होली के दिन सरकारी शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन और गुड फ्राइडे पर स्कूली विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने इस मामले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से हस्तक्षेप की मांग की है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा 20 मार्च को जारी एक परिपत्र में कहा गया है, 'संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि इससे पहले प्रशिक्षण सत्र में भाग नहीं लेने वाले सभी प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों (पहली से पांचवीं कक्षा तक) को छह-दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में भाग लेना होगा। परिषद 25 से 30 मार्च तक फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) डे ट्रेनिंग करेगी।

### सीबीएसई क्लास 3 और 6 की नई बुक होगी लॉन्च

**पटना(नि.सं.)**। पटना। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से नए सेशन 2024-25 के लिए क्लास 3 और 6 के सिलेबस और टेक्स्टबुक्स में बदलाव किया जाएगा। दरअसल, न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत क्लास 3 और 6 के विद्यार्थियों के टेक्स्ट बुक लांच किए जाएंगे। इसके लिए एनसीईआरटी की ओर से किताबों को तैयार किया जा रहा है और अप्रैल महीने में किताबें लांच की जाएंगी। क्लास 3 के लिए नए पाठ्यक्रम पर आधारित नई एक्टिविटी बुक और टेक्स्ट बुक छात्रों को कला, शारीरिक शिक्षा, व्यावसायिक अध्ययन और 'द वर्ल्ड अराउंड अस' सहित अध्ययन के नए क्षेत्रों से परिचित कराएंगी।

### आगामी एक अप्रैल से देश में अधिक लगेंगे टोल टैक्स

# टॉल टैक्स महंगा, बिहार में 32 टोल प्लाजा

निज संवाददाता | पटना



आगामी एक अप्रैल से देश में अधिक टोल टैक्स लगेंगे। बिहार में भी दो से तीन फीसदी के बीच टोल टैक्स की वृद्धि हुई है। एनएचएआई की ओर से इसका आदेश जारी कर दिया गया है। बढ़ी हुई दर के तहत लोगों को पांच रुपए से लेकर 20 रुपए अधिक देने होंगे। एनएचएआई के परियोजना कार्यान्वयन इकाई के परियोजना निदेशक ने पत्र जारी कर सभी टोल प्लाजा पर आगामी एक अप्रैल से नई दरों से टोल टैक्स की वसूली का निर्देश दिया है। बिहार में 32 टोल प्लाजा हैं। नई दर 31 मार्च की रात 12 बजे से ही लागू हो जाएगी।

वर्तमान में पटना के बख्तियारपुर टोल प्लाजा पर कार, जीप, वैन समेत अन्य छोटे वाहन का टोल टैक्स 130 रुपए है। हल्के व्यावसायिक वाहनों और मिनी बसों का टैक्स 200 रुपए लगता है। बस, ट्रक और छह चक्के वाले 400 रुपए लगता है। इससे अधिक चक्का वाले 605 रुपए टोल टैक्स लगता है। बिहार के नेशनल हाईवे पर प्रमुख टोल प्लाजा में पटना-बख्तियारपुर के अलावा फुलपरास-फारबिसगंज, मोकामा-मुंगेर, पूर्णिया-दालकोला, छपरा-सीवान-गोपालगंज, वाराणसी-औरंगाबाद, भोजपुर-बक्सर, फारबिसगंज-पूर्णिया, रजौली-बख्तियारपुर, गलगलिया-रहमान चौक, खगड़िया-पूर्णिया, कोईलवर-भोजपुर, मुजफ्फरपुर-दरभंगा-पूर्णिया, खगड़िया-पूर्णिया, छपरा-रेवाघाट-मुजफ्फरपुर, मुजफ्फरपुर-सोनबरसा आदि शामिल है। केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश में साफ किया गया है कि टोल प्लाजा पर यातायात का दबाव अधिक हो तब भी गाड़ियों को अधिक देर तक नहीं रोकना है। अविलंब हर वाहन से टैक्स लेकर उसे रवाना कर देना है।

# जदयू ने की 16 उम्मीदवारों की घोषणा, 12 सांसदों को फिर से मौका

निज संवाददाता | पटना



जदयू ने बिहार में लोकसभा की 16 सीटों पर अपने उम्मीदवार तय कर लिए हैं। रविवार को जदयू ने अपने उम्मीदवारों के नामों की लिस्ट जारी की है। जदयू ने अधिकतर सीटों पर अपने जीते हुए सांसदों पर ही वापस दांव खेला है। 11 उम्मीदवार पिछड़े-अतिपिछड़े वर्ग के हैं जबकि 3 सवर्ण प्रत्याशी मैदान में उतारे गए हैं। किशनगंज से मुस्लिम उम्मीदवार उतारे गए हैं।

### जदयू उम्मीदवारों की लिस्ट

झंझारपुर-रामप्रीत मंडल, सुपौल- दिलेश्वर कामत, वाल्मिकी नगर- सुनील कुमार, सीतामढ़ी- देवेश चंद्र ठाकुर, किशनगंज- मुजाहिद आलम, कटिहार- दुलाल चंद गोस्वामी, पूर्णिया- संतोष कुमार, मधेपुरा- दिनेश चंद्र यादव, गोपालगंज- आलोक कुमार सुमन, सीवान- विजया लक्ष्मी देवी, भागलपुर- अजय कुमार मंडल, बांका- गिरिधारी यादव, मुंगेर- राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, नालंदा- कौशलेंद्र कुमार, जहानाबाद- चंदेश्वर प्रसाद, शिवहर.- लवली आनंद

### टिकट वितरण में जदयू का समीकरण

जदयू ने इसबार अपने 12 जीते हुए सांसदों को मैदान में प्रत्याशी बनाकर उतारा है। पार्टी ने अपने पुराने चेहरों पर ही फिर एकबार भरोसा जताया है। वहीं सीवान सीट से उम्मीदवार बदला गया है। विजया लक्ष्मी को जदयू ने सीवान में उम्मीदवार बनाया है। रविवार को मीडिया को संबोधित करते हुए जदयू के वरीय नेताओं ने बताया कि लोकसभा चुनाव में टिकट वितरण के दौरान सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। 16 सीटों में 11 सीट पर पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग के उम्मीदवार को टिकट दिया जा रहा है। जबकि एक सीट पर महादलित तो एक सीट पर मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में उतारे जा रहे हैं। वहीं 3 सीटों पर जदयू ने सवर्ण उम्मीदवार उतारे हैं। बताया गया कि गठबंधन में इस बार कई सीटों की अदला-बदली की गयी है।

बता दें कि लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बिहार की 40 सीटों पर घमासान होना है। जदयू के खाते में 16 तो वहीं भाजपा के पास इसबार 17 सीटें हैं। चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) के पास 6 सीट, उपेंद्र कुशवाहा और जीतनराम मांझी की हम पार्टी को एक-एक सीट मिली है।

## चुनाव आयोग न पकड़े 1.88 करोड़ कैश, 88 लाख कीमत की शराब भी जब्त



**बेंगलुरु (कर्नाटक)(नि.सं.)**। लोकसभा चुनाव की तैयारियां जैसे-जैसे जोर पकड़ रही हैं, चुनाव आयोग की टीम ने मुस्तैदी बढ़ी दी है। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार ऐक्शन लिया जा रहा है। कर्नाटक में पिछले 24 घंटों में 1.88 करोड़ रुपये कैश और 87.19 लाख रुपये की शराब जब्त की गई। बता दें कि कर्नाटक में 28 लोकसभा सीटों पर दो चरणों में 26 अप्रैल और 7 मई को वोट दिए जाएंगे। चुनाव आयोग ने कहा कि स्टेटिक सर्विलांस टीम ने चित्रदुर्ग संसदीय क्षेत्र के हिरियुर और बाकी अन्य स्थानों से 1.44 करोड़ रुपये कैश जब्त किए। चल्लाकेरे में उसी निर्वाचन क्षेत्र में, टीम ने 14,688 लीटर विदेशी जब्त की गई। चुनाव आयोग के अधिकारियों के अनुसार, आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से, उड़नदस्तों, निगरानी टीमों और पुलिस अधिकारियों ने 17.66 करोड़ रुपये कैश, 18.85 लाख रुपये की वस्तुएं, 24.25 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की 7.69 लाख लीटर शराब, 87.04 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया है। इसके अलावा 75 लाख रुपये से अधिक मूल्य की चीजें, 1.27 करोड़ रुपये का सोना, 21.47 लाख रुपये की चांदी और नौ लाख रुपये कीमत का हीरा जब्त किया गया है। 16 मार्च को एमसीसी लागू होने के बाद से चुनाव के मद्देनजर विभिन्न एजेंसियों द्वारा की गई कुल जब्ती 46.45 करोड़ रुपये है।

## बाहर जाने के लिए टिकट की मारामारी शुरू फ्लाइटों का किराया 2 से 5 गुना तक महंगा

- एक अप्रैल से किराया होगा सामान्य

निज संवाददाता | पटना

इस साल 25 और 26 मार्च को होली है। अब लोगों की सब से बड़े समस्या है यहां से जाने की। दूसरे राज्य से लोग भारी संख्या में बिहार होली मनाने आएं है। होली बीतने के बाद 27 मार्च के बाद से लोग जाना शुरू कर देंगे। लेकिन अभी से हीं फ्लाइटों का किराया आसमान छू रहा है। ऐसे तो लगभग सभी जगहों से लोग होली मनाने बिहार आते हैं लेकिन सब से ज्यादा लोग दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और चेन्नई से आते है। लिहाजन लोग इन जगहों पर लौटेंगे भी। इसी लिए इन जगहों पर जाने वाली फ्लाइटों का किराया 2 से 5 गुना तक बढ़ा हुआ है।

इस साल होली 25 और 26 मार्च को मनाया जाएगा। जिसके बाद 28 से 31 मार्च तक फ्लाइटों का किराया आसमान छू रहा है। ये किराया 1 अप्रैल यानी की सोमवार से सामान्य हो जाएगा। एयरलाइंस कंपनियों की माने तो होली के बीतने के बाद 3 से 4 दिन तक ज्यादा पैसेंजरों का फ्लो रहेगा। इसी लिए किराया भी बढ़ा हुआ है। एक अप्रैल से किराया सामान्य हो जाएगा।

## घोटाला करने वाला, जेल से सरकार चलाना चाहता है : अनुराग ठाकुर

एजेंसी | नयी दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आबकारी नीति में घोटाला जैसा शर्मनाक काम करके जेल गया व्यक्ति जेल से सरकार चलाना चाहता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि श्री केजरीवाल में नैतिकता नाम की चीज नहीं है। वह पहले एनजीओ बना कर फिर राजनीति में केवल जेबें भरने आए थे। उन्होंने एक भ्रष्ट सरकार चलायी है और यही कारण है उनके तमाम मंत्री, सांसद और यहां तक की वह स्वयं जेल में हैं। श्री केजरीवाल दिल्ली सरकार की आबकारी नीति में कथित तौर पर गड़बड़ी में धन के लेन देन के आरोप में 28 मार्च तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में हैं। रविवार को उनके सहयोगियों की ओर से उनका एक कथित पत्र जारी किया गया जिसमें उन्होंने दिल्ली में पानी और सीवर की व्यवस्था में सुधार के लिए काम करने को कहा है । श्री ठाकुर ने कहा कि 'आप' प्रमुख पहले भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने की बात करते थे, नैतिकता की बात करते थे पर अनैतिक कार्य में लग गए। उनमें नैतिकता दूर दूर तक नहीं है।

उन्होंने कहा कि आबकारी नीति में घोटाला जैसे शर्मनाक काम कर के जेल गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अब जेल से सरकार चलाना चाहते हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि देश की जनता, उनका असली चेहरा, उनकी भ्रष्ट सोच पहचान चुकी है। वह केवल पैसा कमाने, जेब भरने राजनीति में आए थे। जब एनजीओ बनाकर जेबें भरने से दिल नहीं भरा तो, सरकार में आकर भ्रष्टाचार में लग गए। श्री ठाकुर ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में एक के बाद एक उनकी सरकार के कई मंत्री, सांसद, उप मुख्यमंत्री और खुद मुख्यमंत्री जेल में हैं।

रंगों का त्यौहार होली के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मेन्द्र कुमार
प्रखंड प्रमुख
एवं पूर्व प्रत्याशी
नवीनगर विधानसभा क्षेत्र
प्रखंड-कुटुम्बा, जिला- औरंगाबाद

रंगों का त्यौहार होली के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
सतीश कुमार सिंह
चेयरमैन
भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी
औरंगाबाद
अध्यक्ष, रोटरी क्लब
औरंगाबाद
जिला उपाध्यक्ष
भाजपा, औरंगाबाद

रंगों का त्यौहार होली के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
पिन्टु कुमार 'साहिल'
मुख्य पार्षद
नगर पंचायत - देव (औरंगाबाद)
देव नगर पंचायत क्षेत्र को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

रंगों का त्यौहार होली के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष कु. सिंह
चेयरमैन
डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक, औरंगाबाद
अध्यक्ष
डीलर संघ, औरंगाबाद

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
जुपीटर क्लासेज
अनुमंडल रोड, दाउदनगर (औरंगाबाद)
गौतम कुमार
निदेशक
क्लास VI से XII तक कोचिंग की पढ़ाई
मो. 9576436427

रंगों का त्यौहार होली के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
के.वी.एम. क्लासेज
गया रोड, गोह (औरंगाबाद)
प्रत्येक वर्ष टॉपर्स देने वाले जिले का एकमात्र शिक्षण संस्थान केवीएम क्लासेस : हमारे यहां सैनिक नवोदय सिमुलतला की तैयारी करवाई जाती है।
कुंदन कुमार
संस्थापक
राहुल सिंह
निदेशक

बिहार सरकार
संदेश
मुख्यमंत्री
बिहार
रंग, उमंग, प्रेम और सद्भाव का पर्व होली 26 और 27 मार्च, 2024 को मनाया जायेगा। असत्य, अहंकार और पाखंड पर सत्य के विजय–पर्व के रूप में हजारों वर्षों से 'होली' का त्योहार हम मनाते आये हैं। रंग और अबीर हमारे पारस्परिक प्रेम की अभिव्यक्ति है, इसका प्रयोग किसी की इच्छा के विरुद्ध नहीं किया जाना चाहिए और सतत् इस बात का ध्यान रहना चाहिए कि पर्व मनाते समय ऐसा कुछ नहीं किया जाए जिससे किसी व्यक्ति अथवा समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुँचे।
राज्य के सभी भाईयों एवं बहनों से मेरी यह अपील है कि होली का पर्व मनाते समय सद्भाव एवं भाईचारा हर हाल में कायम रखा जाए।
मेरी शुभकामना है कि यह पर्व बिहार की जनता के लिए सुख, शांति, समृद्धि और परस्पर सौहार्द का नया विहान लाए।
(नीतीश कुमार)
PR. No. 020214 (Home) D. 2023-24

## संक्षिप्त समाचार

### सुल्तानगंज- बीईओ ने शिक्षक पर दर्ज करायी प्राथमिकी

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रेखा भारती ने शनिवार को सुल्तानगंज प्रखंड अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 120 पंचायत भवन इंग्लिश चिचरौंन में बीएलओ के पद पर योगदान नहीं करने वाले शिक्षक फंटुस कुमार पंचायत शिक्षक प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर नवटोलिया सुल्तानगंज के विरुद्ध सुल्तानगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। विदित हो सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ द्वारा 19 मार्च को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को पत्र देकर उक्त शिक्षक के ऊपर प्राथमिक दर्ज करते हुए कृत कार्रवाई से शीघ्र अवगत कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। बीडीओ द्वारा बताया गया है कि जिलाधिकारी के द्वारा बीसी में दिए गए निर्देश के आलोक में बीएलओ के पद पर योगदान नहीं करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश प्राप्त है। थानाध्यक्ष प्रिय रंजन ने बताया कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे कि कार्रवाई की जा रही है।

### मोदी राज में जो घोटाला करेगा उसकी जगह जेल में है- सांसद राधामोहन



**मोतिहारी, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब नीति घोटाला मामले ईडी ने गिरफ्तार किया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद राधामोहन सिंह ने कहा है कि मोदी राज में जो घोटाला करेगा उसकी जगह जेल में हैं। मोदी का नारा था ना खाएंगे और ना खाने देंगे जो आज पुरा होता हुआ नजर आ रहा है। एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सांसद राधामोहन मोहन सिंह ने कहा कि शराब नीति घोटाला के तथ्य सामने आए हैं उससे साफ होता है कि उनकी भागीदारी है। यह कोई विरोधी नहीं बल्कि यह जांच जो हुई है उसके तथ्य बता रहे है। संदेह तब हुआ जब उन्होंने अपना आवास का निर्माण कराया था और इतनी बड़ी धन राशि खर्च की थी। घर में बाथरूम से ले कर अन्य जगहों पर खूब पैसे लगाए थे। तब ही हम लोगों को समझ आ गया था कि इस आदमी के कथनी और करनी में अन्तर है। नारा कुछ लगाता है और करता कुछ है। वैसे लोगों के लिए जेल ही सुरक्षित जगह है। जिसके कथनी और करनी में अन्तर हो। जिनके कोख में भ्रष्टाचार जन्म लेता हो, वैसे लोगों की जेल में ही जगह है।

### बीडीओ ने अधूरे आवास पूर्ण करने का दिया निर्देश

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** प्रखंड में तीन वित्तीय वर्ष के दौरान प्रथम किस्त, कुछ लाभुक द्वारा द्वितीय किस्त लेकर पीएम आवास का निर्माण नहीं किया गया है। अधूरे आवास निर्माण को पूरा करने का निर्देश बीडीओ संजीव कुमार ने दिया है। बीडीओ संजीव कुमार शनिवार को ग्रामीण पर्यवेक्षक और ग्रामीण आवास सहायक के साथ बैठक कर विस्तार से समिक्षा किया।प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2016-17, 2020- 21 व 2021-22 में अपूर्ण आवास को पूरा करने का निर्देश दिया गया है। बीडीओ ने कहा कि अविलंब लाभुक अधूरे आवास को पूर्ण करे,नही तो सर्टिफिकेट केस दर्ज कर राशि को वापस लिया जायेगा। बताया गया कि इस सप्ताह पांच अधूरे आवास को पूरा किया गया। कहते हैं 121 आवास अब तक अधूरे हैं।जिसे पूरा करने को लेकर ग्रामीण आवास सहायक को निर्देशित किया गया है।ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक कादिर आलम ने बताया कि बैठक में दो ग्रामीण सहायक अनुपस्थित थे।

# छपरा से सिकंदराबाद के लिए स्पेशल ट्रेन:30 मार्च और 1 अप्रैल को एक फेरे के लिए चलेगी गाड़ी

## त्योहार में रेल यात्रियों को सुविधा



**छपरा, एजेंसी।** रेलवे ने होली में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 05051-05052 छपरा-सिकन्दराबाद-छपरा होली विशेष गाड़ी का संचालन 30 मार्च शनिवार को छपरा से और 1 अप्रैल सोमवार को सिकन्दराबाद से 01 फेरे के लिए किया जाएगा। जानकारी जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने पत्र जारी करते हुए दी है। इस ट्रेन के संचालन से छपरा सहित पूर्वोत्तर रेलवे के यात्रियों को दक्षिण भारत की यात्रा करने में सहूलियत मिलेगी।

### छपरा से 03.50 बजे प्रस्थान करेगी

05051 छपरा-सिकन्दराबाद होली विशेष गाड़ी 30 मार्च को छपरा से 03.50 बजे प्रस्थान कर सीवान से 04.45 बजे, थावे से 05.25 बजे, तमकुही रोड से 06.02 बजे, पडरौना से 06.37 बजे, कप्तानगंज से 07.25 बजे, गोरखपुर से 08.30 बजे, खलीलाबाद से 09.10 बजे, बस्ती से 09.39 बजे, गोण्डा से 11.05 बजे, ऐषबाग से 13.43 बजे, कानपुर सेन्ट्रल से 15.10 बजे, ऊरई से 16.42 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. से 18.53 बजे, भोपाल से 23.15 बजे, दूसरे दिन इटारसी से 00.55 बजे, नागपुर से 06.45 बजे, बल्हारशाह से 10.05 बजे, सिरपुर कागजनगर से 10.57 बजे, बेल्लमपल्ली से 11.32 बजे, रामगुंडम् से 12.01 बजे तथा काजीपेट से 13.27 बजे छूटकर सिकन्दराबाद 16.35 बजे पहुंचेगी।

### 22 कोच के साथ चलेगी ट्रेन

वापसी यात्रा में 05052 सिकन्दराबाद-छपरा होली विशेष गाड़ी 01 अप्रैल सोमवार को सिकन्दराबाद से 21.00 बजे प्रस्थान कर काजीपेट से 23.00 बजे, दूसरे दिन रामगुंडम् से 00.32 बजे, बेल्लमपल्ली से 01.07 बजे, सिरपुर कागजनगर से 01.32 बजे, बल्हारशाह से 03.20 बजे, नागपुर से 06.35 बजे, इटारसी से 12.00 बजे, भोपाल से 13.50 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. 21.20 बजे, ऊरई से 22.22 बजे, तीसरे दिन कानपुर सेन्ट्रल से 01.30 बजे, ऐषबाग से 02.50 बजे, गोण्डा से 05.45 बजे, बस्ती से 07.20 बजे, खलीलाबाद से 07.52 बजे, गोरखपुर से 09.05 बजे, कप्तानगंज से 10.10 बजे, पडरौना से 10.47 बजे, तमकुही रोड से 11.20 बजे, थावे से 12.10 बजे तथा सीवान से 13.10 बजे छूटकर छपरा 14.20 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एलएसएलआरडी का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 03, वातानुकूलित तृतीय इकोनामी श्रेणी के 14 कोचों सहित कुल 22 कोच होंगे।



## सड़क हादसे में पिता-पुत्री सहित तीन जख्मी, पटना रेफर

**आरा( भोजपुर) एजेंसी।** भोजपुर जिले के आरा-पटना नेशनल हाईवे नगर थाना क्षेत्र के धनुपरा गांव के समीप शनिवार की देर शाम बेलगाम स्कॉर्पियो ने बाइक सवार पिता-पुत्री को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के मदद से दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया है। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों ज़ख्मियों को पटना रेफर कर दिया गया है। ज़ख्मियों में चरपोखरी थाना क्षेत्र के चांदी गांव निवासी स्वर्ग सीताराम सिंह के 47 साल का बेटा मुन्ना कुमार सिंह एवं उनकी 17 साल की बेटी नंदनी कुमारी शामिल है। वही जख्मी मुन्ना सिंह पटना में रहकर पर्सनल सिक्योरिटी गार्ड का काम करते हैं। इधर, जख्मी मुन्ना सिंह ने बताया कि शनिवार की देर शाम पटना से ड्यूटी खत्म कर अपनी बेटी नंदिनी के साथ बाइक से गांव जा रहे थे। जैसे ही धनपुरा गांव के पास पहुंचे तो वैसे ही सामने से आ रही अनियंत्रित स्कॉर्पियो गाड़ी ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों पिता‌पुत्री सड़क किनारे जख्मी हालत में खून से लथपथ होकर गिर गए। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उन्हें इलाज के लिए आरक्षण अस्पताल लाया गया जहां से गंभीर अवस्था में मुन्ना सिंह और उनकी बेटी को पटना रेफर कर दिया गया है। आरा-अरवल मुख मार्ग पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर बंगाल के समीप शनिवार को अज्ञात वाहन ने बाइक सवार एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

## मां-पिता के डर से किशोरी ने खाया जहर

### सहेली के साथ गई थी बाजार, लेट होने पर दुकान से खरीदकर खाई जहरीला पदार्थ

**आरा( भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव में शनिवार को घर पर डांट सुनने के डर से एक किशोरी की जहर खा ली। जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए अरशद और अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार उक्त किशोरी कोईलवर थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव निवासी राजकिशोर पासवान की 17 साल की बेटी चांदनी कुमारी है। किशोरी की मां ने बताया कि शनिवार को उसकी सहेली उसको अपने साथ कोईलवर बाजार लेकर गई थी। जहां पर वह उसे छोड़कर वहां से भाग गई। इसके बाद वह एक ऑटो वाले से कहा कि मुझे मानिकपुर ले चलो। लेकिन ऑटो वाले ने उसे सकड्डी लेकर आ गया। तभी उसने कहा कि मुझे आप यही उतार दीजिए मैं अपने घर चली जाऊंगी।



इसके बाद ऑटो चालक ने उसे सकड्डी में उतार दिया। इसके बाद वह सोचने लगे कि मुझे काफी देर हो गई है और मैं अपने घर गई तो मेरे माता-पिता मुझे डाटेंगे और मारेगें। इसी डर से उसने सकड्डी बाजार पर ही जहरीला पदार्थ खरीद कर खा लिया। जिससे वह बेहोश हो होकर सड़क किनारे गिर गई। इसके बाद जब उसके गांव के एक युवक ने उसे बेहोशी की हालत में सड़क किनारे पड़ा देखा तो उसने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन फौरन वहां पहुंचे और उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। पीड़िता के अपने दो भाई और दो बहन से बड़ी है।

## मुंगेर सीट पर अशोक महतो का बड़ा दावा- बहुत पीछे रह जाएंगे ललन सिंह

**मुंगेर , एजेंसी।** किसी जमाने में बिहार के बाहुबली और डॉन के नाम से मशहूर अशोक महतो ने ललन सिंह की मुंगेर सीट से बड़ा दावा किया है। उन्होने कहा कि इस चुनाव में ललन सिंह बहुत पीछे रह जाएंगे। कोई अता-पता नहीं चलेगा। और वोटों का अंतर 3 लाख से ज्यादा का होगा। क्योंकि जनता हमारे साथ है। दरअसल अशोक महतो की पत्नी को आरजेडी ने अपने सिंबल पर मुंगेर सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। और अब मुंगेर में आरजेडी के टिकट पर अशोक महतो की पत्नी अनीता देवी चुनाव लड़ेंगी। अशोक महतो ने कहा कि हमारे साथ हर जाति, धर्म के लोगों का वोट है। और जीत का मार्जिन कम से कम 3 लाख वोटों का होगा। महतो ने कहा कि ललन सिंह तो वोट खरीद रहे हैं, बहुत पैसा बांट रहे हैं। लेकिन हमारे साथ जनता है। एक रूपया खर्च नहीं कर रहे हैं, जो चंदा आ रहा है। उसी से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं आरजेडी पर टिकट बेचने के आरोप पर अशोक महतो ने कहा कि सबको डर था कि कहीं मुंगेर सीट पर मजबूत प्रत्याशी न आ जाए। और



अब इसीलिए टिकट खरीदने का आरोप लगा रहे हैं। लेकिन टिकट खरीदने के लिए रुपया कहां से आया, ये कोई बताएगा। ये आरोप सिर्फ हमारे नेता को बदनाम करने के लिए लगाए जा रहे हैं। और उनकी छवि को धूमिल किया जा रहा है। वहीं आनंद मोहन की जेल से रिहाई के मामले पर अशोक महतो ने कहा कि जो हमारे साथ हुआ, वैसा किसी के साथ नहीं हुआ। मेरे साथ नाइंसाफी हुई, हमको नहीं छोड़ा गया, जबकि आनंद मोहन को छोड़ दिया गया। जेल में हमारा आचरण उनसे क्या खराब रहा। जब हमारा आचारण सही रहा तो हमको क्यों नहीं छोड़ा गया। जबकि उनको क्यों छोड़ दिया गया। उनके पास पैसा है, और विधायक बेटा है, राजनीतिक परिवार से जुड़े हुए हैं।। उनको राजनीतिक सहयोग मिला है। अशोक महतो ने कहा कि सौभाग्य न सब दिन सोता, देख अब आगे क्या होता है। हम वनवास काटकर आए हैं। वहीं लालू यादव की पार्टी राजद की प्रचंड जीत का दावा करते हुए कहा कि आरजेडी सब सीट जीतेगा, आरजेडी की हवा है और सामाजिक लड़ाई लड़ने वालों को जनता का साथ मिलेगा।

आपको बता दें 62 साल की उम्र में अशोक महतो ने 4 दिन पहले ही अपने से 16 साल छोटी अनीता देवी से शादी रचाई है। और फिर शादी के तीन दिन बाद ही आरजेडी ने मुंगेर से टिकट दे दिया है। इस सियासी शादी की पूरे बिहार में चर्चा हो रही है। दरअसल कानून के मुताबिक दो साल से अधिक की सज़ा पाया व्यक्ति जेल से निकलने के 6 साल तक चुनाव नहीं लड़ सकता। जिसके चलते अशोक महतो चट शादी और फिर पट टिकट हासिल कर लिया है।

## बिहार में गठबंधन से अलग हो सकती है कांग्रेस




**पटना, एजेंसी।** लोकसभा सीटों पर राजद के एकतरफा फैसले ने कांग्रेस और माले को न सिर्फ नाराज कर दिया है, बल्कि दोनों पार्टियां दोस्ताना संघर्ष के विकल्प पर गंभीरता से सोच रही हैं. औरंगाबाद, बेगूसराय, कटिहार, सुपौल कांग्रेस की परंपरागत सीट रही है. यहां से पार्टी के उम्मीदवार चुनाव लड़ते आये हैं. इस बार राजद ने इन सीटों पर अपने उम्मीदवारों को सिंबल पकड़ा दिया है.

### औरंगाबाद सीट भी गयी हाथ से

औरंगाबाद सीट को लेकर यहां के पूर्व सांसद निखिल कुमार ने खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर कर दी है. शनिवार को निखिल कुमार के आवास पर कांग्रेसियों का जुटान हुआ. निखिल कुमार ने कहा कि उन्हें अपनी पार्टी पर भरोसा है कि वह उन्हें औरंगाबाद से उम्मीदवार बनायेगी. कांग्रेस अपने युवा नेता कन्हैया कुमार के लिए भी कोई सीट नहीं निकाल पा रही. बेगूसराय में इस बार राजद ने यह सीट सीपीआइ को दी है. सूत्र बताते हैं कि ऐसी स्थिति में कांग्रेस के भीतर कुछ सीटों पर दोस्ताना संघर्ष या अलग से चुनाव लड़ने की संभावना पर चर्चा हो रही है.

### भाकपा माले को चाहिए पांच सीटें

इसी तरह भाकपा माले ने भी अपनी नाराजगी जता दी है. पार्टी सीवान और कटिहार की सीट पर अपना दावा जता रही है. माले का आरोप है कि दो विधायक वाली सीपीआइ और सीपीएम को एक-एक सीट दी गयी. वहीं 74 विधायकों वाली पार्टी राजद ने अपने लिए 28 सीटें रखी है. 17 विधायकों वाली पार्टी कांग्रेस को सात सीटें मिल रही हैं. इस लिहाज से 11 विधायकों वाले दल भाकपा माले को पांच सीटें मिलनी चाहिए.

### कटिहार सीट पर राजद, कांग्रेस व माले आमने–सामने

पहले चरण वाली चार सीटों पर राजद ने अपने उम्मीदवार उतार दिये हैं. वहीं दूसरे चरण की पांच सीट किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका में सिर्फ एक सीट किशनगंज पर ही कांग्रेस को उम्मीद दिख रही है. कटिहार सीट को लेकर राजद–कांग्रेस और भाकपा माले आमने सामने हैं. कांग्रेस कटिहार चाहती है, तो माले अपने विधायक दल के नेता महबूब आलम को अपना उम्मीदवार उतारना चाहती है. जबकि राजद ने राज्यसभा सदस्य अशफाक करीम को कटिहार से उम्मीदवार बनाने का मन बना लिया है.

### बीमा भारती के आने से पप्पू यादव का गणित गड़बड़ाया

अब पूर्णिया सीट पर कांग्रेस के पप्पू यादव की दावेदारी को लेकर संशय पैदा हो गया है क्योंकि जदयू से राजद में आयीं बीमा भारती को यहां से उतारने की चर्चा चल रही है. भागलपुर की सीट को लेकर भी राजद और कांग्रेस के बीच विवाद पैदा हो सकता है. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजित शर्मा ने कहा है कि यदि मौका मिला तो भागलपुर की सीट से उनकी बेटी नेहा शर्मा उम्मीदवार हो सकती हैं. उधर, सुपौल सीट पर राजद ने सिंघेश्वर से पार्टी विधायक चंद्रहास चौपाल को सिंबल दे दिया है.

## मिथिला पेंटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम में 100 बच्चों ने लिया भाग

### मधुबनी में 7 दिनों का है ये आयोजन, बच्चों को पेंटिंग की कला सिखाई गई

**मधुबनी, एजेंसी।** मधुबनी जिला के बाहुबरही प्रखंड के खोजपुर गांव में नव निर्माण समिति के द्वारा सात दिनों का निःशुलक मधुबनी मिथिला पेंटिंग वर्कशॉप प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पेंटिंग वर्कशॉप कार्यक्रम ने मिथिला पेंटिंग सीखने के लिए करीब 100 से ऊपर बच्चे और महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों को मिथिला पेंटिंग का प्रशिक्षण देने आए शिक्षक विनीत झा ने बताया कि मधुबनी मिथिला पेंटिंग इस गांव के लोगो से कोसो दूर है, इस दूरी को कम करने का काम नव निर्माण समिति के सदस्यों ने गांव में निशुल्क मधुबनी मिथिला पेंटिंग वर्कशॉप प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस वर्कशॉप में प्रशिक्षण लेने बच्चे से लेकर गृहिणी महिलाएं जो मिथिला पेंटिंग सीखना चाहती है,सभी ने वर्कशॉप प्रशिक्षण में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। शनिवार को इस कार्यक्रम के आखिरी मिथिला पेंटिंग प्रशिक्षण ले रहे बच्चे और महिलाओं के बीच पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित शिवम पासवान



मुख्य अतिथि के रूप में खोजपुर गांव पहुंचे बच्चे और महिलाओं को मधुबनी मिथिला पेंटिंग को लेकर प्रोत्साहित किया। साथ ही नव निर्वाण समिति ने मधुबनी मिथिला पेंटिंग वर्कशॉप प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सराहना की। सात दिनों के प्रशिक्षण में जो भी बच्चे और महिलाओं ने मिथिला पेंटिंग वर्कशॉप प्रशिक्षण में जो सिखा,उसी प्रशिक्षण को लेकर मुख्य अतिथि शिवन पासवान ने बच्चों के द्वारा किए गए मिथिला पेंटिंग को सेलेक्ट कर फर्स्ट प्राइज सेकंड प्राइज और थर्ड प्राइज दिया वही मुख्य अतिथि शिवन पासवान ने सभी बच्चों को मिथिला पेंटिंग सीखने के लिए प्रोत्साहित किया।

## बंद घर से 13 लाख की चोरी, अलमारी का लॉकर तोड़ 10 लाख के जेवरात ले गए चोर



### होली का त्योहार मनाने खगड़िया गया था परिवार

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में बेखौफ चोरों ने बंद घर में घुसकर 10 लाख की भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया है। गहस्वामी घर के मेन गेट को लॉक कर सपरिवार होली का त्योहार मनाने अपने पैतृक गांव खगड़िया गया था। इसी का फायदा उठाकर शातिर चोर घर में घुसे और फिर चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया। चोर अलमीरे का लॉकर तोड़ 12 भरी सोना और 13 भरी चांदी के जेवरात समेत चांदी के कई अन्य सामान अपने साथ ले गए।

वहीं, चोरी की इस वारदात की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। घटना के.हाट थाना क्षेत्र के रिमांड होम रोड स्थित महाराजी हाता की है। पीड़ित गृहस्वामी की पहचान खगड़िया जिले के भरतखंड ओपी के खजरैठा गांव निवासी मंटू राय के रूप में हुई है। जो बाद में पूर्णिया के महाराजी हाता में आ बसे। घटना की जानकारी देते हुए गृह स्वामी मंटू राय ने बताया कि वे लोग होली को लेकर शुक्रवार को सपरिवार अपने पैतृक गांव खगड़िया जिले के भरतखंड ओपी में आने वाले खजरैठा गांव चले गए थे। पूर्णिया स्थित महाराजी हाता के बगल में ही उनकी बहन का घर है। अगले दिन शनिवार सुबह जब उनकी बहन जब उनके घर पहुंची तो देखा कि बाहर के गेट का ताला टूटा हुआ है। घर में चोरी होने की उन्हें और आसपास के लोगों को फोन कर दी। चोरी की जानकारी मिलने के बाद वे लोग दौड़े भागे अपनी निजी कार से पूर्णिया स्थित अपने घर पहुंचे। यहां देखा कि कमरे का सभी सामान बिखरा पड़ा है। कमरे में अंदर जाते ही उन्होंने देखा कि अलमीरे का लॉक टूटा है। लॉकर में रखा गया ज्वेलरी का बॉक्स घर में इधर उधर फेंका हुआ है। जिससे ज्वेलरी गायब है। चोरी हुए जेवरातों में करीब 13 भरी सोने के जेवर और चांदी के 12 भरी जेवर समेत चांदी की मछ्ली, सुपारी और बर्तन शामिल हैं। जिसकी कीमत करीब 10 लाख रुपए है। चोरी की वारदात के बाद उन्होंने स्थानीय पुलिस को कॉल कर घटना की सूचना दी। गृहस्वामी ने कहा चोर बाउंड्री वॉल के गेट का ताला तोड़कर गेट को अंदर से बंद कर दिया। इसके बाद घर के मेन गेट पर लगे ताले का लॉक तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया। वहीं, चोरी की वारदात की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और उनके घर का जायजा लिया। गृहस्वामी ने बताया कि चोरी की घटना के संबंध में शनिवार रात थाना में आवेदन दिया गया है। मामले को लेकर थानाध्यक्ष कौशल कुमार ने बताया कि चोरी होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची थी और मामले की जांच पड़ताल की है। गृह स्वामी के आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बेहद जल्द चोरी की गुत्थी सुलझा ली जाएगी। शातिर चोर सलाखों के पीछे होंगे।

## देसी कट्टा के साथ 5 फरार बदमाश गिरफ्तार, लोकसभा चुनाव को लेकर अलर्ट पुलिस

**मोतिहारी, एजेंसी।** लोक सभा चुनाव को देखते हुए जिले में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी दौरान एसपी कांतेश मिश्रा के निर्देश पर पकड़ीदयाल एसडीपीओ सुबोध कुमार के नेतृत्व में राजेपुर थाना क्षेत्र में पांच फरार अभियुक्तों को छापेमारी कर गिरफ्तारी की है। एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि राजेपुर पुलिस के द्वारा सिधवलिया में बेतामिला वारंटी उमेश प्रसाद के घर पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया। जब उमेश की तलाशी ली गई तो उसके पास से एक देसी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। उसके बाद राजेपुर थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने दहेज हत्या मामले में फरार चल रहे इसमैला से घोष सहनी, मधनिषेध



मामले में प्रभु जायसवाल तथा बीस लीटर देशी शराब जप्त मामले में महम्मदपुर मझौलिया से धीरज कुमार एवं लक्ष्मण चौधरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार पांचों अभियुक्तों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। छापेमारी दल में एसडीपीओ सुबोध कुमार के अलावा राजेपुर थानाध्यक्ष संदीप कुमार, पुअनि मनीष कुमार, श्याम बिहारी सिंह एवं पुलिस बल तैनात थे।

रंगों का त्योहार होली के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
Sudha
रोहतास डेयरी प्रोजेक्ट
डिहरी ऑन सोन (रोहतास)
अमित आनंद
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी

## बाइक सवार अपराधियों ने युवक पर की फायरिंग, घायल

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)**। रोहतास के शिवसागर थाना क्षेत्र के कोनार गांव में रविवार शाम बाइक सवार अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। गोली लगने के कारण घायल युवक को सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर ले जाया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल युवक की पहचान कोनार गांव के लक्ष्मीकांत पांडेय के बेटे संजीत पांडेय (30) के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि कोनार गांव के सड़क से संजीत जा रहा था, इसी क्रम में अचानक बाइक पर सवार दो युवक आए और उसपर फायरिंग कर फरार हो गए। गोलीबारी की घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर जुटे परिजन घायल को सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर ले गए हैं, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## होली को ले बनाया गया नियंत्रण कक्ष, 24 घंटे रहेगा चालू

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)**। रंगों का त्योहार होली पर्व को लेकर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय में नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। डीपीआरओ ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। यह 24 मार्च से लेकर 28 मार्च तक 24 घंटे चालू रहेगा। कार्यालय से संपर्क करने के लिए दूरभाष संख्या-06184-226072, 226093 जारी किया गया है। जिला नियंत्रण कक्ष के प्रभारी पदाधिकारी के रूप में राजेन्द्र कुमार पाठक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) को नामित किया गया है। उनसे संपर्क करने के लिए नंबर 9835271271 भी जारी किया गया है।

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
इरफान
आवास सहायक
ग्राम पंचायत - चेव
प्रखंड- रफीगंज, जिला- औरंगाबाद

रंगों का त्योहार होली के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

कौशल कुमार सिंह
उर्फ पिंटु सिंह
नगर अध्यक्ष, भाजपा
जिला- औरंगाबाद

रंगों का त्योहार होली के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
अशोक कुमार
प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी
प्रखंड- गोह
जिला- औरंगाबाद

रंगों का त्योहार होली के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
उमेश कुमार यादव
पैक्स अध्यक्ष
पैक्स- चौबड़ा
प्रखंड- रफीगंज, जिला- औरंगाबाद

रंगों का त्योहार होली के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद कुमार वर्मा
प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी
प्रखंड- मदनपुर
जिला- औरंगाबाद

रंगों का त्योहार होली के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

विजेन्द्र कुमार यादव
पैक्स अध्यक्ष सह मुखिया
दुलारे, प्रखंड- देव
जिला - औरंगाबाद

BANGUR CEMENT
रंगों के महापर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
Let's Pledge to Build Smart...
Our Products
BANGUR JUNGRODHAK
BANGUR POWERMAX
BANGUR ROCKSTRONG
BANGUR MAGNA
श्री सीमेंट लिमिटेड, औरंगाबाद
बियाडा इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर, जसोइया मोड़, औरंगाबाद (बिहार)

रंगों का त्योहार होली के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
रजनीश कुमार सिंह
प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी
प्रखंड- मदनपुर
जिला- औरंगाबाद

रंगों का त्योहार होली के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
मो0 अकबर हुसैन
अंचल अधिकारी
अंचल - मदनपुर
जिला- औरंगाबाद

रंगों का त्योहार होली के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश कुमार
कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा)
काराकाट प्रखंड कैम्प- गोड़ारी
जिला- रोहतास (बिहार)

सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज
औरंगाबाद, बिहार
NAAC से मान्यता प्राप्त 'B' ग्रेड (CGPA 2.23)
एचआरडी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मॉडल कॉलेज में अपग्रेड | मगध विश्विद्यालय, बोधगया की अंगीभूत इकाई
छात्रों-अभिभावकों, शिक्षकों एवं कर्मियों को रंगों के महापर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
COURSES
UG Courses (B.A. / B.Sc. / B.Com)
Vocational UG Courses (BCA / BBM / B.Sc. Biotech / B.Sc. IT / BLIS / BASP)
Professional Courses (B. Pharmacy / B.Ed.)
PG Courses (M.A. / M.Sc. / M.Com)
Vocational PG Courses (MBA / MCA)

सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज, जिसे एस. सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद के नाम से जाना जाता है, की स्थापना वर्ष 1943 में एक स्थानीय गणमान्य एवं प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता **श्री अखौरी कृष्ण प्रकाश सिन्हा उर्फ त्रिपुरारी बाबू** ने अपने मित्रों डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा और डॉ. अनुग्रह नारायण सिन्हा के नैतिक समर्थन से की थी। इस कॉलेज का नाम पटना विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति **डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा** के नाम पर रखा गया था, जिन्होंने 1944 में छोटे से उप-विभागीय शहर 'औरंगाबाद' में इस कॉलेज को सम्बद्धता प्रदान की थी। उस वक़्त औरंगाबाद समेत आस पास के जिलों में ऐसे किसी कॉलेज का कोई अस्तित्व नहीं था जहां उच्च शिक्षा ग्रहण की जा सके। यह कॉलेज शहर के मुख्य बाजार से 3 किलो मीटर की दूरी पर स्थित है, इसके विशाल परिसर में हरे-भरे पेड़ों से फैली हरियाली राहगीरों का ध्यान आकर्षित करती है। सिन्हा कॉलेज का क्षेत्रफल 20 एकड़ से अधिक है। यह मगध विश्वविद्यालय, बोधगया (बिहार) के अंतर्गत सबसे पुराना कॉलेज है, जो वर्ष 1974 में इस विश्वविद्यालय की घटक इकाई में परिवर्तित हो गया। **यह कॉलेज प्रमुख 16 विषयों में ऑनर्स डिग्री, 14 पीजी डिग्री तथा 10 वोकेशनल डिग्री स्तर तक शिक्षण प्रदान करता है।** वर्तमान में इसके प्राचार्य शिक्षाविद डॉ. सुधीर कुमार मिश्र हैं जो सिन्हा कॉलेज को राष्ट्रीय फलक पर शिक्षा का अलख जगाने वाले मंदिर के रूप में स्थापित करने हेतु सतत प्रयत्नशील हैं।

डॉ. सुधीर कुमार मिश्र
(M.Sc. गोल्ड मेडलिस्ट, Ph.D, D.Sc.)
प्राचार्य
सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद
www.ssinhacollege.co.in +91-6186-223133 principal@ssinhacollege.co.in

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# आखिर इंसाफ हुआ

एनकाउंटर स्पेशलिस्ट और पूर्व पुलिस इंस्पेक्टर प्रदीप शर्मा सहित 14 व्यक्तियों को फर्जी मुठभेड़ के एक मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने आजीवन कैद की सजा सुनाई है। यह सजा न केवल उतार-चढ़ाव और नाटकीय घटनाक्रम से भरे इस खास मामले के तार्किक परिणति तक पहुचंने का अहसास कराती है बल्कि इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि महाराष्ट्र में फर्जी मुठभेड़ के मामले में किसी पुलिस ऑफिसर को दोषी ठहराए जाने का यह पहला मौका है। महाराष्ट्र, खासकर मुंबई में अस्सी के दशक के मध्य से लेकर 2000 के दशक के मध्य तक कथित अपराधियों के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने की घटनाएं काफी बढ़ गई थीं। उस दौरान मुंबई पुलिस फोर्स में ऐसे कुछ अफसर उभरे थे, जो इस काम में उस्ताद माने जाने लगे। उन्हें एनकाउंटर स्पेशलिस्ट और एनकाउंटर किंग जैसे खिताब दिए जाते थे। हालांकि तब भी ऐसे आरोप आम थे कि सारे एनकाउंटर सही नहीं होते। कुछ फेक एनकाउंटर भी किए जा रहे हैं। प्रदीप शर्मा का नाम भी ऐसे ही ऑफिसरों में लिया जाता रहा है। खुद प्रदीप शर्मा 25 साल के अपने करियर में 112 अपराधियों को मारने का दावा करते रहे हैं। यह अलग बात है कि मुठभेड़ में मारे जाने वाले इन कथित अपराधियों को अदालत में अपना पक्ष रखने का कोई मौका नहीं मिला। इन एनकाउंटर स्पेशलिस्ट अफसरों के चलते कहीं न कहीं पुलिस फोर्स के अंदर और बाहर यह भाव कमजोर पड़ रहा था कि पुलिस का काम अपराधियों को सजा देना नहीं, उसे पकड़कर कानून के सुपुर्द करना है। ऐसे कथित एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के प्रति समाज या पुलिस फोर्स के एक हिस्से में उपजी सहानुभूति जांच प्रक्रिया को कैसे प्रभावित कर सकती है, इसके संकेत इस खास केस में भी मिलते हैं। 2006 के इस एनकाउंटर केस में छोटा राजन गैंग के कथित सदस्य लखन भैया के साथ ही पुलिस ने उसके दोस्त अनिल भेदा को भी उठाया था। भेदा उस एनकाउंटर मामले का अहम गवाह था, जिसे चार्जशीट फाइल होने के बाद रहस्यमय ढंग पहले गायब किया गया और फिर मार डाला गया। लेकिन उस मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया। अदालत ने अपने फैसले में इसे शर्मनाक और न्याय का मजाक बताया। यह सच है कि फेक एनकाउंटर के इस मामले में फैसला आते-आते काफी देर हुई, यह भी कि ऐसे कई मामलों में शिकायतें अभी भी फाइलों की धूल फांक रही हैं, बावजूद इसके यह फैसला इस विश्वास को मजबूती देता है कि सिस्टम को अपनी जेब में समझने वाले देर-सबेर इसकी जद में आते हैं।

## नकल माफिया पर शिकंजा और परीक्षा प्रणाली को भरोसेमंद बनाने का संकल्प

प्रतियोगी परीक्षाओं के पर्चों का केंद्रों पर पहुंचने से पहले ही बाहर आ जाना जैसे आम बात हो गई है। हर घटना के बाद सरकारें नकल माफिया पर शिकंजा कसने और परीक्षा प्रणाली को भरोसेमंद बनाने का संकल्प दोहराती हैं, मगर अगली ही किसी परीक्षा में फिर पर्चे बाहर हो जाते हैं। पिछले महीने उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा का पर्चा फूटा था। नतीजतन, परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी। अब बिहार लोक सेवा आयोग की शिक्षक भर्ती परीक्षा के पर्चे परीक्षा से एक दिन पहले ही बाहर आ गए और नकल माफिया दस लाख रुपए लेकर विद्यार्थियों को उनके उत्तर उपलब्ध कराने लगा था ।बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा को दो दिन पहले ही जानकारी मिल गई थी कि शिक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र हल करके बांटे जा रहे हैं। परीक्षा के बाद जब पकड़े गए और परीक्षा के प्रश्नपत्रों का मिलान किया गया, तो जाहिर हो गया कि पर्चा पहले ही फूट गया था। अब इसे लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। बिहार लोक सेवा आयोग ने भरसक यह साबित करने की कोशिश की कि शिक्षक भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र बाहर नहीं आया, मगर आखिरकार यह साबित करने में नाकाम रहा ।बिहार में कई वर्ष से शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया रुकी हुई थी। जब उसे भरने का काम शुरू हुआ और दो चरण की परीक्षाओं में हजारों विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें नियुक्ति पत्र दे दिए गए तो इसे लेकर युवाओं में उत्साह बना। इस बीच नकल माफिया भी सक्रिय हो गया।

# सरकार बनाने में महिला मतदाताओं की होगी अहम भूमिका

(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा )

*2004 के चुनावों में 22 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा और 26 प्रतिशत पुरुषों ने कांग्रेस को वोट दिया था वहीं 2019 के चुनाव आते आते इसमें जबरदस्त बदलाव देखने को मिला। 2019 के चुनावों में महिलाओं द्वारा मोदी में विश्वास व्यक्त करने का आंकड़ा 36 प्रतिशत पहुंच गया। यानी कि 2019 के चुनावों में 36 फीसदी महिलाओं ने भाजपा को वोट दिया।*

सबसे अच्छी बात यह है कि गॉव हो या शहर महिलाएं अब घर की चार दीवारी में कैद रहने वाली या पुरुष के कहे अनुसार मतदान करने वाली नहीं रही है। पुरुषों के हां में हां मिलाने वाली स्थिति से बहुत बाहर आ चुकी है आज देश की महिलाएं। विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में 18 वीं लोकसभा के चुनाव का विगुल बज गया है। मुख्य चुनव आयुक्त राजीव कुमार ने 18 वीं लोकसभा के लिए सात चरणों में मतदान का कार्यक्रम जारी कर दिया हैं वहीं 4 जून को मतगणना की तारीख तय की गई है। सीधी सी बात है कि 4 जून को दोपहर बाद तक 18 वीं लोकसभा की तस्वीर साफ हो जाएगी। खैर यह सब अलग बात है पर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत दो चुनावों ने देश की महिला वोटरों ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मजे की बात यह भी है कि 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मुखर होकर मतदान किया है। अब तो यह माना जाने लगा है कि देश के एक दर्जन के करीब राज्यों में महिलाओं के वोट ही नई सरकार के गठन में बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं। तस्वीर का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि मतदान ही नहीं चुनावों में सक्रियता से हिस्सा लेने और चुनावों में उम्मीद्वारी जताने में भी महिलाएं आगे आई हैं। देश के पहले और दूसरे लोकसभा के आमचुनावों में जहां 22 महिला सांसद चुन कर आई थी वहीं गत 2019 के आमचुनाव में 78 महिला सांसद चुन कर आई। हांलाकि आधी आबादी को मुख्य धारा में लाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नए नए सब्जबाग दिखाने के बावजूद टिकट वितरण के समय महिलाओं की हिस्सेदारी कम ही रह जाती है। अनुभव तो यही बताता है कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा आधी तो दूर की बात एक तिहाई सीटों पर भी महिलाओं को टिकट नहीं दिए जाते है। खैर सबसे अच्छी बात यह है कि गॉव हो या शहर महिलाएं अब घर की चार दीवारी में कैद रहने वाली या पुरुष के कहे अनुसार मतदान करने वाली नहीं रही है। पुरुषों के हां में हां मिलाने वाली स्थिति से बहुत बाहर आ चुकी है आज देश की महिलाएं। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में महिलाएं सक्रियता से हिस्सा लेने लगी हैं। चुनावों में उम्मीद्वारी भी जताती है तो चुनाव केंपेन के दौरान अपनी उपस्थिति भी दर्ज कराती है। दूसरी और मतदान में आगे आकर हिस्सा लेने लगी है। पिछले चुनावों के आंकड़ों से यह सब साफ हो चुका है। इस साल देश में 96 करोड़ 88 लाख मतदाता है तो इनमें से महिला मतदाताओं की संख्या 47 करोड़ 15 लाख के करीब है। एक मोटे अनुमान के अनुसार पुरुषों की तुलना में करीब दो करोड़ महिला मतदाता कम है। कमोबेस यही स्थिति 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान थी। इस सबके बावजूद पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं के मतदान का आंकड़ा अधिक है। 2019 के चुनावों में पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 67.02 प्रतिशत रहा तो महिलाओं के मतदान का प्रतिशत 67.18 प्रतिशत रहा। पूर्वोत्तर, हिमाचल, गोवा, बिहार सहित बहुत से प्रदेशों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा। यह तो रही मतदान की बात तो दूसरी और नई सरकार बनाने में भी महिला मतदाताओं की अधिक भूमिका रही है। देखा जाए तो महिलाओं ने जिस दल पर अधिक भरोसा जताया या यों कहे कि जिस दल को अधिक मत दिए उसी दल की सरकार बनी। मजे की बात यह है कि 2014 में मोदी सरकार बनने और 2019 में रीपिट होने का प्रमुख कारण भी महिलाओं को भाजपा और खासतौर से नरेन्द्र मोदी पर अधिक भरोसा जताने को जाता है। 2004 के चुनावों में 22 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा और 26 प्रतिशत पुरुषों ने कांग्रेस को वोट दिया था वहीं 2019 के चुनाव आते आते इसमें जबरदस्त बदलाव देखने को मिला। 2019 के चुनावों में महिलाओं द्वारा मोदी में विश्वास व्यक्त करने का आंकड़ा 36 प्रतिशत पहुंच गया। यानी कि 2019 के चुनावों में 36 फीसदी महिलाओं ने भाजपा को वोट दिया। महिलाओं के अधिक मतदान का ही परिणाम रहा कि 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा और नरेन्द्र मोदी को जबरदस्त मेजोरिटी प्राप्त हुई। विगत दो लोकसभा चुनाव परिणामों से सबक लेते हुए अब सभी राजनीतिक दल महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के हर संभव प्रयास में जुट गए हैं। यही कारण है कि महिलाओं को लुभाने वाली योजनाएं और कार्यक्रम ना केवल घोषित किये जा रहे हैं अपितु राजनीतिक दलों के आने वाले चुनाव घोषणा पत्रों में महिला मतदाताओं को लुभाने के हर संभव प्रयास होंगे। क्योंकि एक बात साफ हो चुकी है कि आज की महिला स्वयं निर्णय लेने में सक्षम है और उसको दबाव या अन्य तरीके से प्रभावित नहीं किया जा सकता। कम से कम विगत चुनावों के परिणाम तो इसी और इंगित कर रहे हैं। खास तौर से आने वाले दिनों में चुनाव केंपेन महिला केंद्रीत हो तो इससे इंकार नहीं किया जा सकता। देश की विभिन्न प्रदेशों की विधान सभाओं के चुनावों में हम यह साफ रुप से देख चुके हैं। केन्द्र सरकार की उज्ज्वला योजना, मध्यप्रदेश की लाडली योजना, लखपति लाड़ली योजना, महिला मुखिया को नकद राशि और मुफ्त बस यात्रा ने कांग्रेस को कर्नाटक और तेलंगाना में देखा जा चुका है। आप महिला सम्मान योजना के माध्यम से महिलाओं को लुभाने का प्रयास कर रही है। लगभग सभी राजनीतिक दल इस दिशा में आगे आ रहे हैं और आने वाले दिनों में यह और अधिक स्पष्ट हो जाएगा। खैर यह अलग बात है, पर यह साफ हो चुका है कि देश के लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाने जा रही है। अब महिला मतदाताओं को कमतर नहीं आंका जा सकता। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी इसे शुभ संकेत माना जा सकता है। पर अब यह साफ हो जाना चाहिए कि चुनावों के दौरान आने वाले दिनों में महिलाओं की और सभी राजनीतिक दलों की नजर रहेगी और महिलाओं को मतदान के लिए अपने पक्ष में करने के हर संभव प्रयास होंगे। इसे देश और लोकतंत्र दोनों के लिए ही सकारात्मक प्रयास कहा जा सकता है तो दूसरी और दुनिया के देशों के लिए भी भारत की महिलाएं एक मिसाल बन कर सामने आ रही हैं। इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए कि आने वाले चुनावों में राजनीतिक दलों की निगाहें महिला मतदाताओं की और ही रहेगी।

# उत्तर प्रदेश की राजनीति में 'फरसा' फिर से तैयार है

(डॉ. ऋतु दुबे तिवारी)

देखा जाए तो मंडल कमीशन के बाद से यूपी में दलित-ओबीसी राजनीति ने जोर पकड़ा और उसके बाद से अब तक कोई ब्राह्मण सीएम नहीं बन पाया लेकिन मतदाता के तौर पर इस जाति ने 90 के दशक के दौरान शुरुआती झटकों से उबरते हुए पुराना रसूख फिर से हासिल कर लिया है। उत्तर प्रदेश को देश की राजनीति का केंद्र बिंदु माना जाता है। यहाँ की सियासत का सीधा असर केंद्र में देखने को मिलता है। गौरतलाब बात ये है कि देश को प्रभावित करने वाली उत्तर प्रदेश कि राजनीति में में ब्राह्मण वोटर्स की संख्या भले ही तकरीबन 12 फीसदी है लेकिन यह वर्ग प्रदेश की राजनीति को जबरदस्त प्रभावित करने की क्षमता रखता है। विधानसभा में करीब 115 सीटें ऐसी हैं, जिनमें ब्राह्मण मतदाताओं का अच्छा प्रभाव है। आश्चर्यजनक बात ये रही कि ऐसे समय जब लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान हो चुका है उस समय भी उत्तर प्रदेश में ब्राह्मणों के मिज़ाज और समीकरण पर कोई बात नहीं हो रही थी। एक तरफ जहाँ भाजपा और इंडी गठबंधन दोनों में ओबीसी वोट की लड़ाई दिख रही थी तो दूसरी तरफ मायावती डीएम यानी दलित मुस्लिम समीकरण के भरोसे ही हैं। ऐसा उस राज्य में हो रहा है जहां 6 बार ब्राह्मण मुख्यमंत्री रहे हैं और 2022 के विधान सभा चुनाव में 52 ब्राह्मण विधायक बने थे। देखा जाए तो मंडल कमीशन के बाद से यूपी में दलित-ओबीसी राजनीति ने जोर पकड़ा और उसके बाद से अब तक कोई ब्राह्मण सीएम नहीं बन पाया लेकिन मतदाता के तौर पर इस जाति ने 90 के दशक के दौरान शुरुआती झटकों से उबरते हुए पुराना रसूख फिर से हासिल कर लिया है। यही कारण है कि मनुवाद का सीधा विरोध करने और मंडल कमीशन के बाद बदले सियासी माहौल में सत्ता पर काबिज होने वाली सपा और बसपा भी बाद में ब्राह्मण वोट बैंक को आकर्षित करने की रणनीति बनाने लगे। ब्राह्मण राजनीति का शोर नेपथ्य में जा ही रहा था कि इसी बीच उत्तर प्रदेश सरकार में लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद ने एक बार फिर ब्राह्मण स्वाभिमान और सम्मान को चर्चाओं में ला दिया है। शाहजहांपुर के जलालाबाद में भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माला पहनाते हुए उन्होंने एक तस्वीर एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि जनता की आस्था का सम्मान करते हुए भगवान परशुराम की जन्मस्थली जलालाबाद के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए सरकार ने वित्तीय और प्रशासकीय स्वीकृति दे दी है। सियासत में कम शब्दों में संदेश कह देने की कला महत्वपूर्ण होती है और इसीलिए जो इसमें माहिर है वह राजनीति के दांव पेंच में भी माहिर माना जाता है। ब्राह्मण स्वाभिमान के मुद्दे पर जितिन प्रसाद पिछले कुछ सालों में बेहद मुखर रहे, इन्होंने ब्राह्मणों के लिए संगठन बनाया और पूरे प्रदेश में घूम घूम कर ब्राह्मणों को एकजुट करने का अभियान चलाया। जितिन प्रसाद जब भाजपा में आए तब भी ये बात उठी थी कि जिस प्रकार ब्राह्मणों की नाराजगी को जितिन प्रसाद ने राष्ट्रीय मुद्दा बना दिया था वो उनके भाजपा में शामिल होने के बाद राजनीतिक रुप से भाजपा के पक्ष में हो गई है। जितिन आज जिस कुर्सी पर हैं उस पर कभी नसीमुद्दीन सिद्दीकी और शिवपाल सिंह यादव जैसे दिग्गज रहे हैं। दोनों अपने अपने दलों में तो मजबूत रहे ही साथ ही अपनी जाति के लोगों के बीच नायक वाली छवि के साथ रहे और अब शायद जितिन भी धीरे धीरे उत्तर प्रदेश के ब्राह्मण समाज के बीच लगातार जाकर खुद को उसी नायक के रुप में स्थापित कर रहे हैं। ऐसे समय जब प्रबुद्ध सभा के सम्मेलनों तक की चर्चा नहीं हो रही थी उस वक्त भगवान परशुराम की प्रतिमा के साथ जतिन प्रसाद की तस्वीर ने उत्तर प्रदेश में तमाम नेताओं को असमंजस में डाल दिया है। यह देखना अब दिलचस्प रहेगा कि ब्राह्मण वोट किस प्रकार चुनावी समीकरण को प्रभावित करते हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5320


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | 5 | | 8 | | |
| | | 6 | 3 | | 9 | | | 2 |
| 4 | 2 | | | | | | | 7 |
| 9 | | 2 | | | | | 8 | |
| | | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | | |
| | 5 | | | | | 1 | | 4 |
| 7 | | | | | | | 9 | 5 |
| 2 | | | 5 | | 7 | 3 | | |
| | | 1 | | 2 | 3 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5319

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 4 | 6 |
| 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 5 |

## वर्ग पहेली 5320



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 4 मई 1979 को श्रीमती मार्गरेट थैचर इस देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी (3)
4. महाकवि कालीदास की सप्रसिद्ध कृति (4)
7. जल से उत्पन्न (3)
8. अभ्यास पुस्तिका को अंग्रेजी में यह कहते है (4)
11. पंचतत्वों में से एक, आकाश, गगन (2)
13. शाखायुक्त, टहनीदार (4)
15. उत्तम, विशुद्ध, सदाशय (2)
16. बयाना, अग्रिस देय (3)
18. हानिकर या नाशक जीव या कीटाणु, चिपकाने की क्रिया (2)
19. जुड़वा, अश्विी कुमार (2)
21. दिशा में, पहलू (4)
23. हुनर, फन (2)
24. धर्मच्युत, पतित (2)
25. अधिकार, इख्तिहार (2)

**ऊपर से नीचे**
1. पुल को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
2. दर्जी, वेशकार, सूचिक (3)
3. अरब का प्रसिद्ध नगर जहां हजरत अली कीमजार है (3)
5. अन्न, लकड़ी आदि में लगने एक प्रकार का छोटा कीड़ा (2)
6. एक प्रकार का कीट, पतंगा, परवाना (3)
9. यह हंगरी की राजधानी है और सबसे बड़ा नगर है (4)
10. कंगूरा, गुंबज, शिखर, घट (3)
11. पुरूष, मर्द (2)
12. जिसमें दाग या धब्बा लगा हो (2)
17. 4 मई 1902 को केसी रेड्डी का जन्म दिवस है जो इस प्रांत के प्रथम मुख्यमंत्री और मध्यप्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल थे (4)
18. पृष्ठ, पन्ना (2)
20. मुझे (मराठी)(2)
21. तकलीफ, दर्द (2)
22. एक शब्द जिसके द्वारा वक्ता और श्रोता के अतिरिक्त किसी तीसरे मनुष्य का संकेत किया जाता है (2)

### वर्ग पहेली 5319 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | ज | रा | इ | ल | | वि | श्व |
| रा | ज | न | | व | की | ल | |
| व | | | | इ | ना | य | त |
| ती | ज | | | न | | न | ल |
| | न | | आ | शि | क | | वा |
| | वा | दा | | म | श | हू | र |
| मौ | सा | | बा | ला | | र | |
| का | | का | जू | | हां | | |

# आज का राशिफल

### मेष
आज लाभ होगा और आपका आत्मसम्मान बढ़ेगा। आज आपके मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आपके कारोबार में वृद्धि होगी। आपको धन की प्राप्ति होगी। आपके कारोबार में वृद्धि होगी और धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी और आपको निवेश में लाभ होगा। व्यवसाय के क्षेत्र में नए सहयोगी मिलेंगे।

### वृष
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आज आपकी आमदनी काफी अच्छी होगी। आज का दिन आपके लिए किसी विशेष प्रकार की व्यवस्था करने में बीतेगा। आपकी भौतिक सुविधाओं में वृद्धि होगी और हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। सावधानीपूर्वक वही काम करें जिसमें आपका आत्मसम्मान बढ़े।

### मिथुन
आज धन सम्मान में वृद्धि होगी। आज का दिन भागदौड़ में बीतेगा। अतिथि और मेहमान भी कुछ लंबा पड़ाव डालना चाह रहे हैं। आपके घर में आज कोई बड़ा खर्च अचानक से आ सकता है। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा।

### तुला
आज ऑफिस में सम्मान प्राप्त होगा। आज आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी और घर में कुछ खर्च भी संभव है। संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार मिलेगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। बहुत समय से जो कार्य रुके थे वे पूर्ण होंगे। आज आपके सुख और सौंदर्य में वृद्धि करेगा।

### वृश्चिक
आज का दिन सुख शांति और संतोष से काम करने का है। आपका आज का दिन आनंद में बीतेगा और हर काम बिना रुकावट के पूर्ण होगा। आज आपके सुख और सौंदर्य में वृद्धि करेगा। किसी निकट मित्र की सलाह व सहयोग से आप अपने बिगड़े काम ठीक से कर सकते हैं, समय का लाभ उठाएं तो आपको लाभ होगा।

### धनु
आज आर्थिक लाभ होगा और धन संबंधी मामलों में लाभ होगा। आज ग्रहों के शुभ योग आपके लिए भाग्य वृद्धि में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। बुध का साथ मिलने से आपके लिए कार्यस्थल में स्थान परिवर्तन के बेहतर योग बन रहे हैं। व्यापार में निकटवर्ती सहयोगी के प्रति सच्ची निष्ठा और सुमधुर वाणी रखने से आप लोगों का दिल जीत सकते हैं।

### कर्क
आज आर्थिक सफलता प्राप्त होगी। आपके भाग्य में वृद्धि होगी और सम्मान की प्राप्ति होगी। धन धर्म कीर्ति की वृद्धि होगी। हर मामले में विजय विभूति की प्राप्ति सफलता की प्राप्ति हर्ष मंगलमय परिवर्तन होंगे। आपके घर में कोई मेहमान आ सकता है और आपका कार्य सफल होगा। आपकी योजनाएं पूर्ण होने से हर्ष होगा।

### सिंह
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपकी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। घरेलू स्तर पर भी मांगलकि कार्यों का आयोजन हो सकता है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। यात्रा में आपको सफलता प्राप्त होगी। कुछ समय परिवार के साथ बिताएं तो अच्छा रहेगा।

### कन्या
आज दिन बिजी रहेगा। आज का दिन काफी अधिक व्यस्तता का संकेत दे रहे हैं। व्यापार व्यवसाय की तरफ ध्यान देना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए और आज दोपहर तक आपको सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। हो सकता है आगे समय न मिलें।

### मकर
आज दिन सम्मान से भरा होगा और आज आपको हर कार्य में सफलता मिलेगी। आज के दिन आपको हर कार्य को पूरा करने में सफलता मिलेगी। किसी विशेषज्ञ की सलाह आपके लिए आगे चलकर उपयोगी सिद्ध होगी। आपके मौज बहार के दिन आने वाले हैं। आज दोपहर तक आप अपना बिखरा हुआ कारोबार सही तरीके से समेट लें,

### कुंभ
आज सम्मान की प्रापित होगी और आपके कार्य सफल होंगे। आज आपको अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने से आपके कोष में वृद्धि होगी। आपके अपने बलबूते पर ही अपनी समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। इससे कोई स्थायी सफलता मिल जाएगी।

### मीन
आज ऑफिस और घर के लोगों के साथ कोई विवाद हो सकता है। धैर्य से काम करें और बिना बात के किसी प्रकार का विवाद करने से बचें। नौकरी और कार्य व्यवसाय के क्षेत्र में आज शांत रहना आपके लिए अच्छा होगा। बहस व टकराव से बचें और दूसरों की बजाए अपने काम पर ध्यान दें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### आईआईटी धनबाद में शास्त्री संगीत श्रद्धा की धूम



**धनबाद, एजेंसी।** आईआईटी आईएसएम में शनिवार की शाम संस्थान के गोल्डन जुबिली लेक्चर थिएटर में हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत संध्या श्रद्धा कार्यक्रम की धूम रही। आईआईटी धनबाद का मंथन म्यूजिक क्लब व भारतीय संगीत शिक्षायतन की ओर से यह आयोजन किया गया। कोलकाता, रांची व धनबाद के कलाकारों ने शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक, निदेशक प्रो. जेके पटनायक, उपनिदेशक प्रो. धीरज कुमार, भारतीय संगीत शिक्षायतन के बीके श्रीवास्तव, अरुप दत्ता, सूरज दत्ता, करुणामय मुखर्जी, अचिंतो बनर्जी, सुकृति समेत अन्य मौजूद थे।

### आस्था महिला समिति के होली मिलन में मतदान की अपील



**धनबाद, एजेंसी।** आस्था महिला समिति की ओर से शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन रेडक्रॉस भवन में किया गया। इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। होली के गीतों पर खूब थिरकीं। समारोह में महिलाओं से वोट करने की भी अपील की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष पूनम सिंह ने की। मौके पर मृदुला सिंह, शबनम लाला, परवीन ग्रोवर, ममता कुमार, पिंकी ग्रोवर, वीणा ग्रोवर, शशि गुप्ता, ज्योति सहाय, आंचल ग्रोवर, सुधा सिंह, विद्योतमा बंसल, लीला मांझी, अल्पना, गंगा, हेमलता, स्मिता कुमारी, पूनम, पूजा, प्रियंका, काजल, लकी उपस्थित थीं।

### 10 वर्षों में 15 हजार नौकरियां देने वाली 7 बहालियां हुईं रद्द, पूछ रहे बेरोजगार-सरकार!

**धनबाद , एजेंसी।** एक छोटा सा कमरा...। यहां जमीन ही पढ़ने का टेबल है और जमीन ही सोने का बिस्तर। आदिवासी बहुल गांवों से आए 4 युवक पिछले 4 वर्षों से इस कमरे के भाड़ेदार हैं। वे सभी विभिन्न नौकरियों की तैयारी कर रहे हैं। एक ही सपना है...सरकारी नौकरी। सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा देकर जब से चारों लौटे हैं, तब से उन्हें यही चिंता सता रही है कि पेपर लीक के आरोप से सवालों के घेरे में आई इस परीक्षा का अब क्या होगा। झारखंड में 10 वर्षों में 15 हजार नौकरियां देने वाली 7 भर्तियां रद्द हो चुकी हैं। इन नौकरियों को पाने के लिए करीब 10 लाख युवकों ने आवेदन किया था। आंकड़े बताते हैं कि झारखंड में करीब 2.87 सरकारी पद खाली हैं। इन पदों पर युवा बहाल होने के लिए तैयारी कर रहे हैं, पर अफसोस यह है कि सरकारी व्यवस्था इन भर्तियों को पारदर्शी तरीके से संपन्न ही नहीं करा पा रही है।

### पूर्वी सिंहभूम के आंगनबाड़ी केंद्र की छतों पर लगेंगे सोलर पैनल

**जमशेदपुर, एजेंसी।** आगनबाड़ी केंद्रों की सूरत बदलने की तैयारी और तेज होगी। इसके लिए समाज कल्याण विभाग ने अलग-अलग स्तर की सुविधाएं बढ़ाते हुए मॉडल सेंटर या सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। प्रत्येक केंद्र की छतों पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे, जिसके बाद इंटरनेट और वाइ-फाई की सुविधा बढ़ जाएगी। एलइडी टीवी, पेन ड्राइव की भी व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए जिले के 1722 आंगनबाड़ी केंद्रों के भवनों को चिह्नित करने का आदेश दिया गया हैं, जो केंद्र सरकारी भवनों में चल रहे हैं, उन भवनों को चिह्नित कर सोलर पैनल लगाने का निर्देश दिया गया है। दूसरे चरण में जो केंद्र निजी भवनों में चल रहे हैं उन्हें सरकारी भवनों में शिफ्ट कराया जाएगा, ताकि अन्य सुविधाएं उन केंद्रों पर दी जा सके। सोलर पैनर लगते ही इंटरनेट और वाईफाई की सुविधाएं मिलने लगेगी।

# राजनीतिक पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ हमलावर : जनसंघ- जोड़ा बैल में मेल नहीं, देश चलाना खेल नहीं



**दुमका , एजेंसी।** लोकतंत्र के महापर्व की घड़ी करीब आने लगी है। राजनीतिक पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ और भी ज्यादा हमलावर होने लगी हैं। जुबानी तीर चलाए जा रहे हैं। जुबानें फिसल रहीं हैं। मतदाता आहत हो रहे हैं। चुनावों का वह भी दौर था, विरोधियों पर व्यक्तिगत आरोप लगाने की बजाय प्रत्याशी पार्टी की नीति-रीति के खिलाफ नारेबाजी करते थे।

एक-दूसरे के खिलाफ स्लोगन गढ़ा जाता था और इसे मतदाता ध्यान से सुनते थे। उनका मनोरंजन भी होता था। यानी, पहले विरोधियों पर व्यक्तिगत आरोपों की बजाय चुनाव नारों से लड़े जाते थे। अब राजनीतिक पार्टियां एक-दूसरे पर हमलावर हैं। राजनीतिक दल अपने विरोधियों की निंदा करने के अपने मिशन में इस तरह से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जिससे मर्यादाएं तार-तार हो रही हैं।

आजादी के बाद देश में पहला लोकसभा चुनाव 1952 में हुआ था। तब कांग्रेस के खिलाफ जनसंघ, झारखंड पार्टी, छोटानागपुर संथाल परगना जनता पार्टी समेत अन्य पार्टियां चुनावी मैदान में थी। कांग्रेस को विपक्षी दलों के प्रहार से जूझना पड़ा था। उस वक्त कांग्रेस का चुनाव चिन्ह जोड़ा बैल और जनसंघ का दीया छाप था। उस दौर में दुमका समेत हर लोकसभा क्षेत्र में देश कांग्रेस का नारा था- 'वही हमारा वोट का बक्सा, जिसमें जोड़ा बैल का नक्शा'। इसके विरोध में जनसंघ का नारा था- 'जोड़ा बैल में मेल नहीं, देश चलाना खेल नहीं'। यह नारा लोगों में हिट हुआ तो कांग्रेस इसका जवाब लेकर आई और जनसंघ के खिलाफ नया नारा दिया- 'दीया में तेल नहीं, चुनाव जीतना खेल नहीं। इस तरह के नए-नए नारे गढ़े जाते थे। लगाए जाते थे, लेकिन पार्टियां और प्रत्याशी व्यक्तिगत आक्षेप और कटाक्ष से बचते थे।

वह 1952 और 1957 का दौर था। पूरे देश में कांग्रेस की बयार बह रही थी। लेकिन, उस दौर में बिना ताम-झाम के होता था चुनाव का प्रचार होता था। कांग्रेस के प्रत्याशी समर्थकों के साथ ग्रामीण और शहरी इलाके में बैलगाड़ी से घूमते थे। मतदाताओं से मिलकर वोट देने की अपील करते थे। कांग्रेस प्रत्याशी के विरुद्ध जनसंघ के प्रत्याशी दीया (दीपक) लेकर घर-घर जाते थे। झापा और छोटानागपुर संथाल परगना जनता पार्टी के उम्मीदवार इसी तरह प्रचार करते थे। वे भी ज्यादा से ज्यादा परिवारों तक पहुंचते थे और समर्थन मांगते थे। लोकसभा चुनाव का उत्सवी माहौल होता था।

लोकसभा चुनाव के दौरान नारों और गीतों की अहम भूमिका थी। चुनावी अभियान को तेज व मुखर करने के लिए क्रांतिकारी नारे व गीत गढ़े जाते थे। ये ऐसे गीत व नारे होते थे, जिसे सुनकर घरों में बैठे लोग भी निकल पड़ते थे। इन गीतों को सुनकर महिलाएं चूल्हा-चौका छोड़कर घर की देहरी लांघ चुनावी अभियान से जुड़ जाती थीं। वे गीत भी गाती और नारे भी लगाती थीं। लोकतंत्र के महापर्व में महिलाओं की बढ़ती हिस्सेदारी देखकर मतदाता चुनाव के प्रति आकृष्ट होते थे। दुमका में उस दौर में वोटिंग का प्रतिशत अन्य क्षेत्र की तुलना में अच्छा रहता था।

## चुनावी मैदान में कूदे एक और रिटायर्ड आईएएस ऑफिसर, झारखंड की इस सीट से ठोका दावा



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के संसदीय एवं विधानसभा चुनावों में भारतीय प्रशासनिक सेवा तथा भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी भी भाग्य आजमाते रहे हैं। इनमें से कुछ बड़े दल में सम्मिलित होकर चुनाव लड़ते हैं तो कुछ किसी ऐन वक्त पर किसी छोटे दल का दामन थामकर या निर्दलीय चुनाव मैदान में उतर जाते हैं। कुछ ऐसे अधिकारी भी हैं जिन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर चुनवा लड़ा है।

इस कड़ी में एक और नाम जुड़ने वाला है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त पदाधिकारी राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। वे चतरा संसदीय सीट से चुनाव लड़ेंगे, जहां आइएनडीआइ से सीट शेयरिंग की घोषणा हुए बिना झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है।

वहीं, भाजपा ने अभी अपना पत्ता नहीं खोला है। राजीव कुमार ने कहा कि यदि उन्हें किसी राजनीतिक दल का टिकट मिलता है तो ठीक है, अन्यथा वह निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। राजीव कुमार लातेहार में उपायुक्त रह चुके हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा में आने से पहले ये लंबे समय तक झारखंड में मत्स्य निदेशक के पद पर कार्य कर चुके हैं। मत्स्य निदेशक के रूप में इन्होंने झारखंड में केज कल्चर को बढ़ाया दिया।

इधर, कई अन्य अधिकारी भी लोकसभा या विधानसभा चुनाव में अपना भाग्य आजमाने की तैयारी में हैं। उनकी अलग-अलग दलों से बात चल रही है। हाल ही में पूर्व डीआइजी संजय रंजन ने भी आजसू की सदस्यता ग्रहण की थी। पार्टी ने इन्हें महासचिव बनाया है।

## लोस चुनाव को लेकर गुमला और लोहरदगा जिले के पांच प्रखंडो की हुई संयुक्त बैठक

**गुमला/घाघरा, एजेंसी।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के तैयारियों के निमित शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यर्थी की अध्यक्षता में घाघरा प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक मेंविशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के पांच प्रखंडों घाघरा,विशुनपुर सेन्हा,भंडरा और पेशरार प्रखंड की समीक्षा की गई जिसमें सभी प्रखंडों अंतर्गत मतदान केंद्रों में चुनावी तैयारियों को लेकर अद्यतन स्थिति की उपायुक्त ने समीक्षा की।

उपायुक्त द्वारा सभी प्रखंडों अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों में पानी, बिजली,पहुंच पथ,फर्नीचर,रैंप,शौचालय,जैसे प्राथमिक सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली। साथ ही सभी बूथों के रूट मैपिंग, पोलिंग पार्टी के ठहरने की व्यवस्था,परिवहन व्यवस्था,पीडब्ल्यूडी वोटर्स व पीवीटीजी वोटर्स के लिए सुविधा से संबंधित अद्यतन तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान विधि व्यवस्था से संबंधित तैयारियों पर भी चर्चा की गई। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने अपने मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए वहां की प्राथमिक सुविधाओं की जांच करने को कहा। उन्होंने सभी क्लस्टर के समीप टेंपरेरी ईवीएम वेयर हाउस के निर्माण किए जाने के संबंध में भी जानकारी ली। उपायुक्त ने अंतर जिला व अंतर राज्यीय सीमाओं पर चेक पोस्ट में कड़ाई से चेकिंग करने के निर्देश दिए।

जिन बूथों में पानी बिजली की सुविधा नहीं है, वहां तत्काल पानी एवं बिजली की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही मतदान केंद्रों की आधारभूत संरचनाओं को भी अविलंब दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया। इस दौरान हेलीपैड की संख्या आदि जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त बैठक में मॉक पोल व मतदान के समय से संबंधित जानकारी दी गई। उन्होंने एमसीसी वायलेंस एवं शैडो एरिया के बाबत भी पूछताछ की। बैठक में एसपी शंभु कुमार सिंह ,डीडीसी अपर समाहर्ता गुमला,परियोजना निदेशक पीडी आईटीडीए,गुमला एसडीओ ,उप निर्वाचन पदाधिकारी, एसडीपीओ, बीडीओ घाघरा,विशुनपुर, सेन्हा,भंडरा व पेशरार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## रांची में होली के हुड़दंग पर पुलिस की पैनी नजर, सीसीटीवी कैमरे से निगहबानी; 1500 जवानों की तैनाती

**रांची, एजेंसी।** होली में किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो इसके लिए रांची में पुलिस और प्रशासन सतर्क है। हुड़दंग करने और अफवाह फैलाने वालों पर सीसीटीवी कैमरों और महिला पुलिस बल के जवानों की पैनी नजर है। ऐसे लोगों से निपटने के लिए रांची में 1500 अतिरिक्त जवानों को जगह-जगह तैनात किया गया है।

कानून व्यवस्था का जायजा लेने के लिए रांची पुलिस ने शनिवार को अलबर्ट एक्का चौक से मेन रोड में फ्लैग मार्च निकाला। इसमें जैप-1 के जवान व टाइगर मोबाइल से जुड़े पुलिसकर्मी शामिल हुए। फ्लैग मार्च अलबर्ट एक्का चौक से शुरू होकर काली मंदिर चौक, रतन टॉकीज, पीपी कंपाउंड तक गया। वहां से कोनका रोड होते हुए कर्बला चौक और चर्च रोड से होकर वापस मेन रोड पहुंचा। इस बीच जवानों ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का पालन



करते हुए पर्व मनाने की अपील की। मार्च में कोतवाली डीएसपी, डेली मार्केट, हिंदपीढ़ी व लोअर बाजार थाना प्रभारी के अलावा अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

**विवादित गाने नहीं बजाने की अपील की :** प्रशासन ने युवाओं से विवादित गीत नहीं बजाने को कहा है। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सूचना सिटी कंट्रोल रूम या संबंधित थाना प्रभारी को देने की अपील भी की है। कहा गया है कि विवादित गाना बजाया गया तो डीजे जब्त किया जाएगा।

**पर्व को लेकर समाहरणालय में हुई बैठक :** पर्व के मद्देनजर शनिवार को रांची समाहरणालय में केंद्रीय शांति समिति की बैठक हुई। एसएसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि पुलिस एवं प्रशासन ने कानून व्यवस्था की सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। समिति सदस्यों ने मिलजुलकर होलिका दहन व होली का आयोजन करने को कहा। साथ ही शराब की दुकान बंद रखने की अपील की। तेज गति से वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की मांग की।

**चेक नाकों की संख्या व गश्ती को बढ़ाया गया :** ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने कहा, चेक नाकों की संख्या व गश्त बढ़ाई जाएगी। सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार बोले, लोगों को ध्यान रखना होगा कि चुनाव के लिए आचार संहिता लागू है। बैठक में एडीएम राजेश्वरनाथ आलोक, जिला नजारत उप समाहर्ता सुदेश कुमार, जयसिंह यादव, रवि कुमार आदि थे।

**दंडाधिकारियों को अलर्ट रहने की हिदायत :** रांची के डीसी राहुल सिन्हा ने जिले में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को अलर्ट रहने को कहा है। होली में महिलाओं से अभद्रता न हो, इसका ध्यान रखने को कहा गया है। नशा कर विवाद करने वालों पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा।

## पेपर लीक हुआ या नहीं जल्द ही हर राज से उठेगा पर्दा, एक्शन में आयोग; अबतक तीन गिरफ्तार

**जामताड़ा, एजेंसी।** जेपीएससी पेपर लीक मामले में जामताड़ा डीडीसी निरंजन कुमार की अगुवाई में गठित टीम ने डीसी को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। डीसी कुमुद सहाय ने बताया कि रिपोर्ट व मौके से मिले सीसीटीवी साक्ष्यों से पहले ही साफ हो चुका है कि पेपर लीक की बात बस अफवाह थी।

वायरल वीडियो का सच जानने के लिए टेक्निकल सेल की टीम इसकी गहन पड़ताल में जुटी है। साथ ही एग्जाम सेंटर जेजेएस डिग्री कॉलेज मिहिजाम से परीक्षा के दौरान चार प्रश्न पत्र और 20 ओएमआर शीट कैसे निकले, इस बात की भी जांच की जा रही है। इस मामले में सेंटर पर मौजूद जिम्मेदारों से भी जवाब मांगा गया है ताकि पूरे प्रकरण की सही तरीके से पड़ताल हो सके।

इस घटना के बाद मामले में




मिहिजाम पुलिस ने 21 नामजद अभियुक्तों पर प्राथमिकी दर्ज की थी। इसमें से तीन अभियुक्तों को मिहिजाम पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त में विनीत कुमार, चंदन कुमार दास, चंदन कुमार दास तीनों अभियुक्त देवघर जिले के रहने वाले हैं। इन अभियुक्तों पर जेपीएससी परीक्षा के दौरान भ्रामक वीडियो वायरल करने व सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप है।जामताड़ा समेत पूरे प्रदेश में 17 मार्च को जेपीएससी परीक्षा आयोजित की गई थी। जामताड़ा जिले में कुल 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। लेकिन इस दौरान परीक्षा केंद्र जेजेएस डिग्री कालेज मिहिजाम परीक्षा प्रश्न पत्र वितरण के दौरान अभ्यर्थियों ने यह कहते हुए हंगामा शुरू कर दिया था कि प्रश्न पत्र का बंडल खुला है।

इस दौरान कई भ्रामक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने लगे और अब कई अभ्यर्थियों ने लगभग डेढ़ घंटे तक परीक्षा केंद्र के बाहर हंगामा करते रहे। इस दौरान जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी मौके पर पहुंचकर अभ्यर्थियों को समझने का काफी प्रयास किया, लेकिन अभ्यर्थियों ने पेपर लीक होने की बात कह कर परीक्षा देने से इनकार कर दिया था।

इस वजह से परीक्षा केंद्र में अफरा तफरी के बीच कई अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। लेकिन इस दौरान भी परीक्षा केंद्र के बाहर कई अभ्यर्थी परीक्षा रद्द करने के जिद पर अड़े रहे और विरोध जताते रहे। ऐसे अभ्यर्थियों की जिला प्रशासन के द्वारा वीडियोग्राफी की गई थी और ऐसे 21 अभ्यर्थियों को नामजद और कई अज्ञात अभियुक्त बनाए गए थे।

## रसमलाई, बर्फी-पेड़ा में मिलावट की पुष्टि, तेल-रिफाइन के 6 सैंपल जब्त

**रांची, एजेंसी।** होली को लेकर फूड सेफ्टी विभाग ने मिलावटी खाद्य सामग्री के खिलाफ अभियान शुक्रवार से शुरू कर दिया है। फूड सेफ्टी ऑफिसर मंजर हुसैन के नेतृत्व में टीम ने परसूडीह मंडी में छापेमारी कर छह स्थानों से सरसों तेल और रिफाइन के सैंपल जब्त किए। ये सारे सैंपल ब्रांडेड कंपनी के हैं, जिसमें पाउच और बोतल बंद तेल और रिफाइन शामिल हैं।

सभी सैंपल को जांच के लिए रांची स्थित प्रयोगशाला में भेजा जा रहा है, ताकि रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जा सके। जिन प्रतिष्ठानों से टीम ने सैंपल जब्त किए हैं, उनमें परसूडीह मंडी की श्री कृष्णा एजेंसी, बीपी ऑयल मिल्स, महेश इडिबुल ऑयल एजेंसी आदि शामिल हैं। फूड सेफ्टी ऑफिसर ने बताया कि अगर रिपोर्ट में मिलावट की पुष्टि होती है या सैंपल सब स्टैंडर्ड पाया जाता है तो संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अभियान और मानक अधिनियम 2006 की धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। इस वित्तीय वर्ष में अबतक कुल 123 सैंपल लिए गए हैं। इसमें 40 की रिपोर्ट राज्य मुख्यालय के प्रयोगशाला से आई है, जिसमें 15 सैंपल सब स्टैंडर्ड और मानक के विपरीत हैं।

उन्होंने बताया कि कुछ माह पूर्व विभाग ने आधा दर्जन से अधिक मिठाई दुकानों में छापेमारी कर सैंपल जब्त किए थे, जिसकी रिपोर्ट नामकुम स्थित राज्य प्रयोगशाला से आ गई है। इसमें पांच मिठाई दुकानों के सैंपल में मिलावट की पुष्टि हुई है। जांच रिपोर्ट में इन्हें सब स्टैंडर्ड और मानक के विपरीत करार दिया गया है। रसमलाई, खोवा बर्फी, सोन पापड़ी, काजू बर्फी, लड्डू, खीर कदम, पेड़ा और रसगुल्ला तक में मिलावट पाई गई है। उक्त प्रतिष्ठानों के खिलाफ अभियोजन चलाने के लिए एडीसी को सूचना भेजी गई है।

फूड सेफ्टी ऑफिसर मंजर हुसैन ने बताया कि सभी दुकानदारों को निर्देश दिया गया कि डिस्प्ले ट्रे में मिठाइयों के उपयोग की अंतिम तिथि अवश्य अंकित करें।

# पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने केजरीवाल की पत्नी सुनीता से की बात

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उनकी पत्नी सुनीता से फोन पर बात की। इस बात की जानकारी कल्पना ने खुद सोशल मीडिया पर दी। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में पूरा झारखंड केजरीवाल जी के साथ खड़ा है। बता दें कि कल्पना सोरेन अपने पति हेमंत सोरेन का एक्स हैंडल इस्तेमाल कर रही हैं। उन्होंने लिखा, अभी अरविंद केजरीवाल जी की धर्म पत्नी सुनीता केजरीवाल जी से बात कर उन्हें साहस देने का प्रयास किया। एक साथी के रूप में मैं उनकी परेशानियों को समझ सकती हूं।

उन्होंने आगे लिखा, लोकप्रिय निर्वाचित मुख्यमंत्रियों की गैरकानूनी ढंग से गिरफ्तारी और वह भी तब जब देश



में आम चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा हो गई हो, एक लोकतांत्रिक देश के लिए यह सामान्य घटना नहीं है। संकट की इस घड़ी में हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में पूरा झारखंड केजरीवाल जी के साथ खड़ा है।

इससे पहले जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर शुक्रवार को केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि शासन की वर्तमान स्थिति तानाशाही की तरह है। कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा हेमंत को गिरफ्तार किए जाने के बाद सक्रिय राजनीति में आई कल्पना ने कहा, शासन का मतलब तानाशाही हो गया है। देश का हर कोना इनके जुल्म की गवाही हो गया है।कल्पना ने एक्स पर एक पोस्ट में परोक्ष रूप से केंद्र और भाजपा पर हमला करते हुए कहा, उन्हें लगता है कि करोड़ों लोगों का नेतृत्व कर रहे जननेताओं को गिरफ्तार कर वे गद्दी पर बैठ जाएंगे। देश की स्वाभिमानी, निडर जनता इनके भ्रम और अहंकार का मुंहतोड़ जवाब देगी। इंडिया झुकेगा नहीं।आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को ईडी ने गुरुवार रात को शराब नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद शुक्रवार को दिल्ली की कोर्ट ने सीएम केजरीवाल को छह दिन के लिए रिमांड पर भेज दिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने बृहस्पतिवार को केजरीवाल की गिरफ्तारी को देश में लोकतंत्र का अंत करार दिया और एक महीने पहले हेमंत सोरेन की इसी तरह गिरफ्तारी के लिए केंद्र पर हमला बोला। हेमंत को केंद्रीय एजेंसी ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक विशेष अदालत ने बृहस्पतिवार को हेमंत की न्यायिक हिरासत चार अप्रैल तक बढ़ा दी।

## अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दो की मौत्दो माह का दूधमुहा बच्चा बचा, मां को लगी है चोट, गुमला सदर अस्पताल में इलाजरत

**गुमला , एजेंसी।** गुमला व लातेहार जिला के बॉर्डर पर स्थित चोरमुंडा गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 4 लोग अनियंत्रित होकर गिर पड़े। इस हादसे में



बाइक सवार काठुपानी गुमला निवासी निंदू पवन बेग और केश्वर मुंडा की मौत हो गई। वहीं बाइक सवार निंदू पवन बेग की पत्नी उर्सेला बेग और दो माह का बच्चा बच गए।

हालांकि पत्नी को गंभीर चोट पहुंची है जिसका इलाज सदर अस्पताल गुमला में चल रहा है। वहीं, शनिवार की शाम दोनों युवकों का शव पैतृक गांव काठूपानी पहुंचा। जहां ग्रामीण और परिजनों ने नम आंखों से दोनों को अंतिम विदाई दी। बताया जाता है कि सभी बाइक का सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान शुक्रवार की शाम यह हादसा हुआ। तत्काल दोनों युवकों को महुआडांड लातेहार ले जाया गया, जहां दोनों की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### पांच अप्रैल से बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री सुनाएंगे श्री राम कथा

**लखनऊ, एजेंसी।** बागेश्वरधाम वाले धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री से राम कथा सुनने को लखनऊ तैयार है। पांच अप्रैल से नौ अप्रैल तक वे लखनऊ में प्रवास करेंगे। आवास विकास परिषद वृंदावन योजना मैदान लखनऊ में लगातार पांच दिन तक राम कथा अमृत महोत्सव का आयोजन होगा। अखिल भारतीय श्री राम नाम जागरण मंच की ओर से कथा का आयोजन किया जा रहा है। ये जानकारी मीडिया प्रभारी अभिलाष भट्ट ने दी। इस आयोजन 500 से ज्यादा स्वयं सेवक जुटेंगे। संस्था के संरक्षक राजन त्रिवेदी ने बताया कि समस्त भक्तों के लिए 24 घंटे रसोई का संचालन होगा। उक्त कार्यक्रम में लखनऊ व आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा जल्द प्रस्तुत की जाएगी।

### वोटिंग के साथ बैंड-बाजा, बरात की भी रहेगी धूम, 19 और 26 अप्रैल को मतदान बढ़ाने की चुनौती

**लखनऊ , एजेंसी।** लोकतंत्र के महा पर्व को लेकर बिगुल बज चुका है। चुनावी तैयारियां जोरों पर हैं। प्रदेश की 80 सीटों पर 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में मतदान होने हैं। पर, महोत्सव के बीच अप्रैल में बैंड-बाजा, बरात की भी धूम रहेगी। 19 व 26 अप्रैल को बंपर शादियां होने की वजह से पश्चिमी यूपी में चुनाव के दो चरणों में मतदान बढ़ाने की चुनौती रहेगी। आचार्य शिव मोहन मिश्रा बताते हैं कि अप्रैल में 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26 और 28 को वैवाहिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। बात चुनाव की करें तो पहले चरण में पश्चिमी यूपी की आठ सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं दूसरे चरण में 23 अप्रैल को भी 8 सीटों पर मतदान होने हैं। मांगलिक कार्यों में व्यवस्था मुहैया कराने वाले कारोबारियों का भी कहना है कि 19 व 23 के शुभ मुहूर्त में प्रदेश बड़ी संख्या में विवाह के साथ अन्य मांगलिक कार्यक्रम तय हैं। ऐसे में खासकर पश्चिमी यूपी की 16 सीटों पर मतदान का प्रतिशत बढ़ाना प्रशासन और प्रत्याशियों के साथ उनके समर्थकों के लिए चुनौती से कम नहीं होगा। हालांकि मई में कोई शुभ मुहूर्त नहीं होने से ऐसी चुनौती नहीं होगी।

### चार्जिंग पर लगा मोबाइल फटा, तेज धमाके के साथ कमरे में लगी आग, चार बच्चों की मौत, पति-पत्नी घायल

**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ में मोदीपुरम की जनता कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहे मजदूर के घर में शॉर्ट सर्किट से मोबाइल में धमाका हो गया और कमरे में आग लग गई। कमरे में मौजूद चार बच्चे बुरी तरह झुलस गए। बच्चों को बचाने पहुंचे दंपती भी झुलस गए। लोगों ने पुलिस को सूचना दी और आग पर काबू पाया। पुलिस ने सभी को पहले निजी अस्पताल और बाद में मेडिकल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान चारों बच्चों की मौत हो गई है। अभी दंपती की हालत गंभीर बनी हुई है। बता दें कि 24 घंटे में चारों बच्चे दुनिया को छोड़कर चले गए। बच्चों की मां को गंभीर हालत में दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि पिता की हालत गंभीर बनी हुई है। वह मेडिकल में भर्ती है। मुजफ्फरनगर जिले के सिखेड़ा निवासी जॉनी (41) मजदूरी करता है। पत्नी बबीता (37) व चार बच्चों सारिका (10), निहारिका (8), गोलू (6) और कल्लू (5) के साथ मोदीपुरम की जनता कॉलोनी में एक मकान में किराए पर रहता है।

बताया गया कि शनिवार शाम बच्चे कमरे में खेल रहे थे। कमरे में बेड पर तार बिखरे हुए थे और बच्चे मोबाइल का चार्जर बिजली के बोर्ड में लगा रहे थे। चार्जर लगाने के दौरान शॉर्ट सर्किट हो गया। तारों में आग लगने से मोबाइल में धमाका हुआ और बेड में आग लग गई।

वहीं, आग से घिरे बच्चों ने चिल्लाना शुरू कर दिया। धमाके व बच्चों का शोर सुनकर जॉनी व बबीता रसोई से कमरे की ओर दौड़े। दोनों ने बच्चों को आग से झुलसी हालत में बाहर निकाला। बच्चों को बचाने के दौरान बबीता व जॉनी भी बुरी तरह झुलस गए। जॉनी के घर से चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी पहुंच गए। थाना प्रभारी मन्नेश कुमार का कहना है कि उपचार के दौरान सारिका और कल्लू ने भी दम तोड़ दिया है।

# इस चुनाव में बसपा की होगी सबसे बड़ी परीक्षा

## मायावती के उत्तराधिकारी आकाश का भी इम्तिहान



**लखनऊ , एजेंसी।** सपा सुप्रीमो मायावती सूबे की सबसे प्रभावशाली व चतुर राजनेताओं में से एक मानी जाती हैं। सरकार चलाने के उनके कौशल और स्पष्टवादिता की चर्चा करते आज भी कई लोग मिल जाते हैं। वह तौल कर बोलती हैं और समय से तालमेल कर आगे बढ़ती हैं। वह हार नहीं मानतीं। यही वजह है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी वह वापसी करती आई हैं। कांग्रेस हो या भाजपा या फिर सपा, अपने से बड़े हिस्सेदार से हाथ मिलाकर आगे निकलने की अपनी विरल क्षमता उन्होंने बार-बार साबित की है।

मायावती ने 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद तीन बड़े फैसले किए। पहला, जीरो से दहाई में पहुंचाने वाले महागठबंधन से नाता तोड़ा। दूसरा, अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया। तीसरा, 2022 के विधानसभा चुनाव में सबसे खराब नतीजे के बावजूद इंडिया गठबंधन की अपील ठुकराकर लोकसभा चुनाव भी अकेले लड़ने का एलान किया। यूपी की जनता उनके इन फैसलों को किस नजरिए से लेती है, यह चुनाव इसकी कसौटी होगा।

**महागठबंधन छोड़ना कितना सही:** सबसे पहले बात महागठबंधन से अलग होने की। लंबे अर्से से चली आ रही सियासी दुश्मनी के बावजूद 2019 में सपा-बसपा एक साथ मैदान में आईं। राष्ट्रीय लोकदल भी साथ था। 2014 के लोकसभा चुनाव में एक भी सीट न जीतने वाली बसपा, महागठबंधन में शामिल होकर 10 सीटें पाने में सफल रही। सपा 2014 जितनी पांच सीटें ही जीत सकी। रालोद शून्य पर अटका रहा। महागठबंधन ने भाजपा विरोधी मतदाताओं को एक मजबूत विकल्प दिया था। इसे बड़ी सफलता तो नहीं मिली, लेकिन 2014 में 73 सीटें जीतने वाले राजग को 64 पर रोक दिया। निराश मतदाताओं का वर्ग महागठबंधन से भविष्य में बेहतर संभावनाओं के लिए आशान्वित था। पर, मायावती इससे अलग हो गईं। नतीजा ये हुआ कि 2022 के विधानसभा चुनाव में बसपा 403 सदस्यीय विधानसभा में एक सीट पर सिमट गई। यह चुनाव बताएगा कि 2019 के बाद लिए गए फैसलों व प्रयोगों से मायावती सत्ता विरोधी मतदाताओं का भरोसा जीतने में सफल हुईं या नहीं।

**उत्तराधिकारी आकाश का पहला इम्तिहान:** बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को 2019 के लोकसभा चुनाव में आगरा की रैली में पहली बार तब भाषण देने के लिए भेजा था, जब चुनाव आयोग ने उन पर 48 घंटे का प्रतिबंध लगा दिया था। वह चुनाव सपा व रालोद से महागठबंधन कर लड़ा गया था। बसपा को इस चुनाव में 10 सीटें मिली थीं।

महागठबंधन से बाहर निकलने के बाद मायावती ने दिसंबर-2023 में लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारी को लेकर लखनऊ में एक बैठक बुलाई थी। उसी में आकाश आनंद को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। बार-बार परिवार से उत्तराधिकारी न होने की बात दोहराने के बाद भी उन्होंने ऐसा किया।

आकाश युवा हैं और विदेश में पढ़े-लिखे हैं, लेकिन जमीन से जुड़ नहीं पा रहे हैं। वह सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं, लेकिन अपनी बुआ मायावती की तरह मीडिया के सवालों का सामना करने से बचते हैं।

माना जा रहा है कि दलित समाज के युवा मतदाताओं में आजाद समाज पार्टी के नेता चंद्रशेखर आजाद की बढ़ती पकड़ को देखने के बाद मायावती ने आननफानन युवा आकाश को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर पार्टी में सक्रिय किया। आकाश को कई राज्यों की जिम्मेदारी दी गई है। यह चुनाव बताएगा कि मायावती का अपने उत्तराधिकारी के साथ मैदान में उतरना कितना सफल रहा। इस चुनाव में पार्टी की परफॉर्मेंस से आकाश का भी आकलन होगा।

**गिरता वोट शेयर भी चुनौती:** मायावती ने वर्ष 2007 में सोशल इंजीनियरिंग के जरिए प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों में से 206 जीत कर स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई थी। 2022 के चुनाव में उमाशंकर सिंह के रूप में बलिया से बीएसपी का सिर्फ एक विधायक चुनाव जीता। बसपा को 2007 में 30.43 फीसदी वोट मिले थे। 2019 में जब बसपा महागठबंधन में चुनाव लड़ी तो वोट शेयर 19.26 प्रतिशत पर पहुंच गया था। 2022 के विधानसभा चुनाव में उसका वोट शेयर घटकर 12.88 फ़ीसदी ही रह गया।

**क्या त्रिकोण बनाकर वापसी कर पाएगी पार्टी:** इंडिया गठबंधन ने भाजपा के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने के लिए मायावती को बार-बार न्योता दिया। इसके बावजूद मायावती ने चुनाव अकेले लड़ने का एलान किया। जानकार बताते हैं कि मायावती ने महसूस किया होगा कि गठबंधन से लड़ने पर उनका बेस वोट कई सीटों पर दूसरे के साथ शिफ्ट हो सकता है। ऐसे में उन्होंने राजग व सपा-कांग्रेस गठबंधन से अलग रहने का फैसला किया है। वह दोनों गठबंधनों के बीच त्रिकोण बनाकर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रही होंगी।

### एकतरफा संवाद शैली

मायावती सोशल मीडिया एक्स के जरिए अपनी बातें रखती हैं। कभी पार्टी की कोई मीटिंग करती हैं तो शुरुआत में सिर्फ फोटोजर्नलिस्ट को तस्वीरें लेने भर का समय देती हैं। कभी कभार मीडिया के सामने आती भी हैं तो सवालों से बचने की कोशिश करती हैं। पार्टी के कर्ताधर्ता कोऑर्डिनेटर व अन्य नेताओं को भी मीडिया से बातचीत की इजाजत नहीं होती है। उनकी पार्टी के भीतर क्या हो रहा है, उनके फॉलोअर व समर्थक तब तक अंधेरे में रहते हैं, जब तक इसका मायावती आधिकारिक एलान नहीं करतीं। अपने इस एकतरफा संवाद शैली की वजह से उनके कोर वोटर तक उनसे कटने लगे हैं।

### चुनाव एलान के एक सप्ताह बीते, सतीश परिदृश्य से गायब

बसपा में अपर कास्ट के बड़े चेहरों में सतीश चंद्र मिश्रा इकलौते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव तक मिश्रा व उनका परिवार सक्रिय नजर आ रहा था। लोकसभा चुनाव का एलान हुए एक सप्ताह बीत गए हैं, पर मिश्रा चुनावी परिदृश्य से गायब हैं। इस बार न वह सम्मेलन-सभाएं करने निकले और न ही लखनऊ में दूसरे दलों के लोगों को पार्टियों में शामिल करने वाली जिम्मेदारी में ही नजर आ रहे हैं।

### दस मौजूदा सांसदों में छह बाहर, इनमें से तीन अन्य दलों के बने प्रत्याशी

बसपा के दस सांसदों में से छह बाहर हो चुके हैं। इनमें से तीन अन्य दलों में प्रत्याशी भी बन चुके हैं। अमरोहा से दानिश अली कांग्रेस से मैदान में हैं। वहीं अंबेडकरनगर से रितेश पांडेय भाजपा से और गाजीपुर से अफजाल अंसारी सपा से टिकट हासिल कर चुके हैं। लालगंज से संगीता आजाद भाजपा में शामिल हो चुकी हैं और श्रावस्ती से राम शिरोमणि वर्मा को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। जौनपुर के सांसद श्याम सिंह यादव की कांग्रेस से नजदीकी छिपी नहीं है।

### प्रोफेसरों को धमकाने के आरोप में दो छात्र निलंबित, छात्रा ने भी शिक्षकों पर लगाया बदसलूकी का इल्ज़ाम

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर के छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में शनिवार को बीबीए की छात्रा पर दो छात्रों के साथ मिलकर बिजनेस मैनेजमेंट के शिक्षकों प्रोफेसर अंशु यादव व प्रोफेसर सुधांशु पांड्या संग उनके केबिन में घुसकर गालीगलौज, धमकी और अभद्रता का आरोप लगा है। कॉलेज प्रबंधन ने छात्रा संग गए दोनों छात्रों को निलंबित कर दिया है। दूसरी तरफ छात्रा ने भी शिक्षकों पर बदसलूकी व जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर पुलिस जांच कर रही है।

विश्वविद्यालय के डीन प्रशासन प्रोफेसर सुधांशु पांड्या ने कुलपति को पत्र लिखकर मामले की जानकारी दी। प्रोफेसर पांड्या ने बताया कि शनिवार दोपहर को वह प्रोफेसर अंशु यादव के कक्ष में उनसे मिलने गए। वहां बीबीए की छात्रा दो छात्रों के साथ प्रोफेसर अंशु यादव से झगड़ रही थी। समझाने का प्रयास किया तो छात्रा ने छात्रों संग मिलकर उनसे गाली-गलौज की।

प्रोफेसर अंशु का हाथ मरोड़ते हुए एससीएसटी एक्ट में अंदर कराने की धमकी दी। छात्रा के साथ आए दोनों छात्रों ने धक्कामुक्की और अभद्रता भी की। प्रोफेसर पांड्या ने पूरे प्रकरण से कुलपति प्रोफेसर विनय पाठक को अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की। कुलपति ने मामले की जांच के लिए डीएसडब्लू की अध्यक्षता में एक चार सदस्यीय कमेटी गठित की। साथ ही एफआईआर दर्ज कराने के लिए कल्याणपुर थाने में तहरीर भेजी है।

**आरोपों की पुष्टि के लिए होगा नार्को टेस्ट:** बीबीए की छात्रा का शिक्षकों पर आरोप लगाने का एक वीडियो एवं पत्र सोशल मीडिया पर वायरल है। कुलपति ने एक कमेटी गठित कर मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही पुलिस कमिश्नर से मामले में नार्को एवं लाई डिटेक्टर टेस्ट की प्रकिया के लिए निवेदन किया।

**अनुशासनहीनता पर हुआ निलंबन:** अनुशासनहीनता, नियमों के उल्लंघन और धमकी देने के आरोपी छात्रों का प्रवेश विवि परिसर में रोक दिया गया है। कुलपति के साथ आला अधिकारियों की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में छात्र अभिजीत राय, शिवम को प्रथम दृष्टया दोषी करार देते हुए उनकी विवि में एंट्री पर रोक लगा दी गई है और उन्हें निलंबित किया गया है। विवि प्रशासन की तरफ से इसकी सूचना पुलिस को दी गई है।



### लोकसभा चुनाव: वोटिंग से पांच दिन पहले आयोग पहुंचाएगा पर्ची, वोटर गाइड में होगा पोलिंग स्टेशन का नक्शा

**लखनऊ , एजेंसी।** चुनाव आयोग अपनी तैयारियों में लग गया है। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सभी मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची जारी की जाएगी। इस मतदाता सूचना पर्ची के आगे के भाग पर वोटर लिस्ट में भाग संख्या व नाम, क्रम संख्या, पोलिंग स्टेशन का नाम, मतदान की तिथि और क्यूआर कोड आदि होगा। पर्ची के पीछे पोलिंग स्टेशन का नक्शा, बीएलओ का नाम व मोबाइल नंबर, मतदान करने के लिए निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेज का ब्यौरा व अन्य महत्वपूर्ण निर्देश रहेंगे।

उन्होंने बताया कि मतदाता सूचना पर्ची के साथ प्रत्येक परिवार को हिंदी में रंगीन वोटर गाइड भी दी जाएगी। सूचना पर्ची मतदान की तिथि के 9 से 5 दिन पूर्व तक सभी मतदाताओं को उपलब्ध कराई जाएगी। पर्ची, पंजीकृत मतदाता को या उसके परिवार के किसी वयस्क सदस्य को रजिस्टर पर हस्ताक्षर कराने के बाद दी जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रंगीन वोटर गाइड में चित्रों के माध्यम से मतदाता ईवीएम से कैसे अपना मतदान करें और सुविधा एप जैसे सक्षम-ईसीआई, वोटर हेल्पलाइन एप, अपने अभ्यर्थी को जाने (नो योर कैंडिडेट) एप और सी-विजिल एप की जानकारी दी गई है। इसके साथ ही पंजीकरण, मतदान, दिव्यांगजनों और वरिष्ठजनों को घर से मतदान व डाक मतपत्र की सुविधा के बारे में बताया गया है।

### विवादों में मदरसे: सिर्फ धर्म की नहीं होती है अंग्रेजी, गणित और विज्ञान की भी पढ़ाई



**लखनऊ , एजेंसी।** प्रदेश के मदरसों में आधुनिक विषयों की भी पढ़ाई छात्रों को कराई जाती है। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त मदरसों में मुंशी-मौलवी हाई स्कूल के समकक्ष, आलिम इंटर के समकक्ष, कामिल स्नातक और फाजिल परास्नातक के समकक्ष पढ़ाई होती है। इन मदरसों में परंपरागत विषयों के साथ हिंदी, अंग्रेजी, गणित के अलावा कंप्यूटर आदि आधुनिक विषय भी छात्रों को पढ़ाये जाते हैं।

मदरसा बोर्ड की रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी ने बताया कि मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त और अनुदानित मदरसों में मुंशी-मौलवी (हाईस्कूल के समक्ष) और आलिम (इंटरमीडिएट के समकक्ष) में परंपरागत विषयों के साथ आधुनिक विषय उर्दू, हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान के विषयों की शिक्षा के लिए एनसीईआरटी का पाठयक्रम लागू है। कामिल (स्नातक के समक्ष) में अरबी साहित्य, फारसी साहित्य, उर्दू साहित्य, माकूलात, सामान्य अंग्रेजी, कंप्यूटर एवं विभिन्न धर्म का इतिहास आदि की शिक्षा दी जाती है। संवाद

**अरबी बोलने के साथ ही अंग्रेजी पढ़ाते हैं मदरसा शिक्षक:** मदरसा बोर्ड से जुड़े कई मदरसों के शिक्षक अरबी बोलने में माहिर होने के साथ ही फर्राटेदार अंग्रेजी में बच्चों को शिक्षा देने का काम कर रहे हैं। गोमतीनगर स्थित मदरसा दारुल उलूम वारसिया मदरसा शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त होने के साथ ही सरकार से सहायता प्राप्त मदरसा है। यहां बच्चों को अंग्रेजी की शिक्षा देने वाले शिक्षक वसीम बरकाती ने इसी मदरसे से मौलवी और आलिम करने के बाद ख्वाजा मुईनुददीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में परास्नातक की पढ़ाई की है। वसीम ने स्नातक में गोल्ड मेडल हासिल किया है।

**यूपी में हैं सरकार से अनुदानित 560 मदरसे, 1100 करोड़ सरकार से मिलती है ग्रांट:** मालूम रहे कि प्रदेश में सरकार से अनुदानित 560 मदरसे हैं। इन मदरसों में 1,92,317 विद्यार्थियों को शिक्षा देने के लिये 9646 शिक्षक और 554 शिक्षणेत्तर कर्मचारी नियुक्त हैं।

शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतन और परीक्षाओं के लिए हर साल प्रदेश सरकार करीब 1100 करोड़ रुपये की ग्रांट मदरसों को जारी करती है। मदरसों को लेकर हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब मदरसों को मिलने वाली ग्रांट मिलने की उम्मीद भी नहीं की जा रही है। ऐसे में मदरसों के शिक्षकों और कर्मचारियों का वेतन भी फंसने के आसार हैं। मदरसों को सरकार से मिलने वाली ग्रांट से ही शिक्षकों व कर्मचारियों का वेतन और परीक्षाओं का संचालन किया जाता है।

### होली पर घर आ रहे थे जीजा-साले, दर्दनाक हादसे में गई दोनों की जान; तीसरे की हालत गंभीर

**आगरा , एजेंसी।** फिरोजाबाद के शिकोहाबाद में होली के त्योहार के चलते बाइक से घर वापस आ रहे जीजा-सालों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस घटना में जीजा-साले की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक साला गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जनपद एटक थाना सकीट क्षेत्र के अंतर्गत नगला पस्सी निवासी ओमवीर (25) की शादी वर्ष 2017 में पूनम के साथ हुई थी। उसके दो बच्चे दीपांशु (05) एवं जान्हवी (03) हैं। ओमवीर के साले पुष्पेंद्र (20) एवं पुष्पेंद्र का बड़ा भाई ओमकार (22) निवासीगण नगला आशा थाना औंछा जनपद मैनपुरी दोनों भाई साथ में दिल्ली में लिफ्ट फैक्टरी में एक साथ काम करते हैं। जबकि जीजा ओमवीर कहीं अन्य कम्पनी में काम करता था। तीनों जीजा-साले एक साथ हरियाणा नम्बर की बाइक पर सवार होकर होली के त्योहार के चलते घर की ओर आ रहे थे। रविवार सुबह जब वह राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित आरौज की पुलिया के समीप पहुंचे, तभी पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार जीजा सालों को रौंद दिया।

### बाराबंकी सीट: कांग्रेस ने फिर लगाया पुनिया पर दांव, पार्टी ने तनुज को दिया चौथा मौका



**बाराबंकी, एजेंसी।** सपा कांग्रेस के गठबंधन के बाद कांग्रेस के हिस्से में आई बाराबंकी सीट से तनुज पुनिया पर कांग्रेस ने भरोसा जताया है। कांग्रेस के दिग्गज नेता पीएल पुनिया के पुत्र तनुज पुनिया अपने पिता की राजनीतिक विरासत संभालने के लिए चौथी बार चुनाव मैदान में होंगे।

वरिष्ठ आईएएस रहे डॉ. पीएल पुनिया ने सेवानिवृति के बाद बाराबंकी को ही अपनी राजनीति का केंद्र और कर्मस्थली बनाया। वह यहां से लोकसभा के सांसद भी रहे। पीएल पुनिया ने जिले में कांग्रेस को मजबूत किया।

इनके पुत्र तनुज रुड़की से आईआईटी रुड़की से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद विदेश भी पढ़ने गए। दो पीएल पुनिया उन्हें अपना उत्तराधिकारी बना रहे हैं। वह प्रियंका गांधी की यूथ टीम के सदस्य भी हैं। 2017 में तनुज पुनिया ने जैदपुर सीट से विधानसभा का चुनाव लड़े थे। पहली बार ही 81 हजार से अधिक वोट मिले। पहले चुनाव में मिली हार के बाद भी तनुज पुनिया सक्रिय रहे। इसीलिए कांग्रेस नेतृत्व 2022 फिर से ज़ैदपुर सीट से प्रत्याशी बनाया। 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने तनुज को लोकसभा का टिकट दिया। यह चौथा मौका है जब कांग्रेस ने पुनिया पर भरोसा जताते हुए उनके पुत्र तनुज को टिकट दिया है।

#### नौ उम्मीदवार हुए घोषित

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए नौ उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने वाराणसी से प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और बाराबंकी से तनुज पुनिया पर फिर दांव लगाया गया है। पार्टी ने अमेठी और रायबरेली सहित आठ सीटों पर पत्ते नहीं खोले गए हैं।

नई सूची शनिवार देर शाम पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने जारी की। इसके अनुसार, सहारनपुर से इमरान मसूद, अमरोहा से दानिश अली, देवरिया से अखिलेश प्रताप सिंह, फतेहपुर सीकरी से रामनाथ सिकरवार, बांसगांव से सदल प्रसाद, झांसी से प्रदीप जैन आदित्य और कानपुर से आलोक मिश्रा को उम्मीदवार बनाया गया है।

### कहां तक है यमुना डूब क्षेत्र? एनजीटी के जज परखेंगे सच्चाई



**आगरा, एजेंसी।** आगरा में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की मुख्य बेंच के जज डॉ. अफरोज अहमद यमुना डूब क्षेत्र की सच्चाई जानने के लिए दो दिन के दौरे पर 26 मार्च को आगरा आ रहे हैं। पहले दिन सर्किट हाउस में मंडलायुक्त, डीएम सहित 10 विभागों के अधिकारियों से प्रगति जानेंगे। दूसरे दिन यमुना डूब क्षेत्र का निरीक्षण करने जाएंगे।

यमुना डूब क्षेत्र का मामला 2016 से एनजीटी में चल रहा है। 2019 में एनजीटी ने दयालबाग में डूब क्षेत्र में खड़े अपार्टमेंट ध्वस्त कराए थे। फिर भी अवैध निर्माण नहीं रुके। एडीए की लापरवाही यहां भी सामने आई। ताज संरक्षित वन क्षेत्र के मामले में पिछले साल एनजीटी ने डीएम को डूब क्षेत्र निर्धारण के निर्देश दिए थे। जिसके बाद प्रशासन ने डूब क्षेत्र की मुड्डियां गढ़वाईं।

पोइया घाट पर राधा स्वामी सत्संग सभा ने डूब क्षेत्र में निर्माण कराया था। जिसे लेकर भी कार्रवाई शून्य रही। ऐसे में एनजीटी मुख्य बेंच के सदस्य न्यायमूर्ति डॉ. अफरोज अहमद इन क्षेत्रों का मुआयना करने जाएंगे। जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि सर्किट हाउस में 26 मार्च को सभी विभागों की बैठक होगी। जिसमें सिंचाई, वन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण, एडीए आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

**तलहटी तक खड़े अवैध निर्माण:** यमुना किनारा पर जोंस मिल के पीछे कृष्णा कॉलोनी में नदी की तलहटी तक अवैध निर्माण खड़े हो गए हैं। बल्केश्वर, रजवाड़ा, लोहिया नगर, राधा नगर, अनुराग नगर, खासपुर, पोइया घाट, लाल गढ़ी, नगला तल्फी, बाईपुर तक अवैध कॉलोनियां बस गई हैं। तलहटी तक अवैध निर्माणों के कारण नदी का जलग्रही क्षेत्र (केचमेंट) प्रभावित हो चुका है। इन निर्माणों के लिए सिंचाई विभाग व एडीए जिम्मेदार हैं।

# ज्वार की उत्पादन तकनीक



## ज्वार की खेती

**भूमि का चुनाव**

मटियार, दोमट या मध्यम गहरी भूमि, पर्याप्त जीवाष्म तथा भूमि का 6.0 से 8.0 पी.एच. सर्वाधिक उपयुक्त पाया गया है।

### भूमि की तैयारी

गर्मी के समय खेत की गहरी जुताई भूमि उर्वरकता,खरपतवार एवं कीट नियंत्रण की दृष्टि से आवश्यक है। खेत को ट्रेक्टर से चलने वाले कल्टीवेटर या बैलजोडी से चलने वाले बखर से जुताई कर जमीन को अच्छी तरह भूरभूरी कर पाटा चलाकर बोनी हेतु तैयार करना चाहिये।

### बोनी का समय

उत्पादन की दृष्टि से ज्वार में बोनी का समय बहुत महत्वपूर्ण है । ज्वार की फसल को मानसून आने के एक सत्पाह पहले सूखे में बोनी करने से उपज में 22.7 प्रतिशत वृध्दि पायी गयी है । साथ ही साथ जल्दी बोने से फसल में इसका मुख्य कीट तना मक्खी का प्रकोप कम पाया जाता है । सूखे में बोनी के लिये कीट नाशक दवा जैसे क्लोरोपायरीफास 2 प्रतिशत चूर्ण का 20 से 25 किलोग्राम प्रति हेक्टर की दर से भुरकाव करना आवश्यक है।

### बीज की मात्रा

एक हेक्टेयर क्षेत्र के लिये 8 से 10 किलो ग्राम स्वस्थ एवं 70 से-75 प्रतिशत अंकूरण क्षमता वाला बीज पर्याप्त होता है।

### बीजोपचार एवं कल्चर का उपयोग

फफूंद नाशक दवा थायामिथोक्सेम 70 डब्ल्यू. एस. की 3 ग्राम दवा प्रति किलो बीज के हिसाब से उपचारित करें। फफुंद नाशक दवा से उपचार के उपरान्त एवं बोअनी के पूर्व 10 ग्राम एजोस्प्रिलियम एवं पी.एस.एम. कल्चर का उपयोग प्रति किलो बीज के हिसाब से अच्छी तरह मिलाकर करें । कल्चर के उपयोग से ज्वार की उपज में 17.6 प्रतिशत वृध्दि पाई गई है।

### अधिक उत्पादन प्राप्त करने हेतु सही पौध संख्या

ज्वार की विपुल उत्पादन देने वाली जातियों तथा संकर जातियों में पौध संख्या 180,000 (एक लाख अस्सी हजार) प्रति हेक्टर रखने की अनुसंशा की जाती है । जिसे बीज को 45 से.मी. दूरी पर कतारों में 12 से.मी. दूरी पर पौधे रखने पर प्राप्त की जा सकती है । व्दिउद्दशीय ( दाना एवं कडबी ) वाली नई किस्मों जैसे जवाहर ज्वार 1022, जवाहर ज्वार 1041 एवं सी.एच.एस.18 की पौध संख्या 2,10,000 (दो लाख दस हजार) प्रति हेक्टेयर रखना चाहिये । यह पौध संख्या फसल को कतारों से कतारों की दूरी 45 से.मी. एव पौधे से पौधे की दूरी 10 से.मी. पर रखकर प्राप्त की जा सकती है ।

### खाद एवं उर्वरक

अच्छी उपज के लिये 80 किलो ग्राम नत्रजन, 40 किलो स्फुर, तथा 40 किलो ग्राम पोटाश प्रति हेक्टर देना चाहिये । बोनी के समय नत्रजन की आधी मात्रा तथा स्फुर और पोटाष की पूरी मात्रा बोनी के समय बीज के नीचे देवें । नत्रजन की शेष मात्रा जब फसल 30-35 दिनों की हो जाये, यानि पौधे जब घूटनों की ऊंचाई के हो तब पौधों से लगभग 10-12 से.मी. की दूरी पर साईड ड्रेसिंग के रूप में देकर डोरा चलाकर भूमि में मिला दें । जहां गोबर की खाद अथवा कम्पोस्ट खाद उपलब्ध हो वहां 5 टन प्रति हेक्टर देना लाभदायक होता है तथा इससे ज्वार का अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त होता है ।

### खरपतवार नियंत्रण

ज्वार फसल पर खरपतवार नियंत्रण हेतु कतारों के बीच व्हील हो या डोरा बोअनी के 15 से 20 दिन बाद एवं 30 से 35 दिन बाद चलावें । इसके तत्पश्चात कतारों के अंदर हाथों व्दारा निंदाई करें । संभव हो तो कुल्पे के दाते में रस्सी बांधकर पौधों पर मिट्टी चढावें । रासायनिक नियंत्रण में एट्राजीन 0.5-1.0 किलो प्रति हेक्टर सक्रिय तत्व को 500 लीटर पानी में मिलाकर बोनी के पश्चात एवं अंकूरण के पूर्व छिडकाव करें ।

ज्वार आधारित अर्न्तवर्तीय फसल में प्रभावी खरपतवार नियंत्रण हेतु एलाक्लोर खरपतवार नाशी की 1.5 किलोग्राम सक्रिय तत्व की 75 प्रतिशत मात्रा को 500 लिटर पानी में मिलाकर अंकुरण के पूर्व छिडकाव करने से अधिक उपज एवं आय मिली है ।

अंगिया ग्रस्त खेत में ज्वार के अनुकूल मौसम होने पर भी भुटटे में दाने नही भरते है। खरपतवार या निंदानाशक दवाओं के छिडकाव में भी अंगिया की रोकथाम की जा सकती है। 2-4 डी का सोडियम साल्ट, 2 किलो सक्रिय तत्व प्रति हेक्टर का छिडकाव करने से ज्वार में अंगिया की रोकथाम होती है । जब अंगिया की संख्या सीमित होती है तब अगिया को उखाडकर नष्ट किया जा सकता है।

### ज्वार के साथ अंतरवर्तीय फसले

इस पध्दति का उद्देश्य है जो किसान मुख्यतः ज्वार की खेती करते है वे प्रति इकाई क्षेत्र में एक ही समय में अधिक से अधिक उपज लें । 30 से.मी. की दूरी पर ज्वार की दो कतारे और 30 से.मी. पर सोयाबीन की दो कतारे इस तरह एकान्तर





प्रणाली में बोनी करने से ज्वार की पूरी उपज और सोयाबीन की कलगभग 6 से 8 क्विंटल प्रति हेक्टर उपज मिलती है ।

45 से.मी. की दूरी पर ज्वार की 4 कतारे और 45 से.मी. की दूरी पर तुवर की दो कतारें अथवा ज्वार की दो कतार एवं तुवर की एक कतार इस तरह एकान्तर प्रणाली महत्वपूर्ण खेत की बोवनी करें । ज्वार की पैदावार में आंशिक कमी आयेगी परंतु तुवर की उपज 6-8 क्विंटल प्रति हेक्टर प्राप्त होगी ।

### नमी संरक्षण

मेड़ एवं कुण्ड तकनीकी से ज्वार की बुआई करने से अधिकतम उत्पादन प्राप्त होता है। साथ ही भूमि की नमी का भरपूर उपयोग हो पाता है। 6 टन प्रति हेक्टेर की दर से हरे खरपतवार आच्छादन करने से अधिक उत्पादन एवं आय प्राप्त होती है।

### पौध संरक्षण

ज्वार की फसल में अनेक प्रकार के कीट पाए जाते है इनमें प्रमुख है तना छेदक मक्खी यानि शूट फलाय, तना छेदक इल्ली यानी स्टेम बोरर और भुट्टो के कीट इनमें मुख्यतः मिज मक्खी अधिक हानि पहुँचाती है ।

### तना छेदक मक्खी

यह कीट वयस्क घरेलू मक्खी की तुलना में आकार में छोटी होती है । इसकी मादा पत्तों के नीचे सफेद अंडे देती हैं । इन अंडे से 2 से 3 दिनों में इल्लियां निकलकर पत्तों के भोगंलों से होते हुवे तनो के अंदर प्रवेष करती है । और तनों के बढने वाले भाग को खा कर खत्म करती है यानी नाड़ा बनाती है । ऐसे पौधों में भुट्टे नही बन पाते ।

**नियंत्रण के उपाय:** जैसे पूर्व में बताया गया है, की ज्वार की फसल को मानसून आने के एक सत्पाह पहले सूखे में बोनी कर ली जावे तो इस कीट से हानि कम होती है । बोनी के समय बीज के नीचे फोरेट 10 प्रतिषत दानेदार कीट नाषक 12 से 15 किलोग्राम प्रति हेक्टर के मान से देवें । देरी से बोनी होने पर सवाया बीज बोये ।

### तना छेदक इल्ली

इस कीट की वयस्क मादा मक्खी पत्तों की निचली सतह पर 10 से लेकर 80 के गुच्छों में अंडे देती है जिनसे 4 से 5 दिनों में इल्लियां निकलकर पत्तों के भोगंलों में प्रवेष करती है । तनों के अंदर वे सुरंग बनाती है और अतंतः नाडा बनाती है इस कीट की पहचान पत्तों में बने छेदों से की जा सकती है । जो इल्लियां भोगंलों में प्रवेष के समय बनाती है ।

### नियंत्रण के उपाय

पौधे जब 25 से 35 दिनों की अवस्था के हो तब पत्तों के भोंगलो में कार्बोफयुरान 3 प्रतिषत दानेदार कीट नाषक के 5 से 6 दाने प्रति पौधे की मात्रा में डालें । लगभग 8 से 10 किलोग्राम कीटनाषक एक हेक्टर के लिये लगता है

### भुट्टो के कीट

इनमें मीज मक्खी प्रमुख है । सामान्यतः तापमान जब गिरने लगता है तब कीट दिखाई देता है । इस कीट की वयस्क मादा मक्खी नारंगी-लाल रंग की होती है । जो फूलों के अंदर अंडे देती है, अंडो से 2 से 3 दिन में इल्लियां निकलकर फूलों के अंडकोपो को खाकर नष्ट करती है। परिणामस्वरूप भुट्टो में कई जगह दाने नही बन पाते।

### नियंत्रण के उपाय

खेत में जब 90 प्रतिषत पौधों में भुट्टे पोटो से बाहर निकल आवें तब भुट्टों पर मेलाथियान 50 ई.सी. (1 लीटर प्रति हेक्टर) तरल कीट नाषक को 500-600 लीटर पानी में मिलाकर छिडकाव करें । आवष्यकता हो तो 10-15 दिनों बाद छिडकाव दोहरा दे । यदि तरल कीटनाशक उपलब्ध न हो तो मेलाथियान 5 प्रतिशत चूर्ण का भूरकाव 12 से 15 किलोग्राम प्रति हेक्टर की दर से करें ।

### पौध रोग

संकर किस्मों और नई किस्मों के पत्तों पर पर्ण चित्ती रोग कम दिखाई देते है क्योकि उनमें इन रोगों के लिए प्रतिरोधिकता का आनुवांशिक गुण है । कंडवा रोग भी नई किस्मों में नही दिखाई देता । पौध सड़न अथवा कंडवा का नियंत्रण बीज को कवकनाषी दवा से उपचारित करने से संभव है चूँकि ज्वार की नई किस्में लगभग 95 से 110 दिनों में पकती है, दाने पकने की अवस्था में वर्षा होने से दानों पर काली अथवा गुलाबी रंग की फफूंद की बढवार दिखाई देती है । दाने पोचे हो जाते है, उनकी अंकूरण क्षमता कम हो जाती है और मानव आहार के लिये ऐसे दाने उपयुक्त नही है ।

**नियंत्रण के उपाय**

इस रोग के सफल नियंत्रण के लिये यदि ज्वार फूलने के समय वर्षा होने से वातावरण में अधिक नमी हो तो डाईथेन - एम.45 (0.3 प्रतिशत) के मिश्रण के घोल का छिडकाव तीन बार भुट्टो पर करना चाहिये ।

1. फुलने के समय
2. दाने दूध की अवस्था में हो तब, और
3. दाने पक रहें हो तब

### फसल की कटाई

फसल की कटाई कार्यकीय परिपक्वता पर करना चाहिये । ज्वार के पौधों की कटाई कर के ढेर लगा देते है । बाद में पौध से भुट्टो को अलग कर लेते है तथा कडबी को सुखाकर अलग ढेर लगा देते है यह बाद में जानवरों को खिलाने में काम आती है दानों को सुखाकर जब नमी 10 से 12 प्रतिशत हो तब भंडारण करना चाहिये ।



# उड़द का विपुल उत्पादन



## उड़द की खेती

मानसिक विकार पेट की बीमारियाँ तथा गठियावात जैसी बीमारियो को दूर करने की क्षमता होती उड़द एक महत्वपूर्ण दलहन फसल है। उड़द की खेती प्राचीन समय से होती आ रही है। हमारे धर्म ग्रंथो मे इसका कई स्थानो पर वर्णन पाया गया है। उड़द का उल्लेख कौटिल्य के ÷अर्थशास्त्र तथा चरक सहिंता÷ मे भी पाया गया है। वैज्ञानिक डी कॅडोल (1884) तथा वेवीलोन (1926) के अनुसार उड़द का उद्गम तथा विकास भारतीय उपमहाद्वीप मे ही हुआ है।

उड़द की फसल कम समयावधि मे पककर तैयार हो जाती है। इसकी फसल खरीफए रबी एवं ग्रीष्म मौसमो के लिये उपयुक्त फसल है। हमारे देश मे उड़द का उपयोग प्रमुख रूप से दाल के रूप मे किया जाता है। उड़द की दाल व्यंजन जैसे कचैड़ी, पापड़, बड़ी, बड़े, हलवा,इमरती,पूरी,इडली,डोसा आदि भी तैयार किये जाते है। इसकी दाल की भूसी पशु आहार के रूप मे उपयोग की जाती है। उड़द के हरे एवं सूखे पौधो से उत्तम पशु चारा प्राप्त होता है। उड़द दलहन फसल होने के कारण वायुमण्डल की नाइट्रोजन का स्थिरीकरण करके भूमि की उर्वरा शक्ति मे वृद्धि करती है। इसके अतिरिक्त उड़द को उगाने से खेत मे पत्तियाँ एवं जड़ रह जाने के कारण भूमि मे कार्बनिक पदार्थ की मात्रा बढ़ जाती है। उड़द की फसल को हरी खाद के रूप मे उपयोग किया जा सकता है। उड़द के दानो मे औषधि गुण भी विद्यमान होते है। इसके दानो मे मधुमेहए शीघ्रपतन है।

### पोषण मे योगदान -

भोजन का मुख्य अंग प्रोटीन होता है जो कि माँस,मछ्ली,अण्डा एवं दूध से प्राप्त होता है। भारत की जनसंख्या का अधिकांश भाग शाकाहारी होने के कारण प्रोटीन की पूर्ति दालो से ही होती है। सभी दालो मे उड़द की दाल मे सबसे अधिक प्रोटीन होता है। अतः उड़द की दाल का भोजन में महत्वपूर्ण स्थान है। प्रोटीन के अतिरिक्त इसमे कई प्रकार के महत्वपूर्ण विटामिन एवं खनिज लवण भी पाये जाते है यह स्वास्थ्य के लिये लाभप्रद होते है। उड़द की पोषक मूल्य सारणी -1 मे दिया गया है।

### उत्पादन तकनीक

**जलवायु** - उड़द के लिये नम एवं गर्म मौसम की आवश्यकता पड़ती है। उड़द की फसल की अधिकतर जातियाँ प्रकाशकाल के लिये संवेदी होती है। वृद्धि के लिये 25-30 डिग्री सेंटीग्रेट तापमान उपयुक्त होता है। 700-900 मिमी वर्षा वाले क्षेत्रो मे उड़द को सफलता पूर्वक उगाया जाता है। फूल अवस्था पर अधिक वर्षा होना हानिकारक है। पकने की अवस्था पर वर्षा होने पर दाना खराब हो जाता है। जिले की जलवायु उड़द के लिये अति उत्तम है। उड़द की खरीफ एवं ग्रीष्म कालीन खेती की जा सकती है।

### भूमि का चुनाव एवं तैयारी -

उड़द की खेती विभिन्न प्रकार की भूमि मे होती है। हल्की रेतीली, दोमट या मध्यम प्रकार की भूमि जिसमे पानी का निकास अच्छा हो उड़द के लिये अधिक उपयुक्त होती है। पी.एच. मान 7-8 के बीच वाली भूमि उड़द के लिये उपजाऊ होती है। अम्लीय व क्षारीय भूमि उपयुक्त नही है। वर्षा आरम्भ होने के बाद दो- तीन बार हल या बखर चलाकर खेत को समतल करे । वर्षा आरम्भ होने के पहले बोनी करने से पौधो की बढ़वार अच्छी होती है।

### बीज की मात्रा एवं बीजउपचार -

उड़द का बीज6-8 किलो प्रति एकड़ की दर से बोना चाहिये। बुबाई के पूर्व बीज को 3 ग्राम थायरम या 2.5 ग्राम डायथेन एम-45 प्रति किलो बीज के मान से उपचारित करे। जैविक बीजोपचार के लिये ट्राइकोडर्मा फफूँद नाशक 5 से 6 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपयोग किया जाता है।

### बोनी का समय एवं तरीका -

मानसून के आगमन पर या जून के अंतिम सप्ताह मे पर्याप्त वर्षा होने पर बुबाई करे । बोनी नाली या तिफन से करे, कतारों की दूरी 30 सेमी. तथा पौधो से पौधो की दूरी 10 सेमी. रखे तथा बीज 4-6 सेमी. की गहराई पर बोये।

### खाद एवं उर्वरक की मात्रा -

नत्रजन 8-12 किलोग्राम व स्फुर 20-24 किलोग्राम पोटाश 10 किलोग्राम प्रति एकड़ के हिसाब से दे। सम्पूर्ण खाद की मात्रा बुबाई की समय कतारो मे बीज के ठीक नीचे डालना चाहिये। दलहनी फसलो मे गंधक युक्त उर्वरक जैसे सिंगल सुपर फास्फेट, अमोनियम सल्फेट, जिप्सम आदि का उपयोग करना चाहिये। विशेषतः गंधक की कमी वाले क्षेत्र मे 8 किलो ग्राम गंधक प्रति एकड़ गंधक युक्त उर्वरको के माध्यम से दे।

**सिंचाई**- क्रांतिक फूल एवं दाना भरने के समय खेत मे नमी न हो तो एक सिंचाई देना चाहिये।

**निदाई-गुड़ाई** - खरपतवार फसलो की अनुमान से कही अधिक क्षति पहुँचाते है। अतः विपुल उत्पादन के लिये समय पर निदाई-गुड़ाई कुल्पा व डोरा आदि चलाते हुये अन्य आधुनिक नींदानाशक का समुचित उपयोग करना चाहिये। नींदानाशक वासालिन 800 मिली. से 1000 मिली. प्रति एकड़ 250 लीटर पानी मे घोल बनाकर जमीन बखरने के पूर्व नमी युक्त खेत मे छिड़कने से अच्छे परिणाम मिलते है।

### उड़द में एकीकृत नाशी कीट प्रबंधन

**क्ली वीटिक (पिस्सू भृंग)**- यह उड़द तथा मूंग का एक प्रमुख हानिकारक कीट है। इस कीट के भृंग तथा प्रौढ़ दोनों ही हानिकारक अवस्थायें है। भृंग रात्रि में सक्रिय रहकर पत्तियों पर छेद बनाकर क्षति पहुँचाते हैं। अधिक प्रकोप की स्थिति में 200 से अधिक छेद एक पत्ती पर पाए जा सकते हैं गर्मियों में बोई जाने वाली उड़द, मूंग को इस कीट से ज्यादा हानि देखी गई है। इस का भृंग (ग्रव) भूमिगत रहकर उड़द, मूंग तथा ग्वार आदि फसलों में जड़ों एवं तनों को क्षति पहुंचाते हैं। भृंग मुख्यतः उड़द की जड़ों में छेदकर घुस जाते हैं व खाकर ग्रंथियों को नष्ट करते हैं। जिससे 25 से 60 प्रतिशत तक गांठे प्रति पौधा नष्ट कर दी जाती है। इस प्रकार पौधों की नत्रजन स्थरीकरण की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इससे उत्पादन में अत्यधिक कमी आती है। प्रौढ़ भृंग भूरे रंग के धारीदार होते हैं जबकि भृंग (ग्रव) मटमैले सफेद रंग के भूमिगत होते हैं।

**पत्ती मोड़क कीट (इल्ली)**- प्रौढ़ कीट के पंख पीले रंग के होते हैं। इल्लियां हरे रंग की तथा सिर पीले रंग का होता है। इस कीट की इल्लियाँ ही प्रमुख रूप से हानि पहुँचाती हैं। इल्लियां पत्तियों को ऊपरी सिरे से मध्य भाग की ओर मोड़ती है। यही इल्लियां कई पत्तियों को चिपका कर जाला भी बनाती है। इल्लियां इन्हीं मुड़े भागों के अन्दर रहकर पत्तियों के हरे पदार्थ (क्लोरोफिल) को खा जाती हैं जिससे पत्तियां पीली सफेद पड़ने लगती है। कभी कभी क्षति प्रकोप अधिक होने पर पत्तियों की शिरायें ही बाकी रह जाती हैं।

**सफेद मक्खी**- इस कीट के प्रौढ़ एवं शिशु दोनों ही हानिकारक अवस्थाएं हैं। ये हल्का पीलापन लिए हुए सफेद रंग के होते हैं। शिशु पंखहीन होते हैं जबकि प्रौढ़ पंखयुक्त होते हैं। दोनों ही पत्तियों की निचली सतह पर रहकर रस चूसते रहते हैं जिससे पौधे कमजोर होकर सूखने लगते हैं। यह कीट अपनी लार से विषाणु पौधों पर पहॅचाता है एवं ''यलो मौजेक'' नामक बीमारी फैलाने का कार्य करते हैं। यही कारण है कि यह एक अत्यन्त हानिकारक कीट सिद्ध होते हैं।पीले मोजेक का नियत्रंण रोग शुरु होते ही प्रारम्भ होते ही कर देना चाहिये । पीले रोग ग्रस्त पौधो को उखाड़ कर नस्ट कर दे तथा फसल को डायमेथोएट 30ई.सी. 2मिली./ली. पानी के साथ घोल कर छिडकाव करे यह विषाणु ''पीला मौजेक'' का प्रभावी उपचार है। अतः केवल स्वस्थ्य पौधों को इस की द्वारा प्रकोप से बचाकर ही इस बीमारी की रोकथाम की मध्य प्रदेश में उड़द-मूंग को सर्वाधिक क्षति सफेद मक्खी द्वारा जनित ''यलो मौजेक'' रोग से ही होती है। यहाँ तक की कम संख्या में भी यह कीट अत्यन्त हानिकारक है। सफेद मक्खी द्वारा इस फसल में 10 से 40 प्रतिशत तक उपज में कमी दर्ज की गई है।

**पत्तियां भेदक इल्लियां**- विभिन्न प्रकार की इल्लियां उड़द व मूंग की पत्तियों को क्षति पहुंचाकर उपज पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। इसमें बिहार रोमिल इल्ली, लाल रोमिल इल्ली, तम्बाकू, इल्ली अर्द्ध गोलाकार (सेमीलूक) इल्ली आदि पत्ती भक्षक इल्लियां हानि पहुँचाती है। इस दशक में बिहार रोमिल इल्ली प्रमुख रूप से क्षति कारक है।

**बिहार रोमिल इल्ली**- इस कीट का प्रौढ़ मध्यम आकार का तथा प्रौढ़ के पंख भूरे पीले रंग के होते हैं। प्रौढ़ पंख में किनारे लाल रंग के एवं अग्र पंख जोड़ों पर काले धब्बे होते है। इल्लियां छोटी अवस्था में झुण्ड में रहकर पत्तियों को खाती हैं जिससे पत्ती पर जाला नुमा आकृति बन जाती है। बड़ी इल्लियाँ फसल में फैलकर पत्तियों में अत्यधिक क्षति पहुँचाती है। इनके शरीर पर घने बाल या रोय होते हैं। जिस कारण इन्हें ''कंबल कीट'' भी कहा जाता है। अत्यधिक प्रकोप की स्थिति में पौधे पत्ती विहीन होकर केवल ढांचे के रूप में रह जाते हैं। इनके प्रकोप से पौधे में दाने छोटे व उपज कम हो जाती है।

### रासायनिक कीटनाशकों में उपयोग हेतु सुझाव

1. कीटनाशी रसायन का घोल बनाते समय उसमें स्टीकर (चिपचिपा) पदार्थ जरूर मिलाएं ताकि वर्षा जल से कीटनाशक पत्ती व पौधे पर से घुलकर न बहें।
2. धूल (डस्ट) कीट नाशकों का भुरकाव सदैव सुबह के समय करें।
3. दो या अधिक कीटनाशकों का व्यापारिक सलाह पर मिश्रण न करें। कीटों में प्रतिरोधकता रोकने हेतु सदैव हर मौसम में कीटनाशक बदल-बदल कर उपयोग करें।
4. कीट नाशक का घोल सदैव पहले डबले या मग्गे में बनाएं उसके बाद उसे स्प्रेयर की टंकी में पानी के साथ मिलाएं। कभी भी टंकी में कीटनाशक न डालें।

### उडद में एकीकृत रोग प्रबंधन प्रमुख रोग

**1. पीला चित्तेरी रोग**- इस रोग की प्रारम्भिक अवस्था में चित्तकवरे धब्बे के रूप में पत्तियों पर दिखाई पड़ते हैं। बाद में धब्बे बड़े होकर पूरी पत्ती पर फैल जाते हैं। जिससे पत्तियों के साथ-साथ पूरा पौधा भी पीला पड़ जाता है।यदि यह रोग आरम्भिक अवस्था में लग जाता है तो उपज में शतप्रतिशत हानि संभव है। यह रोग विषाणु द्वारा मृदा, बीज तथा संस्पर्श द्वारा संचालित नहीं होता है। जबकि सफेद मक्खी जो चूसक कीट है के द्वारा फैलता है।

**2. पर्ण व्याकुंचन रोग या झुर्रीदार पत्ती रोग** - यह भी विषाणु रोग है। इस रोग के लक्षण बोने के चार सप्ताह बाद प्रकट होते हैं। तथा पौधे की तीसरी पत्ती पर दिखाई पड़ते हैं। पत्तियाँ सामान्य से अधिक वृद्धि तथा झुर्रियां या मड़ोरपन लिये हुये तथा खुरदरी हो जाती है। रोगी पौधे में पुष्पक्रम गुच्छे की तरह दिखाई देता है। फसल पकने के समय तक भी इस रोग में पौधे हरे ही रहते हैं। साथ ही पीला चित्तेरी रोग का संक्रमण हो जाता है।

**3. मौजेक मौटल रोग**- इस रोग को कुर्बरता के नाम से भी जाना जाता है तथा इसका प्रकोप मूंग की अपेक्षा उर्द पर अधिक होता है। इस रोग द्वारा पैदावार में भारी हानि होती है। प्रारम्भिक लक्षण हल्के हरे धब्बे के रूप में पत्तियों पर शुरू होते हैं बाद में पत्तियाँ सिकुड़ जाती हैं तथा फफोले युक्त हो जाती हैं। यह विषाणु बीज द्वारा संचारित होता है।

**4. पर्ण कुंचन**- यह रोग प्रारम्भिक अवस्था से लेकर पौधे की अंतिम अवस्था तक प्रकट हो सकता है। प्रथम लक्षण सामान्यतः तरूण पत्तियों के किनारों पर, पार्श्व शिराओं व उनकी शाखाओं के चारों ओर हरीमहीनता का प्रकट होना है। संक्रमित पत्तियों के सिरे नीचे की ओर कुंचित हो जाते हैं तथा यह भंगुर हो जाती है ऐसी पत्तियों को यदि उंगली द्वारा थोड़ा झटका दिया जाये तो यह ढंठल सहित नीचे गिर जाती है। यह भी विषाणु जनित बीमारी है जो थ्रिप्स कीट द्वारा संचारित होती है।

**5. सरकोस्पोरा पत्ती बुंदकी रोग**- पत्तियों पर गहरे भूरे रंग के धब्बे पड़ जाते हैं। जिनकी बाहरी सतह भूरे लाल रंग की होती है। यह धब्बे पौधे की शाखाओं एवं फलियों पर भी पड़ जाते हैं। अनुकूल परिस्थितियों में यह धब्बे बड़े आकार के हो जाते हैं तथा पुष्पीकरण एवं फलियाँ बनने के समय रोग ग्रसित पत्तियाँ गिर जाती हैं। अनुकूल वातावरण में रोग उग्र रूप ले लेता है जिसके कारण बीज भी संक्रमित हो जाते है।

**6. श्याम वर्ण (एन्थ्रेकनोज)**- उड़द का यह रोग एक फफूंद जनित बीमारी है। बीमारी के लक्षण पौधे के सभी वायवीय भागों पर एवं वृद्धि की किसी भी अवस्था में प्रकट हो सकते हैं। पत्तियों एवं फलियों पर हल्के भूरे से गहरे भूरे, काले रंग के वृत्ताकार धब्बे दिखाई पड़ते हैं। धब्बों का मध्य भाग गहरे रंग का होता है एवं किनारे हल्के लाल रंग के होते हैं। रोग का अत्यधिक संक्रमण होने पर रोगी पौधा मुरझाकर मर जाता है। यदि बीज के अंकुरण होने पर शुरू में ही रोग का प्रकोप हो जाता है तो बीजोकुट झुलस जाता है।

**7. चारकोल (मेक्रोफामिना) झुलसा**- यह भी एक फफूंद जनित बीमारी है। जो मेक्रोफोमिना फेसियोलियाना से होता है। एक से ड़ेढ़ माह की फसल में तने के आधार वाले भाग से सफेद केन्कर जैसे फेसियोलियाना हो जाते है। एक से ड़ेढ़ माह की फसल में तने के आधार वाले भाग में सफेद केन्कर जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। उसके बाद ये भूरी धारियों में परिवर्तित होकर ऊपर की ओर बढ़ते हैं।

रोगी पौधों की वृद्धि रूक जाती है जिससे वे वौने दिखाई देते है। पत्तियों का रंग गहरा हरा एवं चित्तीदार हो जाता है एवं आकार में छोटी हो जाती है। रोग ग्रसित पौधे की सामान्य पत्तियाँ भी अचानक झड़ने एवं सूखने लगती है। रोग से पौधे की फूल एवं फली बनने की क्रिया प्रभावित होती है। रोगी पौधों के कॉलर क्षेत्र के नीचे ऊर्ध्वाधर अवस्था में देखने पर उसमें लाल भद्दे कलर की रंगहीनता दिखाई देती है जबकि जड़ के आन्तरिक अटकों में सफेद रंग की संरचना दिखती है।





# सच्ची घटना पर आधारित है द गोट लाइफ

**पृथ्वीराज सुकुमारन जल्द ही द गोट लाइफ फिल्म में नजर आएंगे। ये फिल्म फेमस मलयालम नॉवेल आदुजीविथम पर आधारित है। फिल्म जीवन नजीब की रियल जिंदगी पर बेस्ड है, जहां उनके बेहतर जीवन की तलाश में परेशानियों से भरी अवास्तविक यात्रा को दिखाया जाएगा।**

द गोट लाइफ के ट्रेलर को शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। इस बात पर पृथ्वीराज ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा- लोगों के इस तरह के रिएक्शंस देखकर बहुत खुशी महसूस हो रही है। सच कहूं तो ये फिल्म मेरी जिंदगी का बहुत अहम हिस्सा है। मैंने द गोट लाइफ के लिए साल 2008-2009 में हामी भरी थी। अब देखिए साल 2024 में ये रिलीज हो रही है। ये 16 साल किसी की भी जिंदगी के लिए बहुत ज्यादा होते हैं। मलयालम इंडस्ट्री की बात करें, तो इन सालों में हमारी मलयालम इंडस्ट्री में भी बहुत बदलाव आए हैं। फिल्म के आइडिया से लेकर रिलीज तक वक्त जरूर लगा, लेकिन यकीन मानिए फिल्म को बनाने में किसी भी तरह का कॉम्प्रोमाइज नहीं किया गया है। इस फिल्म के बाद मैं जितनी भी फिल्में करूंगा, मुझे ऐसा लगता है द गोट लाइफ मेरे लिए हमेशा बहुत खास रहेगी।

### फिल्म में डायलॉग्स कम, साइलेंस ज्यादा है

डायरेक्टर ब्लेसी की इमोशंस में बेहतरीन पकड़ है। इस पर पृथ्वीराज बोले- ब्लेसी ने अपने करियर में शानदार फिल्में बनाई हैं। ऑडियंस ब्लेसी का नाम सुनते ही फिल्में देखना चाहते हैं, फिर चाहे उस फिल्म में कोई भी एक्टर हो। मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में ब्लेसी को लोग बहुत मानते हैं।

### दर्शकों को नजीब के एहसासों को महसूस कराना चाहते हैं

पृथ्वीराज ने आगे बताया- लोगों को लगता है नजीब का किरदार निभाने से पहले मैं उनसे मिला होऊंगा। लेकिन ऐसा नहीं है। मैं नजीब से पहली बार तब मिला, जब मैंने द गोट लाइफ का आखिरी शॉट खत्म किया था। हम लोगों ने उन्हें फिल्म के सेट पर शूट के आखिरी दिन बुलाया था। इस फिल्म के जरिए हम बुक के हर एक इंसिडेंट को नहीं दिखा सकते, बल्कि हम लोगों को वो महसूस कराना चाहते हैं, जो उस समय नजीब ने महसूस किया था।

### द गोट लाइफ फिल्म को अवॉर्ड मिलने की उम्मीद की जा रही है

ब्लेसी एक नेशनल अवॉर्ड विनर रहे हैं। कहा जा रहा है कि उन्हें और पृथ्वीराज सुकुमारन को इस फिल्म के लिए अवॉर्ड भी मिलेगा। ना कि नेशनल बल्कि इंटरनेशनल अवॉर्ड जैसे कि एकेडमी की भी उम्मीद की जा रही है। फिल्म की कहानी वाकई ग्लोबली बहुत अच्छी है। ऐसे में पृथ्वीराज का अवॉर्ड के बारे में क्या सोचना है? इस बात का जवाब देते हुए पृथ्वीराज ने कहा- मुझे बहुत अच्छा लगेगा अगर मेरी मेहनत लोगों के दिलों तक पहुंचेगी और मुझे अवॉर्ड मिलेगा। लेकिन ईमानदारी से कहूं तो अवॉर्ड मेरे लिए सेकेंडरी है। मैं चाहता हूं ये फिल्म दुनिया के ज्यादा से ज्यादा लोग देखें। लोग जानें कि नजीब ने असल में कैसा महसूस किया था। लोग जानें कि नजीब को अपनी यात्रा पर कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। किस तरह से नजीब ने उन मुश्किल हालातों का डटकर सामना किया था। मुझे सबसे ज्यादा खुशी तब मिलेगी जब लाखों लोग ये फिल्म देखेंगे और कहेंगे कि इस फिल्म ने उनके दिल को छुआ है।



# नहीं चली फिल्में, तो राजनीति करेंगी नेहा शर्मा?

बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा, जिनका फिल्मी सफर कुछ खास नहीं रहा, अब वह भी राजनीति में उतरने की प्लानिंग कर रही हैं। ऐसा हम नहीं, बल्कि उनके पिता अजय शर्मा, जो कि एक कांग्रेस नेता हैं, उन्होंने बताया है। आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में नेहा को अगर पार्टी से टिकट मिला तो वह चुनाव लड़ सकती हैं। बिहार के भागलपुर से विधायक अजय शर्मा ने कहा कि अगर उनकी पार्टी को महागठबंधन सीट-बंटवारे पर चर्चा के बाद, इसी सीट से चुनाव लड़ने का मौका मिलता है, तो उनकी बेटी को इस निर्वाचन क्षेत्र से टिकट मिल सकता है। अजय शर्मा ने बताया, कांग्रेस को भागलपुर सीट मिलनी चाहिए क्योंकि यह हमारा गढ़ है, सीट बंटवारे पर बातचीत चल रही है। अगर हमें यह सीट मिलती है, तो यह पार्टी आलाकमान को तय करना है कि कौन चुनाव लड़ सकता है। अगर पार्टी मुझसे पूछेगी, तो मैं चुनाव लड़ूंगा या शायद मेरी बेटी नेहा शर्मा इस निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ सकती हैं। हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा। नेहा शर्मा का जन्म बिहार के भागलपुर में हुआ है। उन्होंने अपनी पढ़ाई-लिखाई इसी शहर से की है। मॉडलिंग और एक्टिंग करने के बाद फिल्मों में आईं। सोशल मीडिया पर भी वह खासा एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर तो उनके 21 मिलियन फॉलोवर्स हैं, जहां वह दिलकश अंदाज वाले पोस्ट शेयर कर फैन्स को मदहोश कर देती हैं। मगर अब वह राजनीति में कदम रखने जा रही हैं। देखना दिलचस्प होगा कि यहां उनका सफर कैसा मोड़ लेता है।

# राशि खन्ना की द साबरमती रिपोर्ट की शूटिंग पूरी



कुछ समय पहले जारी हुए द साबरमती रिपोर्ट के टीजर ने सभी फैंस को फिल्म के लिए उत्साहित कर दिया था। 12वीं फेल की भारी सफलता के बाद, विक्रांत मैसी गोधरा ट्रेन जलने की घटना पर आधारित एक और मनोरंजक कहानी के साथ वापस आ गए हैं। उन्होंने जो क्लिप साझा की, उसमें फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की गई और अब मुख्य अभिनेत्री राशि खन्ना ने कई बीटीएस तस्वीरें साझा कर फिल्म की शूटिंग पूरी होने की घोषणा कर दी है। राशि खन्ना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर द साबरमती रिपोर्ट के सेट से कुछ तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए राशि ने लिखा, और यह द साबरमती रिपोर्ट का रैपअप है जहां हमने कुछ सच्चाइयों और समयसीमाओं का पीछा किया। यहां कहानियों की ताकत और आवाजें हैं जिन्हें सुनने की जरूरत है। आप सभी इस कहानी को बड़े पर्दे पर देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते। साथ ही, इस समर्पित और अद्भुत टीम के साथ काम करने के लिए बेहद आभारी हूं। फिल्म के निर्देशक रंजन चंदेल ने भी रैपअप पार्टी से कुछ तस्वीरें भी साझा कीं। 27 फरवरी को, विक्रांत मैसी और द साबरमती रिपोर्ट के रचनाकारों ने अपने व्यक्तिगत सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो क्लिप जारी की और फैंस को उनकी आगामी फिल्म की दुनिया से परिचित कराया।




# ईद के अवसर पर प्रदर्शित होगी बड़े मियां छोटे मियां, 26 को आएगा ट्रेलर

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ अपनी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के प्रमोशन में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं। दोनों ने IPL के 17वें एडिशन की ओपनिंग सेरेमनी में समां बांध दिया। वे बाइक पर पूरे स्टेडियम का चक्कर लगाते दिखे। फैंस भी इस जोड़ी को बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेताब है। अब के ट्रेलर के संबंध में अपडेट मिली है। इस एक्शन एंटरटेनर फिल्म का ट्रेलर 26 मार्च को लॉन्च किया जाएगा। फिल्म में साउथ इंडियन स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर भी नजर आएंगी। फिल्म ईद के मौके पर 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म अपनी कहानी, प्रदर्शन और हाई-ऑक्टेन एक्शन दृश्यों के साथ दर्शकों को लुभाने का वादा करती है। एएजेड फिल्म्स के सहयोग से वाशु भगनानी और पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत फिल्म अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित है। इसका निर्माण वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा और अली अब्बास जफर ने किया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में साल 1998 में इसी नाम से आई कॉमेडी फिल्म में अमिताभ बच्चन और गोविंदा की जोड़ी ने धमाल मचाया था।



# भूल भुलैया 3 के एंट्री सॉन्ग में 1000 डांसर के साथ थिरकेंगे कार्तिक

कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की इस तीसरी फिल्म को मेकर्स हर स्तर पर खास बनाने की तैयारी में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में कार्तिक का एंट्री सॉन्ग बहुत धांसू होने वाला है।

इसमें अभिनेता 1000 डांसर्स के साथ थिरकते नजर आएंगे। कार्तिक आर्यन के साथ इस फिल्म में विद्या बालन और तृप्ति डिमरी भी नजर आएंगी। फिल्म में माधुरी दीक्षित के जुड़ने की भी खबरें हैं, हालांकि अभी कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।



# स्वातंत्र्य वीर सावरकर में यमुनाबाई का रोल करने के लिए अंकिता ने नहीं किया एक भी रुपया चार्ज

रणदीप हुड्डा की डायरेक्टेड फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर 22 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसमें अंकिता लोखंडे भी नजर आई हैं। उन्होंने सावरकर की पत्नी यमुनाबाई का रोल किया है। उनके अभिनय की तारीफ भी हो रही है। अब मूवी के प्रोड्यूसर ने खुलासा किया है कि एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे ने फिल्म के लिए एक भी रुपया चार्ज नहीं किया। ऐसी भूमिकाएं चुनने के बारे में अंकिता लोखंडे ने कहा, ऐसे किरदार स्वाभाविक रूप से मेरे पास खुद आते हैं, मैं इसे जानबूझकर नहीं चुनती। फिल्म के निर्माता संदीप ने कहा कि वह हाई कैलिबर वाली एक्ट्रेस हैं और इसलिए उन्हें ऐसी मजबूत भूमिकाएं मिलती हैं। जब उनसे पूछा गया कि अंकिता ने फिल्म के लिए पैसा क्यों नहीं लिया, तो उन्होंने कहा, संदीप मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। वह फिल्म लेकर मेरे पास आए थे। वह फिल्म के बजट को लेकर पहले से ही परेशान थे, मैंने उनका साथ दिया।



# राजनीति में फिर से किस्मत आजमाना चाहते हैं गोविन्दा

लोकसभा चुनाव 2024 नजदीक है। ऐसे में अब फिल्म स्टार्स के भी चुनावी मैदान में उतरने की खबरें आ रही हैं। इस बीच मीडिया रिपोर्ट्स में गोविंदा छाए हुए हैं। कहा जा रहा है कि कांग्रेस के पूर्व सांसद गोविंदा महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले धड़े में शामिल हो सकते हैं। गोविंदा को मुंबई उत्तर पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से शिवसेना-यूबीटी के अमोल कीर्तिकर के खिलाफ मैदान में उतारा जाएगा, जो शिंदे खेमे के मौजूदा सांसद गजानन कीर्तिकर के बेटे हैं। शिंदे की मौजूदगी में जल्द ही गोविंदा की एंट्री होने की उम्मीद है। हालांकि शिंदे गुट के प्रवक्ता ने इस बारे में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। सूत्रों के मुताबिक शिंदे गुट मौजूदा सांसद गजानन की उम्र को देखते हुए गोविंदा को उम्मीदवार बनाना चाह रहा है। गोविंदा ने साल 2004 में कांग्रेस के टिकट पर उत्तरी मुंबई से लोकसभा चुनाव लड़ा था और भाजपा के दिग्गज नेता राम नाइक को मात दी थी। फिर 2009 में उन्होंने राजनीति को वक्त की बर्बादी बताते हुए दूरी बना ली थी लेकिन अब वह फिर से किस्मत आजमा चाहते हैं। हाल ही गोविंदा ने मुख्यमंत्री शिंदे से मुलाकात की थी। उल्लेखनीय है कि 60 वर्षीय गोविंदा पिछले कुछ सालों से बॉलीवुड में काफी कम एक्टिव हो गए हैं।

# लोगों से मीटिंग करके थक गया हूं, वक्त बर्बाद करने वालों पर भड़के अनुराग कश्यप

बॉलीवुड फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने इंडस्ट्री में कई न्यूकमर्स को मौका दिया है। अपने अनोखे निर्देशन के लिए पहचाने जाने वाले अनुराग इन दिनों एक्टिंग में भी एक्टिव हैं। इसी बीच अनुराग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए उन लोगों पर निशाना साधा जो उनका समय बर्बाद करते हैं। कश्यप ने कहा कि अब से वह किसी से भी मिलने के लिए पैसे चार्ज करेंगे।

अब नए लोगों से मिलकर वक्त बर्बाद नहीं करूंगा

अनुराग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'मैंने इंडस्ट्री में न्यूकमर्स की मदद करने की कोशिश में अपना बहुत वक्त बर्बाद किया, जिनमें से अधिकतर बेकार साबित हुए। इसलिए अब आगे से मैं अनजान लोगों से मुलाकात करने में अपना वक्त बिल्कुल बर्बाद नहीं करने वाला, जो खुद को क्रिएटिव जीनियस समझते हैं। अब से मैंने अपना रेट तय कर दिया है। अगर कोई मुझसे 10-15 मिनट मिलना चाहता है तो मैं उनसे 1 लाख रुपए चार्ज करूंगा।'

### सारे पैसे एडवांस में लूंगा

अनुराग ने आगे लिखा, 'आधे घंटे की मुलाकात के लिए मैं 2 लाख रुपए लूंगा और कोई मुझसे एक घंटा मिलना चाहता है तो उसके लिए उन्हें मुझे 5 लाख रुपए देने होंगे। ये मेरा चार्ज है। मैं लोगों से मीटिंग कर करके थक गया हूं। अगर आपको सचमुच लगता है कि आप ये अफोर्ड कर सकते तो मुझे कॉल करिए वर्ना भाड़ में जाइए। और सारे पैसे एडवांस में पे होंगे।'

### बेटी आलिया ने भी दिया रिप्लाय

इसके अलावा अनुराग ने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'मुझे मैसेज और कॉल ना करें। पे करें और आपको टाइम दे दिया जाएगा। मैं कोई चैरिटी नहीं हूं। मैं शॉर्टकट सर्च करने वाले लोगों से थक गया हूं।' अनुराग की बेटी आलिया कश्यप ने इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा, 'मैं अपने डीएम और मेल पर आपका ये मैसेज फॉरवर्ड करती हूं जो मुझे अक्सर स्क्रिप्ट भेजते हैं, यह कहकर कि मैं वो आपको बढ़ा दूं।' कमेंट बॉक्स में यूजर्स ने जमकर उड़ाया मजाक अनुराग की इस पोस्ट के कमेंट बॉक्स में यूजर्स ने जमकर उनकर मजाक उड़ाया। एक यूजर ने लिखा- होली के पहले भांग नहीं पीना चाहिए। वहीं एक यूजर ने लिखा- सर, क्या यह आपके कंगना फेज की शुरुआत है। कुछ यूजर्स ने तो यह तक कह दिया कि यह अनुराग पर संदीप रेड्डी वांगा से मिलने के बाद का असर है।



### वन टू वन' में एक्टिंग करते दिखेंगे

वर्कफ्रंट पर अनुराग नवाजुद्दीन सिद्दीकी स्टारर 'हड्डी' में विलेन के रोल में नजर आए थे। इसके अलावा विजय स्टारर 'लियो' में भी उनका छोटा सा रोल था। अनुराग की अगली फिल्म 'वन टू वन' है जिसमें वो एक्टिंग करते नजर आएंगे। वहीं बतौर डायरेक्टर कश्यप की आखिरी फिल्म 'कैनेडी' थी जो 2023 में रिलीज हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### गैरकानूनी रूप से बांग्लादेश पहुंचा तमिलनाडु पुलिस का सब-इंस्पेक्टर हिरासत में

**चेन्नई एजेंसी।** तमिलनाडु के पुलिस सब-इंस्पेक्टर जान सेल्वराज को बांग्लादेश के अधिकारियों ने गैरकानूनी रूप से प्रवेश करने के आरोप में हिरासत में ले लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 47 वर्षीय सेल्वराज तांबारम कमिशनरेट के अंतर्गत सेलैयुर थाने में तैनात है। कुछ दिन पहले उसने चिकित्सकीय अवकाश लिया था। पुलिस विभाग को उसकी यात्रा के बारे में कोई जानकारी नहीं है। अभी तक किसी एजेंसी से हिरासत में लिए जाने की आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सेल्वराज ने पुलिस सेवा छोड़ दी थी और 2009 से 2019 तक सिंगापुर में रहा। इसके बाद वापस लौटकर वह फिर से सेवा में आ गया। तांबारम कमिशनरेट के अधिकारियों ने कहा कि वह किसी आधिकारिक काम के लिए बांग्लादेश नहीं गया। उसके इस यात्रा के उद्देश्य की जांच की जा रही है।

### वीरप्पन की बेटी तमिलनाडु के कृष्णागिरि से लोकसभा चुनाव लड़ेंगी

**चेन्नई।** मारे गए चंदन तस्कर और डाकू वीरप्पन की बेटी विद्या रानी ने शनिवार को कहा कि वह तमिलनाडु के कृष्णागिरि निर्वाचन क्षेत्र से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने कुछ दिन पहले भाजपा से इस्तीफा दे दिया था। विद्या रानी ने एक बयान में कहा कि वह नाम तमिलर काची के टिकट पर चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि उनके पिता लोगों की सेवा करना चाहते थे, लेकिन उन्होंने इसके लिए जो तरीका चुना वह उचित नहीं था। उन्होंने कहा कि वह लोगों की सेवा करने के लिए राजनीति में आई हैं। विद्या रानी पेशे से वकील हैं। वह एक एक्टिविस्ट भी हैं और आदिवासियों और दलितों के हित के लिए काम करती रही हैं। कुख्यात डाकू वीरप्पन 2004 में तमिलनाडु पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स के साथ मुठभेड़ के दौरान मारा गया था।-

### अगर मेरी विरासत पर किसी का अधिकार है तो वो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का है- नितिन गडकरी

**नागपुर, एजेंसी।** क्या केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के बेटे भी राजनीति में आने वाले हैं? क्या गडकरी के बेटे लोकसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं? बीजेपी के सीनियर नेता ने शनिवार को खुद ही इसे लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगर उनके बेटे राजनीति में आना चाहते हैं तो पहले उन्हें जमीन पर जाकर काम करना होगा। गडकरी ने कहा, मुझे ये चिंता नहीं है कि मेरे लड़कों को रोजगार कैसे मिलेगा। मेरा कोई बेटा राजनीति में नहीं है। मैंने उनसे कहा कि तुम मेरे पुण्य का उगयोग करके राजनीति में मत जाओ। तुमको राजनीति में जाना है तो पोस्टर चिपकाओ और दीवारों पर रंग लगाओ। तुम सब लोगों के बीच जाओ। उन्होंने कहा कि अगर मेरी विरासत पर किसी का अधिकार है तो वो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का है। नितिन गडकरी को भाजपा ने आगामी आम चुनाव के लिए नागपुर संसदीय क्षेत्र से लगातार तीसरी बार उम्मीदवार बनाया है। नागपुर से भाजपा प्रत्याशी के तौर पर विभिन्न मुद्दों और अपनी योजनाओं के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मैं लोगों से मिलना जारी रखना चाहता हूं। मेरा मानना है कि सार्वजनिक जीवन में लोगों से मिलना और छोटे से छोटे संभव तरीके से भी उनकी मदद करना जरूरी है। मैं स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों में काम करना जारी रखना चाहता हूं और यथासंभव समाज की सेवा करना चाहता हूं। गडकरी ने कहा, मैंने रोजगार सृजन, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल संस्कृति के संदर्भ में अच्छे बुनियादी ढांचे के जरिए लोगों के जीवन स्तर में सुधार में मदद करने की कोशिश की। मैंने इन मोर्चों पर प्रयास किए हैं और भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। मैं ऐसा करता रहूंगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि अपने चुनाव अभियान के तहत वह हर घर, हर व्यक्ति और हर दिल तक पहुंचेंगे। गडकरी ने कहा, मैं पोस्टर, बैनर और प्रलोभन में विश्वास नहीं करता। मैं लोगों से मिलूंगा, उनसे बात करूंगा और उनका आशीर्वाद मांगूंगा। मैं लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए काम करना जारी रखना चाहता हूं।

# भारतीय नौसेना ने मुंबई पुलिस को सौंपे 35 सोमालियाई समुद्री लुटेरे, ऑपरेशन संकल्प के तहत की गई कार्रवाई

**मुंबई एजेंसी।**
सोमालिया तट के पास एक अभियान के दौरान पकड़े गए 35 समुद्री लुटेरों को लेकर युद्धपोत आईएनएस कोलकाता शनिवार सुबह मुंबई पहुंचा। नौसेना ने इन समुद्री लुटेरों को अब मुंबई पुलिस को सौंप दिया है और उसने इनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। यह कार्रवाई ऑपरेशन संकल्प के तहत की गई। इसके तहत भारतीय नौसेना के जहाजों को अरब सागर और अदन की खाड़ी में तैनात किया गया है ताकि क्षेत्र से गुजरने वाले नाविकों और मालवाहक पोतों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। आईएनएस कोलकाता पकड़े गए 35 सोमालियाई समुद्री लुटेरों को लेकर 23 मार्च को मुंबई पहुंचा। भारतीय कानूनों, खासकर समुद्री डकैती-रोधी अधिनियम, 2022 के अनुसार आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए इन समुद्री लुटेरों को स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया है उसने कहा कि विशिष्ट सूचना



के आधार पर 15 मार्च की सुबह शुरू हुए 40 घंटे से अधिक समय तक चले अभियान के दौरान आईएनएस कोलकाता ने अरब सागर में समुद्री लुटेरों के जहाज एक्स-एमवी रुएन को पकड़ा था। नौसेना ने कहा कि जहाज एक्स-एमवी रुएन का इस्तेमाल समुद्र क्षेत्र में लूटपाट करने और वाणिज्यिक पोतों को बंधक बनाने के लिए किया जा रहा था। इस जहाज को पिछले साल 14 दिसंबर को सोमालिया के तट से समुद्री डाकुओं ने अपने कब्जे में लिया था। भारतीय तट से लगभग 1,400 समुद्री मील (2,600 किलोमीटर) दूर करीब दो दिन तक लगातार चलाए गए आपरेशन के दौरान नौसेना ने न केवल पूर्व माल्टीज ध्वज वाले अपहृत व्यापारिक जहाज एमवी रुएन के चालक दल के 17 सदस्यों को सुरक्षित रिहा कराया था, बल्कि 35 सोमालियाई समुद्री लुटेरों को भी आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर कर दिया था। घटनाक्रम के अनुसार 15 मार्च की सुबह आईएनएस कोलकाता ने समुद्री लुटेरों के जहाज पर नजर रखनी शुरू की। आईएनएस कोलकाता को देखते ही जहाज ने रास्ता बदल लिया और सोमाली तट की ओर जाने लगा। आईएनएस कोलकाता ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत जब उक्त जहाज को रुकने का निर्देश दिया तो उन्होंने भारतीय नौसेना के युद्धपोत पर भी गोलीबारी की और भारतीय नौसेना के ड्रोन को भी मार गिराया था। इसके बाद आईएनएस कोलकाता ने एमवी रुएन जहाज के स्टीयरिंग सिस्टम और नेविगेशनल सहायता को अक्षम बना दिया, जिससे उन्हें जहाज बंद करना पड़ा।

## 12 साल में आप के 14 नेताओं को जाना पड़ा जेल, रेप-मारपीट से रिश्वतखोरी तक के केस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं का जेल और बेल से पुराना नाता है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन जैसे बड़े नेता भी आज शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में सलाखों के पीछे हैं। इनके अलावा, अब तक एक दर्जन से ज्यादा आप नेताओं पर अलग-अलग मामलों में कानूनी कार्रवाई हो चुकी है। इनमें से कुछ नेता फिलहाल बेल पर बाहर हैं।

**अरविंद केजरीवाल :** मुख्यमंत्री केजरीवाल पर कथित आबकारी नीति घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। 21 मार्च 2024 को ईडी ने गिरफ्तार किया था। फिलहाल रिमांड पर हैं।

**मनीष सिसोदिया :** आबकारी नीति मामले में 26 फरवरी 2013 को सीबीआई ने गिरफ्तार किया गया था। 9 मार्च को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें अपनी गिरफ्त में लिया था। वह न्यायिक हिरासत में जेल में हैं।

**सत्येंद्र जैन :** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में 31 मई 2022 को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था। तिहाड़ जेल में हैं।

**संजय सिंह :** आबकारी नीति मामले में राज्यसभा सांसद संजय सिंह को 5 अक्टूबर 2023 को गिरफ्तार किया गया। उसके बाद से वह जेल में हैं।

**अमानतुल्लाह खान :** आप विधायक पर वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की भर्ती में कथित अनियमितता का आरोप है। इन पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज है।

**अखिलेश पति त्रिपाठी :** राउज एवेन्यू कोर्ट ने आप विधायक को साल 2020 में एक लॉ स्टूडेंट को पीटने का दोषी करार दिया था। आप विधायक संजीव झा और अखिलेश पति त्रिपाठी को पुलिस पर हमले का दोषी पाया।



## आईएसआईएस में शामिल होने जा रहा आईआईटी छात्र धरा गया

**गुवाहाटी।** आतंकी संगठन आईएस में शामिल होने जा रहे आईआईटी गुवाहाटी के एक छात्र को हिरासत में लिया गया है। यह छात्र दिल्ली के ओखला का रहने वाला बताया गया है। इस छात्र को आईएस इंडिया के प्रमुख हारिश फारूकी उर्फ हारिश अजमल फारूखी और उसके सहयोगी अनुराग सिंह उर्फ रेहान की गिरफ्तारी के बाद धरा गया है।

पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया, आइएस के प्रति निष्ठा जताने वाले आइआइटी गुवाहाटी के छात्र को उस समय हिरासत में लिया गया, जब वह आतंकी संगठन में शामिल होने के लिए यात्रा कर रहा था। एसटीएफ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कल्याण कुमार पाठक ने कहा कि एक ईमेल प्राप्त होने के बाद हमने जांच शुरू की। यह ईमेल छात्र ने ही भेजा था। इसमें उसने दावा किया था कि वह आईएस में शामिल होने जा रहा है। पाठक ने कहा कि तुरंत आइआइटी गुवाहाटी के अधिकारियों से संपर्क किया गया। उन्होंने सूचित किया कि उक्त छात्र शनिवार दोपहर से लापता है और उसका मोबाइल फोन भी बंद है। उन्होंने बताया कि वह दिल्ली के ओखला का रहने वाला है। उसे स्थानीय लोगों की मदद से गुवाहाटी से लगभग 30 किलोमीटर दूर हाजो इलाके से पकड़ लिया गया। पाठक ने कहा कि प्रारंभिक पूछताछ के बाद उसे एसटीएफ कार्यालय लाया गया है। छात्रावास के उसके कमरे में आईएस के समान एक काला झंडा पाया गया है। इसे सत्यापन के लिए भेजा गया है। पाठक ने कहा कि हम जब्त किए गए सामान की जांच कर रहे हैं।

## शिक्षकों की अब नहीं रुकेगी वेतन और बढ़ोतरी

**लखनऊ, एजेंसी।** स्थापित नियमों के अधीन औपचारिक आदेश जारी न होने तक किसी भी शिक्षक अथवा शिक्षणेतर कर्मचारी का वेतन अथवा वेतन वृद्धि नहीं रोकी जाएगी। स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने इस विषय में सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किया है। विभिन्न विभागीय कार्यक्रमों में अपेक्षित परिणाम प्राप्त न होने अथवा विभागीय आदेशों की अवहेलना के कारण शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मियों के विरुद्ध बीएसए के स्तर पर कार्रवाई की जाती है। कार्रवाई के नाम पर अक्सर शिक्षकों का वेतन अवरुद्ध कर दिया जाता है। जबकि उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक नियमावली 1999 और उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी वर्ग नियमावली 1973 में वेतन अवरुद्ध करना किसी भी प्रकार के दंड के रूप में उल्लखित नहीं है।

वेतन या वेतन वृद्धि रोकना अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया से शासित होता है।

# चुनाव में मतदाताओं तक पहुंचने में हेलीकॉप्टर से हाथी तक का होगा इस्तेमाल, पोलिंग पार्टियों के लिए व्यापक बंदोबस्त

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
कहते हैं जहां चाह होती है वहां राह अपने आप निकल आती है। प्रत्येक मतदाताओं तक पहुंचने की चुनाव आयोग की कोशिश भी कुछ ऐसी ही होती है। जिसमें कोई भी दीवार आड़े नहीं आती है। सिर्फ एक ही लक्ष्य होता है कि दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले मतदाता तक भले ही उनकी संख्या कुछ भी हो, किसी भी तरह पहुंचा जाए। आयोग को हालांकि, अपने इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक चुनाव में भारी मशक्कत करनी पड़ती है।

चुनाव की घोषणा से पहले चुनाव आयोग ने सभी राज्यों के साथ चुनावी तैयारियों की समीक्षा के दौरान इन सभी मुद्दों को प्रमुखता से परखा था। साथ ही स्थानीय प्रशासन को इसे लेकर सख्त हिदायत भी दी है। अब जब चुनाव की घोषणा हो चुकी है, ऐसे में आयोग ने सभी राज्यों से चुनावी तैयारियां का अंतिम ब्लूप्रिंट मांगा है, जो अधिकांश राज्यों से आ गया है। इसके तहत



जिन राज्यों में मतदाताओं तक पोलिंग पार्टियों को पहुंचाने के लिए बड़े स्तर पर हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया जाएगा, उनमें छत्तीसगढ़ व झारखंड प्रमुख है।

छत्तीसगढ़ व झारखंड के दर्जनभर से अधिक जिलों के करीब दो सौ बूथों पर पोलिंग पार्टियों को हेलीकॉप्टर से भेजने की तैयारी है। इसके लिए वायु सेना, बीएसएफ आदि की मदद ली गई है। आवागमन के लिए हाथी सबसे सटीक माध्यम आयोग इसके साथ ही पश्चिम बंगाल, केरल,असम व पूर्वोत्तर के कई राज्यों में पोलिंग पार्टियों को बूथों तक पहुंचाने के लिए हाथियों की सेवाएं ली है। अकेले पश्चिम बंगाल में पांच जिले के करीब 170 बूथों पर पोलिंग पार्टियों को हाथियों के जरिए पहुंचाया जाएगा, क्योंकि वहां जंगल के रास्ते ही जाना है और आवागमन के लिए हाथी ही सबसे सटीक माध्यम है। इसके लिए वन विभाग को विशेष तैयारी के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही बिहार, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा सहित दर्जन भर राज्यों के कई जिलों में पोलिंग पार्टियों को पहुंचाने के लिए नाव का इंतजाम भी किया गया है। आयोग से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, इनमें से अधिकांश बूथों पर पहुंचने के लिए सुरक्षा कारणों से हेलीकाप्टर, हाथी व नावों का इस्तेमाल किया जाता है।

## प्रदेश अध्यक्ष का टिकट काट 6 बार के विधायक को मौका, कांग्रेस ने बस्तर में कवासी लखमा को उतारा

**बस्तर, एजेंसी।** कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की बस्तर लोकसभा सीट से अपने मौजूदा सांसद दीपक बैज को हटाकर विधायक और राज्य के पूर्व मंत्री कवासी लखमा को चुनाव मैदान में उतारा है। इसके साथ ही मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने राज्य की 11 लोकसभा सीट में से सात के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। नक्सल प्रभावित बस्तर (अनुसूचित जनजाति आरक्षित) संसदीय क्षेत्र में आम चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। इस सीट के लिए 27 मार्च तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे।

राज्य के बस्तर क्षेत्र में पार्टी के प्रभावशाली आदिवासी नेता लखमा छह बार से विधायक हैं। वह सुकमा जिले की कोंटा विधानसभा सीट पर 1998 से लगातार जीत रहे हैं। उन्होंने राज्य में पिछली भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में उद्योग और आबकारी मंत्री के रूप में कार्य किया था। पार्टी ने बैज को टिकट देने से इनकार कर दिया है। पार्टी ने पिछले विधानसभा चुनाव में बैज को चित्रकोट विधानसभा सीट से मैदान में उतारा था।

## आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई, कर्नाटक में अब तक 15.78 करोड़ रुपये की नकदी किए जब्त

**बेंगलुरु एजेंसी।**
चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक में पिछले 24 घंटों में 6.13 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गई। इस तरह से आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से राज्य में जब्त की गई कुल नकदी 15.78 करोड़ रुपये हो गई है। चुनाव आयोग के अनुसार, आचार संहिता लागू होने के बाद से 15.78 करोड़ रुपये नकद, 17.3 लाख रुपये मूल्य की वस्तुएं, 23.37 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की शराब, 66.34 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया गया है। नकदी, शराब, ड्रग्स, कीमती धातु और अन्य वस्तुओं की जब्ती के संबंध में 496 एफआइआर दर्ज की गई है, जबकि 72,627 हथियार जमा कराए गए हैं। 836 हथियार जब्त किए गए और आठ हथियारों के लाइसेंस रद कर दिए गए। यही नहीं, 329 विभिन्न प्रकार के वाहनों को भी जब्त किया गया है।

कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने एक बयान में कहा कि पुलिस ने बेंगलुरु ग्रामीण संसदीय क्षेत्र में 5.36 करोड़ रुपये जब्त किए हैं। इसने बेल्लारी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 30 लाख रुपये से अधिक मूल्य की 203 किलोग्राम चंदन की लकड़ी भी जब्त की गई। इस बीच, मैसूरु संसदीय क्षेत्र में लगभग 16 लाख रुपये नकद जब्त किए गए। बेल्लारी संसदीय क्षेत्र में 26 लाख रुपये नकद जब्त किए गए।

आइएएनएस के अनुसार, महाराष्ट्र में अब तक 27 करोड़ की नकदी जब्त की गई है। जबकि 17 लाख लीटर शराब, 699 किलोग्राम ड्रग्स जब्त की गई है। अकेले मुंबई महानगर से 3.60 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं।

## कांग्रेस के कई खाते, सिर्फ तीन-चार खाते अटैच हुए; फ्रीज नहीं: बीजेपी नेता संबित पात्रा ने आरोपों को लेकर साधा निशाना

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
भाजपा ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस के कई बैंक खाते हैं और बकाया कर का भुगतान नहीं करने की वजह से उनमें से केवल तीन-चार खातों को ही आयकर विभाग ने अटैच किया है। ये खाते फ्रीज नहीं है। लोकसभा चुनाव में अपनी निश्चित हार को देखते हुए कांग्रेसी नेता इस मुद्दे पर झूठी और गुमराह करने वाली बयानबाजी कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, ये बैंक खाते फ्रीज नहीं किए गए हैं, ये चालू हैं। कांग्रेस इन खातों में पैसा जमा कर सकती है और निकाल भी सकती है, सिवाय उन 125 करोड़ रुपये के, जिन्हें आयकर विभाग ने बकाया भुगतान न करने के कारण आयकर नियमों के अनुसार अटैच कर लिया है। मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कई बैंक खातों में लगभग 1,000 करोड़ रुपये हैं। अपनी पार्टी के संविधान का उल्लंघन करके कई पैन नंबरों के साथ ये खाते खोले गए हैं। भाजपा नेता ने दावा किया कि कांग्रेस के पास 500 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति भी है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि नियमानुसार 135 करोड़ रुपये का बकाया नहीं चुकाने पर आयकर विभाग ने कांग्रेस के तीन-चार बैंक खाते अटैच कर लिए हैं। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की उस दावे के लिए कड़ी



आलोचना की जिसमें उन्होंने कहा था कि खाते फ्रीज होने के बाद पार्टी के पास ट्रेन टिकट बुक करने के लिए भी धन नहीं है। लगाया कि एक तरफ राहुल कहते हैं कि उनके पास आने-जाने के लिए पैसे नहीं है जबकि वह आए रोज चार्टर्ड विमान से यात्रा करते नजर आते हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता से इस मुद्दे पर राजनीतिक के बजाय तकनीकी जवाब देने की मांग की। पात्रा ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने इस संबंध में प्रेस कान्फ्रेंस कर अपने दावों के समर्थन में गलत तर्क देकर एक तरह से लोगों की अदालत से अग्रिम जमानत ले ली। पात्रा ने कांग्रेस के इस आरोप की भी कड़ी आलोचना की कि उसकी वित्तीय स्थिति को कमजोर कर उसे चुनाव में समान अवसर से वंचित कर दिया गया है। पात्रा ने मुख्य कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पुलिस और डकैतों को खेल के लिए समान स्तर कैसे मिलेगा?

# लॉ स्टूडेंट ने नाले में कूदकर दी जान, सुसाइड नोट में बताई हनीट्रैप वाली बात

### मां-बाप का इकलौता बेटा था शिवांश

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
ग्रेटर नोएडा के सेक्टर सिग्मा-4 में रहने वाले हनीट्रैप गैंग के शिकार लॉ के छात्र ने बदनामी के डर से नाले में कूदकर जान दे दी। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। छात्र के घर में मिले सुसाइड नोट में उसने आपबीती बयां की है। हनीट्रैप गिरोह छात्र का अश्लील वीडियो बनाकर दो दिन से उसे ब्लैकमेल कर रहा था। इससे परेशान होकर उसने शनिवार को खुदकुशी कर ली। सिग्मा-4 में अनुज महिंद्रा परिवार के साथ रहते हैं। वह शेयर मार्केट में काम करते हैं। उनका 25 वर्षीय बेटा शिवांश महिंद्रा किसी निजी संस्थान से एलएलबी की पढ़ाई कर रहा था, साथ ही एक कंपनी में नौकरी भी करता था। शिवांश की मां मनीषा ने शनिवार की सुबह बीटा-2 कोतवाली पुलिस को सूचना दी कि उनका बेटा सुबह 4:30 बजे से घर से गायब है। वह घर में एक सुसाइड नोट छोड़ कर गया है। पुलिस ने





शिवांश की तलाश की तो उसका शव सेक्टर के पास एक नाले में पड़ा मिला। सुसाइड नोट में छात्र ने लिखा है कि दो दिन पहले अनजान नंबर से कॉल आई थी। कॉलर ने बातों में फंसाकर उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल किया जा रहा था। आरोपी सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी दे रहे थे।

हनीट्रैप गिरोह के चंगुल में फंसा छात्र : शिवांश एक पेज का सुसाइड नोट लिखने के बाद घर से निकला था। पुलिस के अनुसार, सुसाइड नोट में छात्र ने अपने साथ हुई घटना का जिक्र करते हुए लिखा कि वह अब और नहीं जी पाएगा। सेक्टर बीटा-2 कोतवाली पुलिस के मुताबिक, परिजनों ने बताया कि शिवांश तड़के 4:30 उठा था, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा। शिवांश की मां करीब 9:30 बजे पुलिस के पास पहुंची। दोपहर करीब 3:00 बजे शिवांश का शव घर के पास नाले में मिला। आशंका है कि नाले में कूदने से पहले उसने कुछ जहरीला पदार्थ खाया था। परिजनों ने बताया कि शिवांश अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी एक बहन है। परिवार को इस बात का मलाल भी है कि यदि शिवांश ने घटना की जानकारी दी होती तो वह उसे समझा लेते। डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मियां खां का कहना है कि युवक के साथ किस प्रकार का हनीट्रैप हुआ, इसकी जांच जारी है।

## रायपुर में तेजी से फैल रहा डायरिया, 60 मरीजों की पुष्टि, स्वास्थ्य विभाग ने लगाया कैंप

**रायपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में इन दिनों डायरिया का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। पहली बार यहां 21 मार्च को डायरिया का पहला केस मिला था। उसके बाद से लगातार डायरिया के मरीजों में इजाफा देखने को मिला है। वर्तमान में यहां डायरिया के पीड़ित 60 से भी अधिक हो चुके हैं। वहीं गंभीर रूप से बीमार होने वाले 16 मरीजों को अब तक अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका है। डायरिया को काबू में करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम इलाके में कैंप लगाकर लोगों का इलाज कर रही है। मेडिकल कैंप के जरिए दवाएं और उनके टेस्ट किया जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की माने तो असली वजह गंदा पानी है। जिसके कारण डायरिया के केस में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। वहीं नगर निगम की टीम ने बोर वॉटर की जांच के लिए पानी का सैंपल लैब भेज दिया है।

लाभांडी क्षेत्र में बीते 3 दिनों के भीतर डायरिया की शिकायतें सबसे ज्यादा मिला है। नगर निगम की ओर से लगातार वहां पर टैंकर के माध्यम से पानी की सुविधा पहुंचाई जा रही है। लगातार डायरिया फैलने के मामले और पानी की समस्या को लेकर नगर निगम अपर आयुक्त विनोद कुमार पांडे ने कहा कि यहां के लोगों को शक है कि बोर का पानी खराब होने के वजह से इलाके में डायरिया फैल रहा है। बोर वॉटर के सैंपल को लेकर निगम की टीम ने उसे लैब भेज दिया है। फिलहाल इलाके में नगर निगम का टैंकर वाटर की सप्लाई कर रहा है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper

## संक्षिप्त समाचार



# सैमसन ने 6 छक्के लगाकर तोड़ा रोहित शर्मा का रिकॉर्ड

### राजस्थान ने लखनऊ को 20 रन से हराया

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने आईपीएल 2024 के अपने पहले मुकाबले में केएल राहुल की टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ नाबाद 82 रन की पारी खेली और उनकी इस पारी के दम पर राजस्थान ने लखनऊ के खिलाफ 20 ओवर में 4 विकेट पर 193 रन बनाए।

इस मैच में राजस्थान के शुरुआती विकेट जल्दी गिर गए, लेकिन इसके बाद संजू ने ना सिर्फ पारी को संभाला बल्कि बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर टीम के स्कोर को बेहद मजबूत स्थिति में भी पहुंचाने का काम किया। संजू ने अपनी पारी के दौरान 6 बेहतरीन छक्के लगाए और रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

#### 6 छक्के लगाकर रोहित से आगे निकले संजू सैमसन

संजू सैमसन ने लखनऊ के खिलाफ मुकाबले में नाबाद 82 रन बनाए और उन्होंने ये रन 52 गेंदों का सामना करते हुए बनाया और इस दौरान उन्होंने 6 छक्के और 3 चौके लगाए।

इस पारी में 6 छक्के लगाने के बाद संजू सैमसन अब आईपीएल की एक पारी में 5 या उससे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए।

# पीसीए के नए मुल्लांपुर स्टेडियम का आगाज यादगार शुरुआत है- अमरजीत सिंह



**न्यू चंडीगढ़, एजेंसी।** पीसीए के नए मुल्लांपुर स्टेडियम का आगाज हो गया और बोर्ड सेक्रेटरी जय शाह इसकी शुरुआत करने के लिए पहुंचे। पीसीए प्रेसिडेंट अमरजीत सिंह ने उनका स्वागत किया और इस यादगार लम्हे में शामिल होने के शुक्रिया बोला। पीसीए सेक्रेटरी दिलशेर खन्ना समेत, अन्य अधिकारी भी इस मौके पर मौजूद रहे। आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल और बीसीसीआई वाइस प्रेसिडेंट राजीव शुक्ला भी इस मौके पर मौजूद रहे। अमरजीत सिंह ने कहा कि ये एक यादगार लम्हा है और हम बोर्ड के साथ पीसीए के हर उस साथी का शुक्रिया अदा करते हैं जिसने इस स्टेडियम को बनाने में अपना योगदान दिया है। इसकी शुरुआत हो गई है और अब स्टेडियम कई बड़े मुकाबलों की मेजबानी करेगा। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन ने हमेशा क्रिकेट को आगे ले जाने के लिए योगदान दिया है और हम आने वाले समय में भी क्रिकेट को आगे लेकर जाते रहेंगे।

# ऋषभ पंत ने एमएस धोनी को पीछे छोड़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पंजाब के खिलाफ ऋषभ पंत का बल्ला भी नहीं चल पाया था और उन्होंने 13 गेंदों पर 2 चौकों की मदद से 18 रन की पारी खेली थी। हालांकि पंत ने जिस परिस्थिति से जूझते हुए फिर से मैदान पर वापसी की वह काबिले तारीफ है।

ऋषभ पंत ने आईपीएल में अपना डेब्यू साल 2016 में किया था और अब उनके डेब्यू के बाद से इस लीग में सबसे ज्यादा स्टंप करने के मामले में वह धोनी से आगे निकल गए। साल 2016 यानी पंत की डेब्यू से अब तक धोनी ने इस लीग में कुल 18 खिलाड़ियों को स्टंप आउट किया है, लेकिन पंजाब के बल्लेबाज जितेश शर्मा को पंत ने कुलदीप यादव की गेंद पर जैसे ही स्टंप आउट किया वह धोनी से आगे निकल गए।

## IPL 2024

# रसेल सबसे कम गेंदों पर 200 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने

### तोड़ा क्रिस गेल का रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आंद्रे रसेल जिस तरह के खेल के लिए जाने जाते हैं उनकी वैसी ही पारी हैदराबाद के खिलाफ क्रिकेट फैंस को देखने को मिली। रसेल ने हैदराबाद के गेंदबाजों की बखिया उधेड़ते हुए अपनी पारी में 7 छक्के लगाए और नाबाद 64 रन की पारी सिर्फ 25 गेंदों पर खेली। रसेल ने इन 7 छक्कों की मदद से आईपीएल में अपने 200 छक्के भी पूरे कर लिए और वह इस लीग में सबसे कम गेंद खेलकर इतने छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले स्थान पर पहुंच गए औरह क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

इस मैच में केकेआर को हैदराबाद के खिलाफ 4 रन से जीत मिली और इस मैच में रसेल ने 2 विकेट भी लिए।

#### आंद्रे रसेल ने तोड़ा क्रिस गेल का रिकॉर्ड

आंद्रे रसेल ने आईपीएल में अपने 200 छक्के पूरे कर लिए और उन्होंने ये छक्के 1322 गेंदों खेलकर जड़े। रसेल अब इस लीग में सबसे कम गेंद खेलकर 200 छक्के पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले इस लीग में सबसे कम गेंद खेलकर 200 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज क्रिस गेल थे जिन्होंने यह कमाल 1811 गेंद खेलकर किया था, लेकिन अब वह लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए हैं। वहीं इस लिस्ट में किरोन पोलार्ड तीसरे नंबर पर हैं जिन्होंने 2055 गेंदों पर 200 छक्के पूरे किए थे। आईपीएल में सबसे कम गेंद खेलकर 200 छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज एमएस धोनी हैं जिन्होंने 3126 गेंद पर यह कमाल किया था।

#### एबी और कोहली की खास लिस्ट में शामिल हुए रसेल

आंद्रे रसेल आईपीएल में डेथ ओवर्स में 200 प्लस की स्ट्राइक रेट के साथ 1000 रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। रसेल से पहले इस लीग में ऐसा कमाल एबी डिविलिर्स और विराट कोहली ने किया था। रसेल ने इस लीग में डेथ ओवर्स में 200 प्लस की स्ट्राइक रेट के साथ 1013 रन बनाए हैं तो वहीं एबी ने 1412 रन जबकि कोहली ने 1045 रन बनाए हैं।

#### आईपीएल डेथ ओवरों में 200+ स्ट्राइक रेट से सर्वाधिक रन

1421 रन – एबी डिविलियर्स
1045 रन – विराट कोहली
1013 रन – आंद्रे रसेल
534 रन – ऋषभ पंत
414 रन – फाफ डु प्लेसिस
404 रन – क्रिस गेल

#### आईपीएल में सबसे कम गेंद खेलकर 200 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज

1322 – आंद्रे रसेल
1811 – क्रिस गेल
2055 – कीरोन पोलार्ड
2790 – एबी डिविलियर्स
3126 – एमएस धोनी
3798 – रोहित शर्मा
3879 – डेविड वॉर्नर



# कोलकाता नाइट राइडर्स के हीरो को लगी चपत, हर्षित राणा की कटी 60 प्रतिशत मैच फीस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स ने तेज गेंदबाज हर्षित राणा की शानदार गेंदबाजी के बदौलत शनिवार (24 मार्च) को कोलकाता के ईडन गार्डन में सनराइजर्स हैदराबाद को चार रन से हरा दिया। केकेआर के हीरो को आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का कुल 60 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

राणा ने मैच के अंतिम ओवर में 13 रनों का बचाव करते हुए केवल आठ रन दिए और दो विकेट लेकर अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाई। राणा ने आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.5 के तहत लेवल 1 की दो गलतियां कीं। उन पर दो संबंधित गलतियों के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत और 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। राणा ने अपनी गलती स्वीकार कर ली और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली। कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है।

#### मंयक को फ्लाइंग किस दिया

हर्षित ने 20वें ओवर में शानदार गेंदबाजी। वह मैच के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद बल्लेबाजों के साथ कई बार उलझे। उन्होंने मंयक अग्रवाल और अंतिम ओवर में हेनरिक क्लासेन को आउट करने के बाद ऐसे सेलिब्रेशन किया कि उनपर जुर्माना लगा। राणा को पावरप्ले में पिछले ओवर में एक छक्का और चौता लगा था। उन्होंने मंयक अग्रवाल को आउट करके उनकी अभिषेक शर्मा के साथ 60 रन की साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने मंयक को फ्लाइंग किस दिया। अग्रवाल ने भी पवेलियन जाते समय राणा को घूरकर देखा।

#### सुनील गावस्कर ने हर्षित राणा की आलोचना की

भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने इस तरह के सेलिब्रेशन के लिए हर्षित राणा की आलोचना की। उन्होंने कहा, उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था। जब वह उन्हें छक्के मार रहे था तो क्या बल्लेबाज ने उनके साथ ऐसा कुछ किया? इन हरकतों के बिना भी क्रिकेट खेला जा सकता है। मैं समझता हूं यह टेलीविजन का युग है। अपने साथियों के साथ जश्न मनाएं, लेकिन विपक्षी खिलाड़ी के सामने ऐसी हरकत करने की जरूरत नहीं है।

# MCA ने रणजी ट्रॉफी जीतने के बाद अपनी टीम को दिया खास गिफ्ट

### अब मुंबई के खिलाड़ियों पर होगी पैसों की बारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने शनिवार को घोषणा की है कि वह टीम के सीनियर खिलाड़ियों के लिए आगामी 2024-25 सत्र से घरेलू क्रिकेट में बीसीसीआई द्वारा दी जाने वाली मौजूदा मैच फीस के बराबर राशि बढ़ायेगा। एमसीए अध्यक्ष अमोल काले ने शनिवार को यह घोषणा की।

एमसीए ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य रणजी ट्रॉफी के अहमियत को बढ़ावा देना और एमसीए के अंतर्गत होने वाले लाल गेंद के क्रिकेट के विकास को बढ़ावा देना है। एमसीए अध्यक्ष काले ने बीसीसीआई की घरेलू फीस के बराबर करने का प्रस्ताव रखा जिसे राज्य इकाई की शीर्ष परिषद ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया।



काले ने कहा, 'एमसीए अगले सत्र से हर खिलाड़ी को रणजी ट्रॉफी मैच के लिए अतिरिक्त मैच फीस का भुगतान करेगा। हमें लगा कि खिलाड़ियों को अधिक कमाई करनी चाहिए, विशेषकर जो रणजी ट्रॉफी क्रिकेट खेलते हैं।'

उन्होंने कहा, 'हमारे लिए लाल गेंद का क्रिकेट बहुत मायने रखता है क्योंकि रणजी ट्रॉफी मुंबई में सभी के लिए एक विशेष स्थान रखती है।' यह घोषणा मुंबई द्वारा रिकॉर्ड 42वीं बार रणजी ट्रॉफी जीतने के एक हफ्ते के बाद की गयी है। मुंबई की जीत के बाद एमसीए ने भी बीसीसीआई द्वारा दी गयी पांच करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि के बराबर राशि दी थी।

#### मुंबई 169 रन से जीती थी फाइनल

मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम में मुंबई और विदर्भ के बीच रणजी ट्रॉफी 2024 का फाइनल मैच खेला गया था। इस मैच में मुंबई ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे। इसके जवाब में विदर्भ 105 रन बनाकर ऑल आउट हो गई थी। वहीं दूसरी इनिंग में मुंबई ने 418 रन ठोक डाले और विदर्भ को 538 रन का बड़ा टारगेट दिया। विदर्भ दूसरी पारी में 368 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और मुंबई 169 रन से फाइनल जीत गई।

## Swiss Open Badminton

# श्रीकांत सेमीफाइनल में पहुंचे, क्वार्टर फाइनल में ताइवान के ली को 21–10, 21–14 से हराया


**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीकांत ने इस टूर्नामेंट में अपने खेल में काफी सुधार किया है। नेट पर भी वह अपने प्रतिद्वंद्वियों को छकाने में पहले से ज्यादा सफल हो रहे हैं। इस टूर्नामेंट में लय में वापसी का फायदा उन्हें अगले महीने होने वाले थामस कप में फायदा मिल सकता है, जब भारतीय पुरुष टीम अपना खिताब बचाने उतरेगी। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने ताइवान के चिया हाओ ली को हराकर स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। वह 16 महीने में पहली बार किसी टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाने में सफल रहे हैं। इससे पहले वह नवंबर 2022 में हालो ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। इस सीजन में अपना आठवां टूर्नामेंट खेल रहे श्रीकांत ने ली को 35 मिनट में 21-10, 21-14 से पराजित किया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता गंटूर के 31 साल के श्रीकांत का मुकाबला अब ताइवान के ही दुनिया के 22वें नंबर के चुन यी से होगा। श्रीकांत ने इस टूर्नामेंट में अपने खेल में काफी सुधार



किया है। नेट पर भी वह अपने प्रतिद्वंद्वियों को छकाने में पहले से ज्यादा सफल हो रहे हैं। इस टूर्नामेंट में लय में वापसी का फायदा उन्हें अगले महीने होने वाले थामस कप में फायदा मिल सकता है, जब भारतीय पुरुष टीम अपना खिताब बचाने उतरेगी। भारत के अन्य खिलाड़ी किरण जॉर्ज को डेनमार्क के रासमस गेमके से अन्य क्वार्टर फाइनल में 23-21, 17-21, 15-21 से हार मिली। अन्य उदीयमान खिलाड़ी मध्यप्रदेश के प्रियांशु राजावत को को चोऊ टिन चेन से 43 मिनट में 15-21, 19-21 से हार मिली।

### मोहम्मद शमी का दावा

# शुभमन गिल को कप्तानी जल्दी मिल गई, लेकिन उनको...



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शुभमन गिल आज यानी रविवार 24 मार्च को इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल में कैप्टेंसी डेब्यू किया। वे गुजरात टाइटन्स टीम की कप्तानी करते हुए नजर आए उनके सामने हार्दिक पांड्या होंगे, जो पिछले साल तक जीटी के कप्तान थे, लेकिन इस बार मुंबई इंडियंस की कमान संभाले नजर आएंगे।

इस मैच से पहले गुजरात टाइटन्स के ही एक खिलाड़ी मोहम्मद शमी ने कहा है गिल को कप्तानी जल्दी मिल गई है। शमी ने गिल को कप्तान बनाए जाने पर कहा कि उनको कप्तानी जल्दी मिल गई, लेकिन इस खिलाड़ी के लिए महत्वपूर्ण बात ये है कि उनको कप्तानी के दवाब में नहीं आना चाहिए। हार्दिक पांड्या दो साल तक गुजरात की टीम के कप्तान थे, लेकिन एकाएक मुंबई इंडियंस में चले गए। ऐसे में युवा शुभमन गिल को जीटी ने कप्तानी सौंपी है। सर्जरी के बाद आईपीएल 2024 से बाहर हुए मोहम्मद शमी ने क्रिकबज पर कहा, जैसा कि आपने कहा (एंकर ने सुझाव दिया कि गिल को कप्तानी जल्दी मिल गई), कप्तानी की जिम्मेदारी जल्दी आ गई और उन्होंने इसकी उम्मीद नहीं की होगी; मुझे भी ऐसा लगता है, लेकिन आपको एक दिन जिम्मेदारी तो लेनी ही थी। आप पिछले सीजनों में टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

शमी ने आगे कहा, आपको कप्तानी पर बहुत अधिक भार नहीं लेना है, बस सामान्य रहें और धैर्य रखें। आप जितना शांत रहेंगे, उतना अच्छा रहेगा। अब जिम्मेदारी आपकी है; आप ना नहीं कह सकते। बस अपने कौशल पर ध्यान दें और आप अपनी टीम को कैसे संतुलित कर सकते हैं। शुभमन गिल पिछले सीजन में ऑरेंज कैप विनर थे।



# न्यूजीलैंड ने 3 रन से जीता तीसरा विमेंस टी-20

### हारकर भी सीरीज में 2-1 से आगे इंग्लैंड, चौथा मुकाबला 27 मार्च को

**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने विमेंस टी-20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में इंग्लैंड को 3 रन से हरा दिया। आखिरी ओवर में इंग्लैंड को 8 रन चाहिए थे, अनुभवी सूजी बेट्स ने यहां 4 ही रन दिए और 2 विकेट झटक लिए। 60 रन बनाने के बाद 2 विकेट लेने वाली सोफी डिवाइन प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। न्यूजीलैंड ने नेल्सन के स्टेडियम में पहले बैटिंग करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 155 रन बनाए। इंग्लैंड की टीम 8 विकेट खोकर भी 152 रन ही बना सकी। तीसरे टी-20 में जीत के बावजूद न्यूजीलैंड 5 मैचों की सीरीज में 1-2 से पीछे है। चौथा मैच 27 मार्च को खेला जाएगा।

**न्यूजीलैंड को मिली अच्छी शुरुआत**

नेल्सन में होम टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। सूजी बेट्स ने संभलकर शुरुआत की, उनके साथ बर्नाडीन बेजीनहॉट ने तेजी से रन बनाए। दोनों ने पावरप्ले में कोई विकेट नहीं गिरने दिया फिर 7वें ओवर में बेट्स 14 रन बनाकर आउट हो गईं। उनके बाद बर्नाडीन भी 27 बॉल में 34 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं।

**डिवाइन की फिफ्टी, अमीलिया केर के साथ जोड़े 99 रन**

55 रन पर 2 विकेट गिरने के बाद कप्तान सोफी डिवाइन ने अमीलिया केर के साथ न्यूजीलैंड की पारी आगे बढ़ाई। दोनों ने फिफ्टी पार्टनरशिप की और टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचा दिया। डिवाइन आखिरी ओवर में 60 रन बनाकर आउट हुईं और दोनों के बीच 99 रन की पार्टनरशिप टूटी। केर 44 रन बनाकर नॉटआउट रहीं, उनके साथ मैडी ग्रीन भी नॉटआउट रहीं, जिन्होंने एक रन बनाया। टीम ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 155 रन बनाए। इंग्लैंड से डैनिले गिबसन ने 2 विकेट लिए, वहीं एक सफलता साराह ग्लेन का मिली।

